RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 348
नई दिल्ली, शुक्रवार, 27 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

एक-दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करें एससीओ देश

विदेश-10

www.dailypioneer.com

कतर ने सुनाई आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों को मौत की सजा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- जासूसी का आरोप, भारत ने फैसले को गहरा झटका करार दिया, कहा- सभी कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं
- पिछले साल अगस्त की कतर की जेल में हैं बंद, इनमें से एक सेवानिवृत्त कमांडर पूर्णेंदु तिवारी को प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित किया गया था

प्रतीकात्मक फोटो

कतर की एक स्थानीय अदालत ने कथित तौर पर जासूसी के आरोप में आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को मौत की सजा सुनाई है। भारत ने बृहस्पपितवार को कहा कि यह 'गहरा झटका' है और वह मामले में सभी कानूनी विकल्प तलाश रहा है। आठ कर्मी पिछले साल अगस्त से कतर जेल में थे और उनके खिलाफ आरोपों को कथित तौर पर वहां के अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक नहीं किया गया था।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बृहस्पतिवार को यहां एक बयान में कहा, 'हमारे पास प्रारंभिक जानकारी है कि कतर की प्रथम दृष्टया अदालत ने आज अल दहरा कंपनी के 8 भारतीय कर्मचारियों से जुड़े मामले में फैसला सुनाया है। उन्होंने कहा कि मौत की सजा के फैसले से हम गहरे सदमे में हैं और विस्तृत फैसले का इंतजार कर रहे हैं। हम परिवार के सदस्यों और कानूनी टीम के संपर्क में हैं, और सभी कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं। एमईए ने कहा कि हम इस मामले को बहुत महत्व देते हैं और इस पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं। हम सभी काउंसलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। हम फैसले को कतरी अधिकारियों के समक्ष भी उठाएंगे। इस मामले की कार्यवाही की गोपनीय प्रकृति के कारण, इस समय कोई और टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। इन लोगों प्रतिष्ठित अधिकारी भी शामिल हैं, जिन्होंने कभी प्रमुख भारतीय युद्धपोतों की कमान संभाली थी। ये डहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज के लिए काम कर रहे थे, जो एक निजी फर्म है जो कतर के सशस्त्र बलों को प्रशिक्षण और संबंधित सेवाएं प्रदान करती थी।

सूत्रों ने कहा कि उनमें से कुछ अत्यधिक संवेदनशील परियोजना पर काम कर रहे थे जिसमें इतालवी प्रौद्योगिकी-आधारित स्टील्थ विशेषताओं से लैसे छोटी पनडुब्बियां शामिल थीं। कंपनी का स्वामित्व एक ओमानी नागरिक के पास था, जो रॉयल ओमानी वायु सेना का एक सेवानिवृत्त स्क्वाड्रन लीडर था। उसे भी आठ भारतीयों के साथ गिरफ्तार किया गया था, लेकिन ऐसा पता चला है कि उसे नवंबर में रिहा कर दिया गया था। उनकी जमानत याचिकाएं कई बार खारिज की गईं और और कतरी अधिकारियों ने उनकी हिरासत बढ़ा दी। बृहस्पतिवार को कतर की प्रथम दृष्टया अदालत ने एक फैसला सुनाया। कतर में भारत के राजदूत ने काउंसलर पहुंच मिलने के बाद 1 अक्टूबर को जेल में बंद लोगों से मुलाकात की। यह पता चला कि मामले में सातवीं सुनवाई 3 अक्टूबर को हुई थी और मार्च में मुकदमा शुरु हुआ था। हिरासत में लिए गए भारतीयों में शामिल कमांडर (सेवानिवृत्त) पूर्णेंदु तिवारी ने अल दहरा के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया था। नौसेना में सेवा करते हुए उन्होंने कई युद्धपोतों की कमान संभाली थी। सजा पाने वालों में कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कमांडर अमित नागपाल, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, कमांडर सुगुनाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता और नाविक रागेश शामिल हैं। उन्हें दोहा में हिरासत में लिया गया। यह भी पता चला है कि एक भारतीय पत्रकार और उसकी पत्नी को हाल ही में कतरी अधिकारियों ने मामले की रिपोर्टिंग के लिए देश छोड़ने के लिए कहा था। मार्च के अंत में भारतीय नागरिकों का पहला ट्रायल हुआ था।

इनमें से एक अधिकारी की बहन मीतू भार्गव ने अपने भाई को वापस लाने के लिए भारत सरकार से मदद मांगी थी। आठ जून को एक्स पर एक पोस्ट में भार्गव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप करने की अपील की थी। उन्होंने एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्रालय को टैग करते हुए पोस्ट किया कि 'ये पूर्व नौसेना अधिकारी देश के गौरव हैं और मैं फिर से हमारे माननीय प्रधानमंत्री से हाथ जोड़कर अनुरोध करती हूं कि अब समय आ गया है कि इन सभी को बिना किसी देरी के तुरंत भारत (शेष पेज 9)

इजराइल ने गाजा में कुछ देर तक किया जमीनी हमला

- नेतन्याहू बोले, इजराइल अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है

एजेंसी। रफह (गाजा पट्टी)

गाजा पट्टी के रफाह में इजराइली युद्ध विमानों की बमबारी के बाद उठता धुआं।

इजराइली सैनिकों और टैंकों ने बृहस्पतिवार को उत्तरी गाजा में कुछ देर तक जमीनी हमला किया। सेना ने बताया कि दो सप्ताह से अधिक समय के हवाई हमलों के बाद संभावित जमीनी आक्रमण के मद्देनजर युद्धक्षेत्र तैयार करने के लिए कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया।

यह हमला ऐसे वक्त किया गया जब संयुक्त राष्ट्र ने आगाह किया है कि गाजा पट्टी में ईंधन खत्म होने के कगार पर है जिससे उसे क्षेत्र में राहत प्रयास रोकने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस महीने की शुरुआत में दक्षिणी इजराइल में हमास के हमले के बाद गाजा में भीषण घेराबंदी की गई है जहां भोजन, पानी तथा दवाएं खत्म हो रही हैं। दशकों से चले आ रहे इजराइल-फलस्तीन संघर्ष में गाजा में मरने वालों की बढ़ती संख्या अभूतपूर्व है। हमास शासित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि संघर्ष में 7,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं, हालांकि इस आंकड़े का स्वतंत्र रूप से सत्यापन नहीं किया जा सका है। यदि इजराइल हमास को खत्म करने के उद्देश्य से जमीनी आक्रमण शुरू करता है, तो इससे भी अधिक जानमाल का नुकसान हो सकता है। गाजा पर 2007 से हमास का शासन है और चार बार इजराइल से इसका युद्ध हो चुका है।

दक्षिणी शहर खान यूनिस में इजराइली हवाई हमलों में आठ से अधिक घर नष्ट हो गए, जिसमें कम से कम 15 लोग मारे गए। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, साल 2014 के युद्ध से तुलना करें तो छह दिन तक चली उस जंग में 2,251 फलस्तीनी मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर आम लोग थे। बुधवार को गाजा में इजराइली हमले में अल-जजीरा चैनल के वरिष्ठ संवाददाता वईल दहदूह की पत्नी, बेटे, बेटी और पोते की मौत हो गई। कतर के टीवी चैनल अल-जजीरा ने एक वीडियो प्रसारित किया जिसमें दहदूह अस्पताल में अपने मृत बेटे को देखते नजर आते हैं। बृहस्पतिवार को उन्होंने और अन्य शोकाकुल व्यक्तियों ने अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने केवल हमास के ठिकानों पर हमला किया है।

इसने हमास पर घनी आबादी वाले गाजा में नागरिकों के बीच रहकर अभियान चलाने का आरोप लगाया। सेना ने बताया कि रातभर किए गए हमलों के दौरान सैनिकों ने हमास के लड़ाकों, ठिकानों और टैंक विध्वंसक मिसाइल स्थलों पर हमले किए। अभी किसी भी पक्ष ने हताहतों की जानकारी नहीं दी है। सेवानिवृत्त जनरल और (शेष पेज 9)

ईडी ने राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा के परिसरों पर छापे मारे

भाषा। जयपुर

- अशोक गहलोत के बेटे को भेजा समन

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चुनावी प्रदेश राजस्थान में कथित परीक्षा पत्र लीक मामले की धन शोधन जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार को कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जयपुर और सीकर स्थित परिसरों पर छापे मारे तथा विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे को तलब किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पूर्व स्कूली शिक्षा मंत्री डोटासरा (59) के परिसरों के अलावा दौसा में महवा सीट से पार्टी के उम्मीदवार ओमप्रकाश हुड़ला तथा कुछ अन्य के परिसरों की भी तलाशी ली जा रही है। धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत यह तलाशी ली जा रही है। ईडी के दलों के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक सशस्त्र दल भी है। कांग्रेस ने राजस्थान में अपने नेताओं के खिलाफ ईडी की कार्वाई को लेकर केंद्र की आलोचना की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर चुनाव लड़ने में जांच एजेंसियों की मदद लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को करारा जवाब देंगे।

मुख्यमंत्री गहलोत ने ईडी की कार्वाई की आलोचना करते हुए कहा कि देश में आतंक फैलाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ईडी के छापों के जरिए उन्हें निशाना बना रही है क्योंकि वे उनकी सरकार को सत्ता से नहीं हटा सकते। राजस्थान में 200 सदस्ईय विधानसभा के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा। नतीजों की घोषणा तीन नवंबर को की जाएगी। डोटासरा सीकर में लछमनगढ़ सीट से भाजपा के उम्मीदवार सुभाष महरिया के खिलाफ कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। वह इस सीट से मौजूदा विधायक भी हैं जबकि हुड़ला निर्दलीय विधायक हैं तथा कांग्रेस ने इस बार उन्हें महवा विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। धन शोधन का यह मामला आरोपियों के खिलाफ राजस्थान पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकियों पर आधारित है।

ईडी ने कहा था कि आरोपियों ने एक-दूसरे की मिलीभगत से वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड 2 प्रतिस्पर्धी परीक्षा 2022 के सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्र को लीक किया, जो परीक्षा आरपीएससी द्वारा 21 दिसंबर 2022, 22 दिसंबर 2022 और 24 दिसंबर 2022 को होनी थी। आरोपियों ने यह प्रश्न पत्र परीक्षा दे रहे उम्मीदवारों को उपलब्ध कराया तथा प्रति उम्मीदवार आठ से 10 लाख रुपए लिए थे। ईडी ने इस मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा और अनिल कुमार मीणा तथा भूपेंद्र सरन नामक दो व्यक्तियों (शेष पेज 9)

घुसपैठ की कोशिश नाकाम, पांच आतंकवादी ढेर

भाषा। श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना के जवानों ने बृहस्पतिवार को घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम करते हुए पांच अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। दूसरी ओर पाकिस्तान रेंजर्स ने बृहस्पतिवार की रात जम्मू के अरनिया सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित भारतीय चौकियों पर बिना उकसावे के गोलीबारी की। भारतीय जवान इसका मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं।समाचार लिखे जाने तक गोलाबारी चल रही थी। वहीं श्रीनगर में अधिकारियों ने बताया कि माछिल सेक्टर में मुठभेड़ स्थल से एके शृंखला की पांच राइफल समेत बड़ी संख्या में हथियार और गोला बारूद तथा अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। इस त्वरित एवं समन्वित अभियान में पांच आतंकवादियों को मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि संयुक्त दल ने 25-26 अक्टूबर की दरमियानी रात में नियंत्रण रेखा (शेष पेज 9)

धार्मिक स्थलों के संरक्षण से मिलती है नई ऊर्जा: योगी

- उप्र के मुख्यमंत्री ने कहाकि उत्साह और उमंग की परंपरा के वाहक हैं भारत के त्योहार

पायनियर समाचार सेवा। बागपत

बागपत के नांगल गांव में श्री गुरु गोरक्षनाथ आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर पहुंचे उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के त्योहार उत्साह तथा उमंग की परंपरा के वाहक हैं। उन्होंने कहा कि ये पर्व देश की ऋषि परंपरा की साधना और सिद्धि का परिणाम हैं। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक स्थलों के संरक्षण से नई ऊर्जा मिलती है।

मुख्यमंत्री ने बागपत के नांगल गांव स्थित श्री गुरु गोरक्षनाथ आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के शुभारंभ के अवसर पर कहा, भारत के त्योहार उत्साह तथा उमंग की परंपरा के वाहक हैं। इनमें शोक और दु:ख के लिए कोई जगह नहीं है। हमने सदैव सकारात्मक सोच के साथ भारत की परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। ये पर्व और त्योहार भारत की ऋषि परंपरा की साधना और सिद्धि का परिणाम हैं।

अच्छा सोचो, अच्छा करो तो परिणाम अच्छा ही आएगा। उन्होंने कहा कि बागपत की धरती का महाभारत कालीन महत्व है। श्रीकृष्ण ने दुर्योधन से जो पांच गांव मांगे थे, उनमें बागपत की धरती भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के शुभारंभ पर कहा कि ये महापुराण असल में ज्ञान यज्ञ है। उन्होंने कहा कि ये मोक्ष और मुक्ति से जुड़े हुए हैं। अलग-अलग व्यक्ति के लिए मुक्ति का अर्थ अलग-अलग हो सकता है। संन्यासी के लिए (शेष पेज 9)

विश्व कप क्रिकेट

- परिणाम: श्रीलंका ने इग्लैंड को आठ विकेट से हराया
- आज: दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान

क्विक न्यूज

कर्नाटक में सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत

चिक्कबाल्लापुर। कर्नाटक के चिक्कबाल्लापुर मे बृहस्पतिवार को सुबह एक एसयूवी ने सड़क पर खड़े एक टैंकर को टक्कर मार दी जिससे कार मे सवार 13 लोगो की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह क़रीब सात बजे चिक्कबाल्लापुर शहर के जिला मुख्यालय के बाहरी इलाके मे हुई। एसयूवी आंध्र प्रदेश मे अनंतपुर से बेंगलुरु जा रही थी तभी चालक ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर खड़े एक टैंकर मे टक्कर मारी दी जिससे चार महिलाओ समेत 13 यात्रियो की मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दुर्घटना मे मारे गए लोग अनंतपुर जिले के रहने वाले थे।

'भारत-पश्चिम एशिया कॉरिडोर इजराइल-हमास जंग की वजह'

एजेंसी। वाशिंगटन

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- चीन की बेल्ट एंड रोड पहल से मुकाबले के लिए अमेरिका जी7 देशों के साथ कर रहा काम
- नई दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मलेन के दौरान भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे के निर्माण की घोषणा की गई थी, इसके जरिये पूरे क्षेत्र को रेलमार्ग के नेटवर्क से जोड़ा जाएगा

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि उनका देश यूरोप के साथ सऊदी अरब को जोड़ने वाली रेलसड़क परियोजना सहित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के नेटवर्क के जरिए चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) से मुकाबले के लिए जी7 सदस्य देशों के साथ काम कर रहा है। बाइडन ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि हमास द्वारा इजराइल पर आतंकवादी हमला करने का एक कारण हाल में नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान महत्वाकांक्षी भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे पर की गई हालिया घोषणा थी, जो पूरे क्षेत्र को रेलमार्ग के नेटवर्क से जोड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि मैं इस बात से आश्वस्त हूं कि हमास के हमले के कारणों में से एक यह भी था। मेरे पास इसका कोई सबूत नहीं है, लेकिन मेरी अंतरात्मा मुझसे यही कहती है कि इजराइल के लिए क्षेत्रीय एकीकरण और समग्र रूप से क्षेत्रीय एकीकरण की दिशा में हमारे काम के कारण हमास ने यह हमला किया। हम उस काम को नहीं छोड़ सकते। एक हफ्ते से भी कम समय में यह दूसरी बार है जब बाइडन ने हमास द्वारा आतंकवादी हमले के संभावित कारण के रूप में भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) का उल्लेख किया है।

सितंबर में जी20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बाइडन के नेतृत्व में दुनिया के अहम नेताओं ने महत्वाकांक्षी भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे की शुरुआत की घोषणा की थी। बाइडन ने अमेरिका की यात्रा पर पहुंचे ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ रोज गार्डन में संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम उससे (बेल्ट एंड रोड पहल से) मुकाबला करने जा रहे हैं और हम इसे एक अलग तरीके से कर रहे हैं। बेल्ट एंड रोड पहल कर्ज में डूब गई है और जिन्होंने इस पर हस्ताक्षर किए हैं यह उन अधिकांश लोगों (राष्ट्रों) के लिए गले का फंदा बन गई है। उन्होंने कहा कि वे उन देशों के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के लिए जी7 भागीदारों के साथ काम कर रहे हैं। ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) में ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और अमेरिका शामिल हैं।

बाइडन ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम चाहते हैं कि उदाहरण के लिए जी20 में हम रियाद से पश्चिम एशिया, सऊदी अरब, इजराइल, यूनान तक एक रेलमार्ग बनाने के प्रस्ताव पर कार्य करने में सक्षम हों। हम न सिर्फ रेलमार्ग बल्कि यूरोप तक भूमध्य सागर के पार पाइपलाइन बिछाने में भी सक्षम हों। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि चीन के साथ अत्यधिक प्रतिस्पर्धा की उनकी पिछली टिप्पणी संघर्ष के मायने में नहीं थी। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मैंने इस बारे (शेष पेज 9)

पैसे लेकर सवाल पूछने का मामला

दुबे, देहाद्रई का समिति के समक्ष बयान, महुआ मोइत्रा 31 को तलब

- समिति तृणमूल सांसद के खिलाफ आरोपों की जांच में गृह और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों से सहायता मांगेगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस की सदस्य महुआ मोइत्रा के खिलाफ पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों के संबंध में वकील जय अनंत देहाद्रई और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने बृहस्पतिवार को लोकसभा की आचार समिति के समक्ष पेश होकर अपने बयान दर्ज करवाए।

भारतीय जनता पार्टी के सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति ने इस मामले में आरोपों से घिरी महुआ मोइत्रा को 31 अक्टूबर को पेश होने के लिए कहा है। समिति की बैठक के बाद बृहस्पतिवार को इसके प्रमुख सोनकर ने यह कहा कि समिति तृणमूल सांसद के खिलाफ आरोपों की जांच में गृह और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों से सहायता मांगेगी। सोनकर ने यह भी बताया कि मोइत्रा को 31 अक्टूबर को समिति के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। समिति ने बृहस्पतिवार को वकील जय अनंत देहाद्रई और भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे के बयान दर्ज किए। दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मोइत्रा के खिलाफ शिकायत की थी जिसमें देहाद्रई द्वारा साझा किए गए दस्तावेजों का उल्लेख किया है। बिरला ने मामले को भाजपा के सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली आचार समिति को भेज दिया था।

देहाद्रई आचार समिति के सामने अपना बयान दर्ज कराने वाले पहले व्यक्ति थे, जबकि दुबे दोपहर के समय समिति के सामने पेश हुए। सूत्रों ने कहा कि समिति के समक्ष अपने बयान में दुबे ने मोइत्रा अयोग्य ठहराने की पैरवी करते हुए कहा कि यह मामला संसद की गरिमा से जुड़ा है और राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि यह एक स्पष्ट मामला है और यहां तक कि व्यवसाई दर्शन हीरानंदानी ने भी कथित तौर पर मोइत्रा को रिश्वत (शेष पेज 9)

भनेड़ा में बुखार का प्रकोप जारी, रोजाना आ रहे 50 मामले

ग्रामीणों में दहशत, घर से बाहर नहीं निकल रहे लोग, सीएमओ डॉ. भवतेष शंखधर गांव का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मोदीनगर के भनेड़ा में महामारी जैसा रूप ले चुके बुखार का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। यहां रोजाना बुखार के 50 केस नए आ रहे है। ग्रामीण अब अपना इलाज निजी चिकित्सकों से करा रहे है। उनका कहना है कि सरकारी चिकित्सकों द्वारा कराई जा रही रिपोर्ट में डेंगू व टाइफाइड की पुष्टि नहीं होगी तो फिर इलाज किस मर्ज का किया जाएगा। भनेड़ा में बुखार के मरीज कम होने का नाम नहीं ले रहे है।

पहले से ही तीन सौ से अधिक मरीजों का इलाज किया जा रहा है। वहीं अब भी रोजाना 50 केस बुखार के नये सामने आ रहे है। बुखार के नए केस सामने आने के कारण स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सतर्क हो गए है। गांव में बुखार के नये केस सामने आए। दोपहर एक बजे सीएमओ डॉ. भवतेष शंखधर अपनी टीम के साथ गांव का निरीक्षण कर रहे थे। उनके साथ चिकित्सकों के अलावा खंड विकास अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। सीएमओ व अन्य विभागों के अधिकारी घर-घर जाकर स्थिति का जायजा ले रहे थे। वह घर-घर जाकर बुखार के मरीज से बात कर रहे थे। बुखार से ग्रामीणों में दहशत का आलम यह है कि कोई भी अपने अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे है। गांव की गलियां सुनी पड़ी हुई है। इतना ही नहीं ग्रामीण अपने बच्चों को स्कूल में भी नहीं भेज रहे है।

अधिकांश ग्रामीणों ने अपने अपने बच्चे रिश्तेदारी में भेज दिए है। भनेड़ा में महामारी जैसा रूप ले चुके बुखार से हाहाकार मचा हुआ है। इस समय गांव में सवा तीन सौ से अधिक लोग बुखार से पीड़ित है।

इतना ही नहीं 50 केस बुखार के नये सामने आ रहे है। अब ग्रामीणों अपना इलाज कराने के लिए मोदी नगर व मुरादनगर के निजी चिकित्सकों के पास जा रहे है।

ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग तो गांव में डेंगू होने से ही इनकार कर रहा है। जब सरकारी रिपोर्ट में डेंगू नहीं तो फिर इलाज किस मर्ज का किया जा रहा है। उनका कहना है कि निजी चिकित्सक के पास सही इलाज तो मिल जाएगा। सीएमओ डेंगू व बुखार से एक भी मौत होने से इनकार कर रहे है। जबकि गांव में डेंगू के सैकड़ों मरीज है। बुखार का हॉट स्पॉट बन चुके गांव भनेड़ा में सीएमओ गाजियाबाद डॉ भवतेश शंखधर ने डेरा डाल दिया है।

बुधवार को गांव में उनकी देखरेख में खंड विकास कार्यालय के सहयोग से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। दो दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारियों ने नाली साफ की और जिस स्थान पर पानी भरा हुआ था, उसे भी साफ कर दिया। हर गली, मौहल्ले व घर की सफाई की गई। एंटी लार्वा का छिड़कांव हर घर में किया गया। इसके अलावा सुबह, दोपहर व शाम के समय पूरे गांव में एक साथ फागिंग भी कराई जा रही है।

गांव पहुंचकर हालात की जानकारी लेते चिकित्साधिकारी।

तालाब के ठेकेदार को दिया गया नोटिस

तालाब में मछली व पानी दुषित होने से संक्रमण फैलने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीण तालाब की साफसफाई कराने की मांग कर रहे है। खंड विकास कार्यालय द्वारा तालाब का पट्टा जिस ठेकेदार के पास है। उसे नोटिस जारी किया गया। नोटिस में कहा गया है कि जल्द जल्द से जल्द तालाब की साफसफाई कराकर दवाई का छिड़काव करें। सीएमओ डॉ भवतेश शंखधर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की पांच टीमों का गठन किया गया है। टीम घर घर जाकर बीमार लोगों की हालचाल जाएंगी और साफसफाई का विशेष ध्यान देने को कहेंगी। गांव में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अब स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। खंड विकास अधिकारी मुरादनगर सुधीर कुमार ने बताया कि गांव भनेड़ा में ग्रामीणों को प्राथमिकता के आधार पर इलाज कराया जा रहा है। ग्रामीणों को साफ-सफाई रखने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। 15 से अधिक सफाई कर्मचारी लगाए गए है। तालाब के ठेकेदार को नोटिस जारी कर दिया गया है।

गाजियाबाद में 68 पुलिस निरीक्षकों के तबादले

● जल्द कुछ बड़े अधिकारी भी होंगे इधर-उधर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

समयावधी पूरी होने के आधार पर शासन के द्वारा गाजियाबाद कमिश्नरेट में तैनात कई थाना प्रभारी निरीक्षकों समेत दो दर्जन से अधिक निरीक्षकों का ट्रांसफर र गैर जनपद/कमिश्नरेट रेंज व जोन कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घंटाघर कोतवाली के कोतवाल महेश सिंह राणा, एसएचओ मोदीनगर पुष्पराज सिंह व भोजुपर थाने के एसएचओ पंकज शर्मा का तबादला गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट किया गया है।

इसके अलावा पुनीत कुमार, हरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, अमित कुमार, तनवीर आलम, सत्यवीर सिंह, मुनेंद्र सिंह, अमित कुमार, कृष्ण गोपाल शर्मा, गिरीशचंद्र जोशी, उमेशचंद्र नैथानी, रणजीत कुमार सिंह, राजीव सिंह, देवेंद्र सिंह, हेमेंद्र कुमार, उपेंद्र सिंह, लोकेंद्र कुमार शर्मा व महिला निरीक्षक किरनराज का स्थानांतरण भी गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट के लिये किया गया है। इसके अलावा निरीक्षक देवपाल सिंह, प्रभात कुमार दीक्षित, इशरार अहमद व अर्जुन सिंह का तबादला आगरा कमिश्नरेट के लिये किया गया है। इसके अलावा शैलेंद्र प्रताप सिंह का ट्रांसफर कानपुर कमिश्नरेट हेतू हुआ है। वहीं गौतमबुद्धनगर से से भी 41 निरीक्षकों का तबादला गैर जनपदों के लिये किया गया। इनमें से एक दर्जन से अधिक निरीक्षकों को गाजियाबाद कमिश्नरेट भेजा गया है। जो निरीक्षक गाजियाबाद आने वाले है उनके नाम रवेंद्र गौतम, पवन कुमार, अशोक कुमार, अनिल कुमार, अरूण कुमार, दिनेंश कुमार सिंह, जयवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, सुनिल कुमार सेंगर, राजवीर सिंह, कमल किशोर, प्रवीन सिंह और महिला निरीक्षक पुष्पा कुमारी आदि हैं। वहीं दूसरी ओर आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में तैनात पांच थाना प्रभारी समेत 41 निरीक्षको का तबादला दूसरे कमिश्नरेट या जोन में कर दिया गया है। इनमें प्रमुख रूप से थाना सेक्टर.58 के प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह, थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अमित मान, थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार राजपूत, कासाना के थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला, बादलपुर के थाना प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह आदि शामिल है। इन निरीक्षको का तबादला आगरा, लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ, वाराणसी, कानपुर और पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में कर दिया गया है।

पुलिस विभाग में चर्चा है कि जल्द ही कुछ पुलिस के बड़े अधिकारियों और अन्य निरीक्षकों का तबादला भी इधर से उधर होगा। बताया जाता है कि कमिश्नरेट के 6-7 कोतवालों को छोड़कर जनपद में तैनात तककरीबन सभी का तबादला गैर जनपद होगा।

पुलिस मुठभेड़ के बाद शहजादी का हत्यारोपी दोस्त गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● बोला- मैंने जिसके लिए सबकुछ छोड़ा, वो कहीं और शादी कर रही थी, इसलिए मार डाला

गाजियाबाद के होटल में 22 अक्टूबर को शहजादी नामक युवती की हत्या की गई थी। खुलासा हुआ है कि हत्या को अंजाम उसके बॉयफ्रेंड ने ही दिया। वह गर्लफ्रेंड की अगले महीने होने वाली शादी से नाराज था। इसलिए होटल में उसे बातचीत के बहाने बुलाया। पहले नशे की गोलियां खिलाईं, फिर तकिये से मुंह दबाकर हत्या कर दी। गुरुवार तड़के एनकाउंटर में पुलिस ने हत्यारोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पैर में गोली लगी है।

गाजियाबाद के कस्बा डासना स्थित रोहन एन्क्लेव में अनंत होटल है। यहां 22 अक्टूबर की सुबह एक कमरे में 23 वर्षीय युवती की लाश बेड पर पड़ी मिली। उसकी पहचान जोया उर्फ शहजादी निवासी जनपद हापुड़ के रूप में हुई। शहजादी के दोस्त अजहरुद्दीन ने खुद मृतका के भाई को फोन करके उसकी मौत होने की सूचना दी और फिर फरार हो गया। वेव सिटी थाना पुलिस तभी से अजहरुद्दीन की तलाश में जुटी थी। सलोनी अग्रवाल ने बताया गुरुवार तड़के नायफल रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में अजहरुद्दीन पकड़ा गया है। उसके एक पैर में गोली लगी है। जबकि अजहरुद्दीन का साथी जलाल फरार हो गया है। अजहरुद्दीन के मुताबिक पिछले करीब चार साल से मेरा जोया से प्रेम-प्रसंग था।

उसके लिए मैंने अपना घर तक छोड़ दिया था और परिवार से अलग होकर कस्बा डासना के कल्लूगढ़ी में अलग होकर रह रहा था। उसकी जरूरतों को पूरा करने के लिए मैंने अपनी जमीन भी बेच दी थी। इसके बावजूद वो अगले महीने दिल्ली निवासी युवक से निकाह करने जा रही थी। अजहरुद्दीन ने बताया मुझे ये बात बेहद बुरी लगी क्योंकि जोया ने भी उस रिश्ते का विरोध नहीं किया। मैंने बातचीत के लिए जोया को इस होटल में बुलाया था। मैंने उसे समझाने का प्रयास किया। वो नहीं मानी तो मैंने कोल्ड ड्रिंक में नशीली गोलियां मिलाकर उसको पिला दीं। जब वो बेहोश जैसी अवस्था में हो गई तो मैंने मुंह पर तकिया रखकर उसका दम घोंट दिया। मैंने तब तक उसका मुंह दबाया, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। मैं रात होने का इंतजार करता रहा। इसके बाद मैं होटल पर बाहर खड़े दोस्त जलाल के साथ बाइक पर बैठकर फरार हो गया।

पुलिस ने बताया कि गाजियाबाद से अजहरुद्दीन ट्रेन में बैठकर जयपुर चला गया। फरारी के दौरान वो ट्रेन से इधर-उधर घूमता रहा। पुलिस की एक टीम उसकी तलाश में राजस्थान भी गई थी। अजहरुद्दीन अब पुन गाजियाबाद आया था और मृतका जोया की बहन मुस्कान के पास इसलिए जा रहा था, ताकि केस में समझौता हो जाए। इसी दौरान पुलिस ने उसको धर दबोचा। अजहरुद्दीन के साथी जलाल की भूमिका उसको फरार करने में रही है। फिलहाल जलाल की तलाश जारी है।

एम्बुलेंस कर्मियों ने सुरक्षित कराया प्रसव

गाजियाबाद। एक बार फिर 102 एम्बुलेंस के कर्मियों ने अस्पताल पहुंचने से पहले महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। सौंदा गांव निवासी मोनू की पत्नी सारिका को प्रसव पीडा होने पर परिजनों ने सुबह 4.32 पर 102 एम्बुलेंस पर सूचना दी।

सूचना मिलने पर निर्धारित समय में एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और मरीज को लेकर सीएचसी मुरादनगर की ओर रवाना हुई। लेकिन सीएचसी पहुंचने से तीन किलोमीटर पहले ही महिला की हालात काफी बिगड गई जिसके चलते एम्बुलेंस में ही तैनात ईएमटी अर्जुन ने डिलीवरी किट की मदद से सुरक्षित प्रसव कराया। उसके बाद जच्चा.बच्च दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

संक्षिप्त समाचार

सहायक पुलिस आयुक्त के निर्देश पर जब्त कराई गई शराब।

पुलिस ने पकड़ी गई शराब नष्ट की

नोएडा। थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने वर्ष 2022 से अब तक कुल 36 मामलों में पकड़ी गई 776 लीटर अवैध शराब को बुधवार को नष्ट कर दिया है। इसकी बाजार में कीमत कारी 5 लाख है। अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन तृतीय ने इस मामले में 12 अक्टूबर 2023 को आदेश दिया था। 25 अक्टूबर को सहायक पुलिस आयुक्त तृतीया सौरव श्रीवास्तव की उपस्थिति में शराब को नष्ट कराया गया। एसीपी सौरव श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने थाना परिसर में जेसीबी की सहायता से एक गड्ढा खुदवाया तथा वहां पर अवैध शराब की बोतल को दबाकर नष्ट किया गया।

दौ सौ ग्राम सोना लेकर ठेकेदार फरार

नोएडा। थाना फेस-दो क्षेत्र के सेक्टर 86 में स्थित आभूषण बनाने वाली कंपनी से एक ठेकेदार 200 ग्राम सोना चोरी करके फरार हो गया है। थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि सेक्टर.86 स्थित आभूषण बनाने वाली कंपनी के मालिक मनोज कुमार ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी गोल्ड क्रिप्टो इंटरनेशनल के नाम से कंपनी है। उनके यहां पश्चिम बंगाल निवासी अभिजीत भावभूमि ठेकेदारी पर काम करता है। कंपनी उसको तौल और रसीद के साथ सोना देती है, और उसे बनवाकर वापस लेती है। उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर को आरोपी प्रबंधन से झूठ बोलकर गया कि वह अपनी पत्नी को रेलवे स्टेशन छोडने जा रहा है। और 2 घंटे में वापस आ जाएगा। 2 घंटे बाद प्रबंधन द्वारा जब अभिजीत को कॉल किया गया तो उसने खुद को करोलबाग में होना बताया और अगले दिन कंपनी आने की बात कही। अगले दिन जब दोपहर तक वह नहीं आया तो कंपनी प्रबंधन ने को शक हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नोएडा एंप्लाइज एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण कर्मचारियों की यूनियन नोएडा एम्पलॉइज एसोसिएशन एनईए का चुनाव 2 नवंबर को होगा। चुनाव को लेकर प्राधिकरण में गहमागहमी शुरू हो गई है। चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर एसीईओ वंदना त्रिपाठी, चुनाव अधिकारी डीजीएम विद्युत यांत्रिकी राजेश कुमार और सहायक चुनाव अधिकारी वरिष्ठ प्रबंधक विजय रावल को चुना गया। इस बार एनईए चुनाव में अध्यक्ष के एक पद, उपाध्यक्ष के दो, महासचिव के एक, सचिव के दो और कोषाध्यक्ष के एक पद के लिए मतदान होगा। नामांकन 27 अक्तूबर तथा 28 अक्टूबर तक नाम वापस लिया जा सकेगा।

आईएमएस में ग्लैम एंड गीक 2023 का आयोजन

नोएडा। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज आईएमएस नोएडा में छात्रों के लिए ग्लैम एंड गीक प्रतिस्पर्धा 2023 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान मिस्टर एवं मिस ग्लैम एंड गीक का भी चयन किया गया। आईएमएस स्कूल ऑफआईटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुभारंभ करते हुए संस्थान के डीन डॉ अजय कुमार गुप्ता ने छात्रों से सजग, सक्षम एवं कौशल के सुसज्जित बनने की सलाह दी। वहीं संस्थान द्वारा आयोजित आज के कार्यक्रम के दौरान मिस्टर और मिस ग्लैम एंड गीक प्रतिस्पर्धा के लिए कई राउंड रखे गए। जिनमें कृतिका, अनुष्का, सृष्टी ने अपनी अदाकारी से सबका मन मोहा। वहीं आज के कार्यक्रम के दौरान एमसीए के छात्र दक्ष शर्मा और बीसीए के छात्र शुभम रावत ने मिस्टर ग्लैम एण्ड गीक प्रतिस्पर्धा अपने नाम किया। वहीं मिस ग्लैम एण्ड गीक प्रतिस्पर्धा में अनुष्का गुप्ता एवं बीसीए की छात्रा तनीषा प्रिया चयनित हुई।

स्कूल से लौट रही मां-बच्ची पर सांड़ ने किया हमला, घायल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सोरखा गांव के पास बुधवार को सांड ने स्कूल से लौट रही मां-बेटी पर हमला कर दिया। घटना में दोनों घायल हो गईं। इस घटना के बाद दोनों सहमी हुई हैं।

सोरखा निवासी रितु अपनी तीन वर्षीय बेटी अंशिका को श्री मेमोरियल पब्लिक स्कूल से लाने गई थी। स्कूल की छुट्टी के बाद रितु अपनी बेटी अंशिका को लेकर पैदल लौट रही थीं। घर से कुछ दूरी पर सांड ने दोनों पर हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहां से गुजर रहे लोगों ने किसी तरह से सांड़ को भगाकर उनकी जान बचाई। बच्ची के पिता राजेश मौर्य उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में ऑपरेटर हैं।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने वह मौके पर पहुंचे और पत्नी और बेटी को अस्पताल ले गए। घटना में बच्ची का सिर फूट गया और हाथ.पैर में चोट आई। पत्नी रितू के हाथ, पैर और सिर में चोट आई है। घटना के बाद पीड़ित परिजनों ने नोएडा प्राधिकरण और प्रशासन से आवारा पशुओं को पकड़ने की मांग की है।

महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत, केस दर्ज

● मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के खजूर कॉलोनी सेक्टर-45 में रहने वाली एकमहिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। महिला के ससुराल पक्ष के लोगों कहना है कि उन्होंने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या किया है, जबकि महिला के मायके वालों ने उसके पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया है। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कल्पना पत्नी कौशल कुमार झा उम्र 23 वर्ष ने आज सुबह को अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतका के पति ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

उन्होंने बताया कि महिला की 2 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के परिजनों ने उसके पति कौशल झा, सास श्रीमती मीरा, देवर मुकुंद झा, बुआ रजनी देवी आदि को नामित करते हुए थाना सेक्टर 20 में दहेज हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

नोएडा। थाना दादरी पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थाना दादरी के प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि 1 अगस्त को राजेंद्र सिंह लोहिया ने थाना दादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी तनु उम्र 24 वर्ष को दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने हत्या कर दी है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने आज सतपाल पुत्र धनपाल उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उसको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

आरएसएस की शाखा लगाने पर मिली धमकी

गाजियाबाद। गाजियाबाद के एक पार्क में धमकी भरे पत्र मिले हैं। इन पत्रों में आरएसएस की शाखा लगाने पर पार्क में बहुत बुरा होने की धमकी दी गई है। वसुंधरा सेक्टर-5 में गीता धाम मंदिर के पीछे पार्क में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की वीर शिवाजी शाखा लगती है।

आरएसएस वर्कर वाईपी सिंह ने बताया, सुबह शाम 5 बजे जब कुछ स्वयंसेवक पार्क में सफाई करने गए तो वहां डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के फोटो के साथ कुछ पत्र पड़े हुए मिले। इन पत्रों में लिखा था कि अगर ये शाखा लगनी बंद नहीं की तो इस पार्क में बहुत बुरा हो जाएगा।

डीएम ने बोडकी रेलवे स्टेशन के कार्यों का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

डीएम मनीष कुमार वर्मा ने बोडकी रेलवे स्टेशन व डीएफ सीसीए डीएमआईसी तथा सेतु निगम के प्रोजेक्ट कार्यों का औचक स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों को निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

डीएम मनीष कुमार वर्मा ने विकास कार्य को गति प्रदान करने के उद्देश्य से बोड़ाकी रेलवे स्टेशन व दादरी पहुंचकर डीएफ सीसीए डीएमआईसी तथा सेतु निगम के प्रोजेक्ट का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पाली, चिटहैरा, कटहैरा आदि गांवों में डीएमआईसी तथा सेतु निगम प्रोजेक्ट के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की उक्त प्रोजेक्टों के लिए भूमि का अर्जन करते हुए सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि में पूरा किया जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी बलराम, उप जिलाधिकारी दादरी आलोक, नगर मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं को लेकर गठित जिला अनुश्रवण समिति की बैठक में गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, इस दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

चिल्ला व भंगेल एलिवेटेड निर्माण के लिए मांगी 322 करोड़ की अतिरिक्त रकम

● बढ़े बजट को लेकर नोएडा प्राधिकरण ने यूपी शासन से मांगा सुझाव

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा की दो एलिवेटेड योजना का बजट अब बढ़ गया है। दोनों परियोजना को मिला ले तो अब 322 करोड़ रुपए प्राधिकरण को अतिरिक्त खर्च करने होंगे। इसमें पहली चिल्ला एलिवेटेड जिसमें सेतु निगम ने 153 करोड़ रुपए की मांग प्राधिकरण से की है। दूसरा भंगेल एलिवेटेड जिसमें 139 करोड़ रुपए प्राधिकरण को देने है। इसी योजना में दो और लूप का निर्माण होगा इसके अलग से 30 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

लूप निर्माण भी सेतु निगम ही करेगा। चिल्ला एलिवेटेड को जून-23 में यूपी कैबिनेट ने इस प्रोजेक्ट के लिए करीब 787 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी थी। दिल्ली के चिल्ला रेगुलेटर मयूर विहार फ्लाई ओवर से नोएडा के महामाया फ्लाई ओवर तक 5.96 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रोड बनना प्रस्तावित है।

इसके लिए शासन ने 100 करोड़ रुपए भी नोएडा प्राधिकरण को भेज दिए हैं। इसके बाद टेंडर जारी करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने सेतु निगम को फाइल भेज दी थी। इससे पहले ही सेतु निगम ने अतिरिक्त बजट की मांग शुरू कर दी। सेतु निगम के अधिकारियों का कहना है कि 787 करोड़ रुपए में एलिवेटेड रोड नहीं बन पाएगा। मौजूदा दरों पर निर्माण में 940 करोड़ रुपए लागत आएगी। अब प्राधिकरण ने इस मामले में शासन को पत्र भेजकर सुझाव मांगा है। शासन स्तर पर तय किया जाएगा कि सेतु निगम को अतिरिक्त धनराशि दी जाए या नहीं। सेतु निगम का कहना कि एलिवेटेड रोड का एस्टीमेट वर्ष 2019-20 में बना था। इसमें उस समय की निर्माण लागत को शामिल किया गया था। इसके बाद, जो लागत बढ़ी थी, वो डिजाइन में बदलाव के कारण बढ़ी थी। तब से अब तक निर्माण सामग्री की दरें भी बढ़ चुकी हैं।

मौजूदा दरों पर आकलन करने पर प्रोजेक्ट 940 करोड़ पहुंच जाएगा। इस तरह से 153 करोड़ रुपए लागत और बढ़ेगी। वहीं भंगेल-सलारपुर का जाम खत्म करने के लिए भंगेल एलिवेटेड रोड का काम दोबारा से शुरू कर दिया गया है। एलिवेटेड रोड का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम करवा रहा है। यह सेक्टर-41 अगाहपुर से फेज टू स्थित नाले के पास तक बनाया जाएगा। अभी लागत विवाद के कारण करीब छह महीने से काम बंद पड़ा है। ऐसे में अब दोबारा से काम शुरू कर दिया गया है। सेतु निगम ने इस योजना में प्रोजेक्ट कास्ट 97 करोड़ रुपए बढ़ा दी है। इस परियोजना का निर्माण 468 करोड़ में पूरा किया जाना था। इसके अलावा पुराने बिल के रूप में 42 करोड़ और नए दो लूप को जोड़ दिया जाए तो 30 करोड़ और प्राधिकरण को देने होंगे। प्राधिकरण के डीजीएम श्री पाल भाटी ने बताया कि वैरिफिकेशन के लिए दोनों दस्तावेजों को आईआईटी रुड़की भेजा गया है।

वहां से स्वीकृति मिलने के बाद सेतु निगम को पैसा दिया जाएगा। गौरतलब है कि भंगेल एलिवेटेड रोड का निर्माण आठ जून 2020 को शुरू हुआ था। एग्रीमेंट के तहत एलिवेटेड रोड का काम सात दिसंबर 2022 तक पूरा कर लिया जाना चाहिए था। अभी तक 68 प्रतिशत ही काम पूरा हो सका है। ऐसे में अभी काम शुरू होने के बाद पूरा होने में करीब एक साल का समय और लगेगा। नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम श्रीपाल भाटी का कहना है कि एलिवेटड का काम शुरू कर दिया गया है।

क्यों महत्वपूर्ण है दोनों परियोजना

पहली चिल्ला एलिवेटेड योजना दिल्ली को नोएडा से कनेक्ट करेगी। ये एलिवेटेड नोएडा में महामाया फ्लाई ओवर के आगे एक्सप्रेस वे जोड़ेगी। जिससे चिल्ला से सीधे एक्सप्रेस वो जोड़ने वाली लिंक रोड पर जाम समाप्त हो जाएगा। साथ दिल्ली से नोएडा की बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे रोजाना करीब एक लाख वाहन चालकों को राहत मिलेगी। उन्हें घंटों जाम में नहीं फंसना होगा। भंगेल एलिवेटेड सेक्टर-41 अगाह पुर से सेक्टर-110 क्रासिंग तक है। इसे डीएससी सड़क पर बनाया जा रहा है। इसके बनने से डीएससी और एक्सप्रेस वे दोनों ही सड़कों से वाहन भार कम हो जाएगा। ये रोड नोएडा की नई लाइफलाइन भी होगी। इससे रोजाना लाखों वाहन चालकों को राहत मिलेगी।

डीपीएसआरयू में शिक्षकों की भर्ती में गड़बड़ी की होगी जांच

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना

● सतर्कता विभाग ने वर्ष 2017, 2019 में बड़ी अनियमितताएं पाई थीं, एलजी ने डीटीटीई से आगे की जांच कर 30 दिन में रिपोर्ट देने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंस एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (डीपीएसआरयू) में शिक्षकों की भर्ती में कथित घोटाले को लेकर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना सख्त है। उन्होंने प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा निदेशालय (डीटीटीई) को जांच रिपोर्ट की जांच करने का निर्देश दिया है।

दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (डीपीएसआरयू) के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किए गए भर्ती नियमों के उल्लंघन पर जांच समिति की रिपोर्ट की जांच करने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी कहा कि नियुक्ति के नियमों को हेराफेरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए 30 दिनों के अंदर सिफारिश करें।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने वर्ष 2021 में संशोधित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के कामकाज के लेन-देन नियम, 1993 के नियम 19(5) की शर्तों को लागू करते हुए सचिव टीटीई को इस मामले में मूल फाइल को उनके अवलोकन के लिए प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है। शिकायतों की जांच के दौरान सतर्कता विभाग को डीपीएसआरयू द्वारा वर्ष 2017 और वर्ष 2019 में आयोजित भर्ती प्रक्रिया में बड़ी अनियमितताएं मिली पाई थी। इसमें वे उम्मीदवार भी शामिल थे जो वर्ष 2017 में कम अनुभव, अधिक उम्र, अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता नहीं रखने आदि के कारण इसके पात्र नहीं थे।

इसके अलावा वर्ष 2019 में अधिकांश भर्तियां की गईं जिनमें पात्रता मानदंडों में ढील दी गई थी और जिसने इसमें अवैध, भ्रष्ट आचरण, पक्षपात की ओर इशारा किया था। साथ ही नियुक्ति के बाद शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्रों का सत्यापन भी नहीं किया गया।

जांच समिति की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आयु या शैक्षणिक योग्यता जैसे पात्रता मानदंडों में छूट के लिए डीपीएसआरयू ने किसी सक्षम प्राधिकारी से कोई अनुमोदन नहीं लिया था। एलजी के अनुमोदन पर डीपीएसआरयू के उपकुलपति प्रोफेसर रमेश के गोयल को सतर्कता विभाग द्वारा उनके द्वारा संचालित शिक्षण संकायों की भर्ती प्रक्रिया से संबंधित एक नोटिस दिनांक 10 मई 2023 को जारी किया गया था, जिसका उन्होंने उपलब्ध रिकॉर्ड सहित जवाब पेश किया जिनकी जांच टीटीई निदेशालय द्वारा 17 मई 2023 को की गई थी।

डीपीएसआरयू अधिनियम, 2008 की धारा 8 (4) के अनुसार 28 जून 2023 को मामले की जांच के लिए तीन अधिकारियों की एक समिति गठित की गई थी, जिसमें सचिव सतर्कता, निदेशक (शिक्षा) और दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख शामिल थे। यह उपराज्यपाल की मंजूरी के बाद किया गया था, जो डीपीएसआरयू के चांसलर भी हैं।

टीटीई विभाग ने विभिन्न व्यक्तियों द्वारा वर्ष 2019 में डीपीएसआरयू द्वारा आयोजित भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के संबंध में प्राप्त कई शिकायतों को प्रस्तुत किया था, विशेष रूप से 6 उम्मीदवारों को अनुचित लाभ देने के संबंध में जो पहले से ही अनुबंध, नियमित आधार पर विश्वविद्यालय में काम कर रहे थे।

विश्वविद्यालय से प्रासंगिक रिकॉर्ड प्राप्त करने के बाद विभाग ने अपनी सतर्कता शाखा के माध्यम से एक जांच की और माना कि संकायों की नियुक्ति में इतने बड़े पैमाने पर अनियमितताएं डीपीएसआरयू के उपकुलपति, जो चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे थे, की सक्रय मिलीभगत के बिना संभव नहीं है।

जांच समिति की रिपोर्ट में कुछ कड़ी टिप्पणियां की गई थीं, जिसमें आरोप लगाया गया कि किए गए चयनों में हेरफेरी की गई और कानून के विपरीत अनियमितताएं बरती गईं। रिपोर्ट में डीएसपीआरयू के उपकुलपति डॉ. रमेश कुमार गोयल, डीएसपीआरयू के तत्कालीन कार्यवाहक रजिस्ट्रार डॉ. डीपी पाठक, एक विशेषज्ञ गोविंद मोहन और सलाहकार आरपी शर्मा के नामों का जिक्र किया गया था।

वायु गुणवत्ता खराब, रेड लाइन ऑन, गाड़ी ऑफ शुरू

● पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आईटीओ से अभियान की शुरुआत कर वाहन चालकों से भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रेड लाइन ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान में बाइक सवार को फूल भेंट करती पर्यावरण मित्र। फोटो: रंजन डिमरी

दिल्ली एनसीआर के लोग जहरीली हवा में सांस लेनेको मजबूर है। इस साल दशहरे के अगले दिन हवा पिछले साल के मुकाबले ज्यादा खराब लेकिन 2021 की तुलना में बेहतर थी। मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 220 था, जिसमें बुधवार को हल्की बढ़ोतरी हुई और यह 243 पर पहुंच गया।

वहीं बृहस्पतिवार की शाम को समग्र एक्यूआई 255 के साथ खराब श्रेणी में दर्ज की गई। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसा अक्टूबर के आखिर में आने वाले त्योहार की वजह से हो रहा है जब मौसम संबंधी परिस्थितियां प्रदूषण के कणों को फंसा (ट्रैप) लेती हैं। इस बीच दिल्ली सरकार ने वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए गुरुवार को रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान शुरू कर दिया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आईटीओ चौराहे से इस मुहिम को शुरू किया। इस मौके पर गोपाल राय ने कहा कि सर्दी में होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए 15 बिंदु विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की थी, जिसपर सरकार काम कर रही है। दिल्ली में जो प्रदूषण बढ़ता है उसमें बायोमास वर्निंग और डस्ट से होने वाले प्रदूषण के साथ-साथ वाहनों से होने वाले प्रदूषण का भी योगदान होता है।

इसी को देखते हुए रेड लाइट ऑन,गाड़ी ऑफ अभियान शुरू किया गया है। साथ ही ग्रैप के तहत सीएक्यूएम द्वारा जो भी दिशा-निर्देश प्राप्त हो रहे हैं, उस पर तत्परता से कार्रवाई कर रही है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के विरूद्ध ग्रीन वॉर रूम शुरू किया है, धूल प्रदूषण पर कंट्रोल करने के लिए एंटी डस्ट कैम्पेन चला रखा है और पराली गलाने के लिए 5 हजार एकड़ में बायो डी-कंपोजर का छिड़काव करवाया जा रहा है। इसी क्रम में अब रेड लाइट ऑन-गाड़ी ऑफ अभियान शुरू किया गया है। राय ने बताया कि पैट्रोलियम कंजर्वेशन रिसर्च एसोसिएशन के आंकड़ों के मुताबिक, रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान का लोग पूरी तरह पालन करते हैं, तो 15 से 20 फीसदी तक वाहन प्रदूषण को कम किया जा सकता है। आम तौर पर यह देखा जाता है कि यदि कोई व्यक्ति अपनी गाड़ी लेकर निकलता है तो वापस घर पहुँचने तक लगभग 8 से 10 रेडलाईट पर रूकता है।

यदि वह 2 मिनट एक चौराहे पर रूकता है और अपनी गाड़ी को आफ नहीं करता है तो वह 25 से 30 मिनट अपने गाड़ी के ईंधन को व्यर्थ में जलाता है। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत, औद्योगिक अनुसंधान परिषद एवं केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों के द्वारा 2019 में एक अध्ययन किया गया था।

नाइजीरिया के राजदूत से मिले केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नाइजीरिया के हाई कमिश्नर अहमद सुले से गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। दिल्ली सचिवालय में हुई बैठक के दौरान अहमद सुले ने सरकारी स्कूलों और अस्पतालों व मोहल्ला क्लीनिकों को देखने की इच्छा जताई है। सुले ने कहा कि वह इनका दौरा कर शिक्षा-स्वास्थ्य मॉडल को समझना चाहते है। इसके जवाब में केजरीवाल ने जल्द स्कूल-अस्पताल के दौरे का समय तय करने का भरोसा दिया। इसके अलावा सुले ने राष्ट्रीय राजधानी में हो रहे जनहित के ढेरों काम को करने का राज पूछा तो सीएम ने बताया कि भ्रष्टाचार पर लगाम, फिजूलखर्ची पर रोक और क्षमतावान कार्य पद्धति है तो जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार में संसाधन की कमी नहीं है।

अहमद सुले ने सीएम अरविंद केजरीवाल मुलाकात कर शिक्षा-स्वास्थ्य समेत अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सीएम से पूछा कि सरकारी स्कूलों में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए क्या रणनीति अपनाई। इस पर सीएम ने बताया कि जब वह सरकार में आए तभी से उनका मुख्य फोकस सरकारी स्कूल रहा हैं।

नाइजीरिया के राजदूत अहमद सुले के साथ सीएम केजरीवाल

स्विस महिला हत्या: आरोपी ने अन्य विदेशी महिलाओं को भी लुभाने की कोशिश की : पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मृतक का फाइल फोटो

एक स्विस महिला की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार दिल्ली के 33 वर्षीय एक व्यक्ति ने अन्य विदेशी महिलाओं को भी दोस्ती करने के लिए कीमती रत्न देने का वादा किया था और ज्योतिष के गुर भी बताए थे। जनकपुरी के निवासी गुरप्रीत सिंह ने जांचकर्ताओं को बताया कि वह नीना बर्जर के अलावा भी कई विदेशी महिलाओं के संपर्क में था।

बर्जर का शव 20 अक्टूबर को एमसीडी संचालित स्कूल के पास पाया गया था और उसके हाथ पैर एक जंजीर से बंधे थे। सिंह के पिता का पश्चिमी दिल्ली में रत्न और ज्योतिष का व्यवसाय है। माना जा रहा है कि वह (पिता) फिलहाल पेरिस में हैं। पुलिस को संदेह है कि गुरप्रीत सिंह ने अपने पिता से ज्योतिष सीखा और इसका इस्तेमाल विदेशी महिलाओं को लुभाने के लिए किया। पुलिस को यह भी संदेह है कि सिंह ने बर्जर से दोस्ती करने और उसे भारत आने का लालच देने के लिए भी यही चाल अपनाई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि वह (बर्जर) 11 अक्टूबर को भारत आई और पश्चिमी दिल्ली के दो अलग-अलग होटलों में रुकी। अधिकारी ने बताया, पहले होटल में वह 16 अक्टूबर तक रुकी। फिर वह दूसरे होटल में चली गई। हमारा मानना है कि दूसरे होटल में वह 18 अक्टूबर तक रुकी थी, जिस दिन गुरप्रीत ने उसकी हत्या की थी। बर्जर का सड़ा-गला शव 20 अक्टूबर को तिलक नगर में एक स्कूल के पास से बरामद किया गया था। उन्होंने कहा कि सिंह के दो मोबाइल फोन से उसकी अन्य विदेशी महिलाओं के साथ चैट हासिल की गई हैं, लेकिन उसने बर्जर के साथ अपनी चैट हटा दी है। पुलिस ने कहा कि उसने कई बार स्विट्जरलैंड सहित विभिन्न देशों का दौरा किया है। उसके मोबाइल फोन से कुछ चैट मिली हैं, जहां उसने कई महिलाओं से रत्न और ज्योतिष के बारे में बात की है। ऐसा संदेह है कि वह उन्हें कीमती पत्थरों की पेशकश करके या ज्योतिष युक्तियों का उपयोग करके दोस्ती के लिए लालच देता रहा है। उन्होंने बर्जर का आईफोन भी बरामद कर लिया है।

हर वर्ग को देंगे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं : मंडाविया

● केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने नजफगढ़ में 183 बेड के आरएचटीसी अस्पताल का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि समाज के हर तबके स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाएंगे।

पश्चिमी दिल्ली के नजफगढ़ में ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र (आरएचटीसी) अस्पताल का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के निर्देश से नजफगढ़ के लोगों को विश्व स्तरीय अस्पताल संजीवनी के रूप में उपलब्ध हुआ है। देश जब अपनी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा। उनकी कोशिश है कि तब तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में आज सबसे गरीब नागरिक को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध है।

किसी को भी सस्ती व सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं के लिए परेशान नहीं होना पड़ता। भारत का चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में लंब इतिहास रहा है। हमेशा अपनी संस्कृति और विश्वास को पुनर्जीवित करने के लिए हर संभव प्रयास किया। आरोग्यम परमं भोग्यम् स्वास्थ्य सर्वथा साधनम को सही रूप में उतारने का प्रयास किया। नजफगढ़ का यह अस्पताल समाज कमजोर से कमजोर वर्ग को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाएगा।

इसका फायदा नजफगढ़ के आसपास बसे कॉलोनियों व 73 गांवों में रहने वाले 13.65 लाख से अधिक लोगों को मिलेगा। इस अस्पताल में चिकित्सा, सर्जरी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, बाल रोग, आईसीयू, एनआईसीयू, पीआईसीयू, ईएनटी, नेत्र विज्ञान, रक्त बैंक सहित अन्य सुविधा उलब्ध होगी।

सजा पर दलीलों को लेकर सुनवाई सात नवंबर को

सौम्या हत्याकांड

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अदालत 2008 में टेलीविजन पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या मामले में पांच दोषियों की सजा पर दलीलों की सात नवंबर को सुनवाई करेगी।

एक अंग्रेजी समाचार चैनल में काम करने वाली विश्वनाथन की 30 सितंबर 2008 को तड़के नेल्सन मंडेला मार्ग पर उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वह काम के बाद घर लौट रही थीं। पुलिस ने दावा किया था कि हत्या के पीछे का मकसद लूटपाट था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) रवींद्र कुमार पांडे ने बृहस्पतिवार को कहा कि पांचों दोषियों के हलफनामे और परिवीक्षाधीन अधिकारी की सजा-पूर्व रिपोर्ट (पीएसआर) सहित कुछ दस्तावेज दाखिल नहीं किए गए थे।

न्यायाधीश ने रिपोर्ट और हलफनामे तैयार करने का निर्देश देते हुए आगे की कार्यवाही के लिए सात नवंबर की तारीख तय की। अदालत ने रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को 18 अक्टूबर को दोषी ठहराया था।

राजधानी में जानलेवा प्रदूषण और डेंगू बेलगाम : लवली

● कांग्रेस पार्षद सदन में मेयर से मांगेंगे जवाब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने कहा कि सरकार के तमाम दावों के बावजूद बढ़ते प्रदूषण व तेजी से फैल रहे डेंगू पर लगाम नहीं लगाया जा सका है।

निगम की बैठक में लवली के नेतृत्व में चुने हुए प्रतिनिधियों के खिलाफ चलाए जा रहे जवाब दो-हिसाब दो अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को निगम की होने वाली बैठक में आक्रामक रुप से इस मुद्दे को उठाने का निर्णय लिया है। प्रदूषण व डेंगू के मुद्दे को लेकर पार्टी कार्यालय में लवली की अध्यक्षता में पार्टी के सभी निगम पार्षदों की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक जानलेवा प्रदूषण व डेंगू पर निगम की बैठक में चर्चा नहीं होगी तब तक निगम की कार्यवाही आगे नहीं चलने दी जाएगी। पार्टी ने यह भी तय किया है कि महापौर को बाध्य किया जाएगा कि वह सबसे पहले जनहित के इस मुद्दे पर चर्चा कराए व निगमायुक्त जवाब दिलवाए।

दशहरा के जश्न के दौरान युवक को गोली मारी

नई दिल्ली। रंजीत नगर इलाके में दशहरे के जश्न के दौरान हुए विवाद के बाद युवक को गोली मारे जाने की घटना सामने आई है। पुलिस ने कहा कि जिस व्यक्ति को गोली लगी है उसकी पहचान सनी के रूप में हुई है, फिलहाल उसका इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार सनी और आरोपी योगेश का आपराधिक रिकॉर्ड है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सनी रंजीत नगर में काली माता मंदिर के निकट दशहरा समारोह में अन्य लोगों के साथ नाच रहा था तभी सनी, योगेश और अन्य के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी हिंसा में बदल गई और योगेश ने सनी को गोली मार दी।

प्रेम विवाह का अधिकार संविधान के तहत संरक्षित

● परिवार नहीं जता सकता आपत्ति: उच्च न्यायालय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने विवाह के बाद अपने परिवारों की तरफ से धमकियों का सामना कर रहे दंपत्ति को पुलिस सुरक्षा प्रदान करते हुए कहा कि प्रेम ववाह करने का अधिकार अमिट तथा संविधान के तहत संरक्षित है और परिवार के सदस्य भी ऐसी शादियों पर आपत्ति नहीं जता सकते।

हालिया आदेश में न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने जोर देते हुए कहा कि सरकार अपने नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए संवैधानिक रूप से बाध्य होती है और उच्च न्यायालय, एक संवैधानिक न्यायालय होने के नाते दंपत्ति के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा की उम्मीद करता है। अदालत ने कहा, पसंद के व्यक्ति से शादी करने का याचिकाकर्ताओं का अधिकार अमिट और संविधान के तहत संरक्षित है, जिसे किसी भी तरह से कमजोर नहीं किया जा सकता। अदालत ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा, याचिकाकर्ताओं के विवाह से संबंधित तथ्य और उनके बालिग होने को लेकर कोई संदेह नहीं है। कोई भी, यहां तक कि परिवार के सदस्य भी ऐसे संबंध पर आपत्ति नहीं जता सकते। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने माता-पिता की इच्छा के विरुद्ध अप्रैल में शादी की थी और तब से खुशी-खुशी साथ रह रहे हैं। इस दौरान परिवार के सदस्यों, विशेषकर लड़की से उन्हें धमकियां मिल रही हैं। अदालत ने सरकार को दोनों याचिकाकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उनमें से किसी को भी, विशेष रूप से महिला के माता-पिता या परिवार के सदस्यों की तरफ से कोई नुकसान न हो।

खेल भी पढ़ाई जितना महत्वपूर्ण : आतिशी

स्पोर्ट्स मिनिस्टर ने छत्रसाल स्टेडियम में दिल्ली स्टेट स्कूल गेम्स का किया उद्घाटन

● 32 खेलों में अधिकांश ओलंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल जैसे अंतरराष्ट्रीय खेलों का हिस्सा, पैरा-एथलीटो के लिए भी 9 खेल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

छात्रों की खेल प्रतिभा को निखारने के मकसद से सरकार ने दिल्ली स्टेट स्कूल गेम्स शुरू किया है। 32 खेलों में अधिकांश खेल अंतरराष्ट्रीय खेलों जैसे ओलंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेल आदि में भी शामिल हैं।

इनमें एथलेटिक्स के फील्ड एंड ट्रैक खेलों के अलावा स्विमिंग, टेनिस, हॉकी, फुटबॉल, बॉक्सिंग, ताईक्वानडो, कराटे, कुश्ती, सॉफ्टबॉल, क्रिकेट, जिम्नास्टिक, जूडो, बास्केटबॉल, नेट बॉल, हैंडबाल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, बेसबॉल, योग, बॉलीबॉल, स्केटिंग, शतरंज, वूशू आदि खेल शामिल है। साथ ही इसमें 9 पैरा-गेम्स भी शामिल है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने गुरुवार को छत्रसाल स्टेडियम में दिल्ली स्टेट स्कूल गेम्स का उद्घाटन किया। आतिशी ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी पढ़ाई जितना महत्वपूर्ण है। जब छात्र खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे तभी उनका सर्वांगीण विकास होगा। बच्चों को अक्सर खेल और अन्य गतिविधियों में शामिल होने के बजाय केवल अपनी पढ़ाई पर फोकस करने की सलाह दी जाती है। लेकिन, मैं ऐसा सोचने वाले सभी माता-पिता को बताना चाहते है कि बच्चे अक्सर तब अधिक ज्ञान प्राप्त करते हैं जब वे खुद को कक्षाओं तक सीमित रखने के बजाय खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

आतिशी ने जोर देकर कहा कि खिलाड़ी बनना कोई आसान उपलब्धि नहीं है। जब हम दर्शकों के रूप में नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधु और मैरीकॉम जैसे धावकों को भारत के लिए पदक जीतते हुए देखते हैं, तो हम उस विशेष दिन पर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को याद करते हैं, लेकिन उसके पीछे की हम वर्षों की उनकी मेहनत को नहीं देखते है। एक खिलाड़ी बनना आसान नहीं है और इसके लिए समर्पण और मेहनत की जरूरत होती है। चाहे वह भाला फेंकने वाला हो, रिले रेसर हो, मुक्केबाज हो, पहलवान हो, क्रिकेटर हो या तैराक हो, सभी अपने खेल की तैयारी के लिए दिन और रात समर्पित करते हैं। तभी वे राष्ट्रीय या अंतरर्राष्ट्रीय मुकाम को हासिल कर पाते हैं। खेल मंत्री ने कहा कि, एथलीटों के जीवन में सुस्ती की कोई जगह नहीं है और वह एक दिन भी प्रशिक्षण छोड़ने का जोखिम नहीं ले सकते है। इसलिए, किसी भी उभरती खेल प्रतिभा के लिए खेल भी शिक्षा की तरह ही महत्वपूर्ण हैं।

पेयजल की आपूर्ति के लिए एम्स लगाएगा बॉटलिंग इकाई

● एकल उपयोग प्लास्टिक बोतलों से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करना मकसद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एकल उपयोग (डिस्पोजेबल) प्लास्टिक बोतलों से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बैठकों, सम्मेलनों और कार्यक्रमों में पुन: इस्तेमाल योग्य शीशे की बोतलों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति करने के लिए अपने परिसर में बॉटलिंग संयंत्र लगाएगा।

केंद्र ने प्लास्टिक का उपयोग घटाने का निर्देश जारी किया है और यह उपाय उसी दिशा में एक कदम है। एम्स, दिल्ली के निदेशक डॉ. एम. श्रीनिवास ने कहा, बैठकों, सम्मेलनों और अन्य कार्यक्रमों में एकल उपयोग प्लास्टिक का इस्तेमाल खत्म करने की अत्यावश्यक जरूरत को ध्यान में रखते हुए एम्स, नई दिल्ली स्वच्छ डिब्बाबंद पेयजल की वैकल्पिक पर्यावरणानुकूल व्यवस्था करने के प्रति समर्पित है।

यह सुविधा कैफटेरिया के प्रशासनिक नियंत्रण में होगी तथा उसमें स्पर्शमुक्त स्वचालित धुलाई शीशे की बोतलों की रिपैकेजिंग एवं सीलिंग की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी होगी।

डॉ. श्रीनिवास ने कहा कि प्रारंभ में इसकी प्रतिमाह कम से कम 15,000 बोतलों की पैकेजिंग की क्षमता होगी।

यूट्यूबर एल्विश से 1 करोड़ की फिरौती मांगने वाला आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

यूट्यूबर एवं बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता एल्विश यादव को धमकी देकर एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई। बीती 17 अक्टूबर को विदेश से भारत लौटे एल्विश के मैनेजर के मोबाइल पर फिरौती के लिए कॉल की गई थी। पुलिस ने तकनीकी सहायता से धमकी देने वाले को पकड़ने के लिए कार्रवाई शुरू की। अब पुलिस ने गुजरात के वडनगर से आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त अपराध वरुण दहिया ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि गुरुग्राम पुलिस आरोपी को गुजरात से लेकर आ रही है।

पुलिस के अनुसार 25 अक्टूबर 2023 को पुलिस थाना सेक्टर-53 में यूट्यूबर व बिग बॉस ओटरटी-2 के विजेता एल्विश यादव निवासी वजीराबाद गांव ने शिकायत दी थी। जिसमें कहा था कि वह अपने किसी काम से लंदन (इंग्लैंड) गया हुआ था। 17 अक्टूबर को 2023 को जब वह अपने दोस्त/मैनेजर के साथ वापस भारत आया तो उन दोनों के मोबाईल फोन पर 1 करोड़ रुपए देने के कई धमकी भरे मैसेज आए हुए थे। पहले 40 लाख रुपए की मांग की गई और फिर 1 करोड़ की मांग की गई। रुपए ट्रांसफर ना करने की सूरत में जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस शिकायत पर प्रभारी अपराध शाखा सेक्टर-40

एल्विश यादव से फिरौती मांगने का आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

निरीक्षक जितेंद्र कुमार की पुलिस टीम ने 1 करोड़ रुपयों की फिरौती मांगने व धमकी देने वाले आरोपी की पहचान व उससे सबंधित जानकारी एकत्रित की। आरोपी की पहचान गुजरात के जिला वड़नगर निवासी साकिर मकराणी पुत्र जाकिर के रूप में की गई है। आरोपी व उसका पिता आरटीओ एजेंड का काम करते हैं। आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि वह और उसका पिता आरटीओ ऑफिस में बतौर एजेंट काम करते हैं। उसने एल्विश यादव की यूट्यूब पर वीडियो देखी थी। उसी से प्रभावित होकर उसने करोड़पति बनने की नियत से रुपये ऐंठने की योजना बनाई। इसके लिए 1400 रुपयों में एक फर्जी सिमकार्ड खरीदा और उससे धमकी देने की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात को अंजाम देने में प्रयोग किया गया सिम कार्ड व एक मोबाइल बरामद किया गया है।

नवीन गोयल ने सरकार के 9 साल पूरे होने की युवाओं के साथ मनाई खुशी

बिना पर्ची, बिना खर्च नौकरियों के लिए युवाओं ने किया सरकार का धन्यवाद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मनोहर सरकार के 9 साल पूरे होने की खुशी में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने गुरुवार को युवाओं के साथ आभार कार्यक्रम आयोजित कर खुशी मनाई। उन्होंने इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार का इस बात के लिए आभार जताया कि सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता बरती गई। युवा आकाश और दीपांशु की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नवीन गोयल ने कहा कि अपने 9 साल के कार्यकाल में हरियाणा में

मनोहर सरकार के 9 साल पूरे होने पर युवाओं के साथ नवीन गोयल।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने जवानों, किसानों, महिलाओं, युवाओं समेत हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किए। नई-नई योजनाएं बनाकर उनका अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया। आज पूरा प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभारी है, जिन्होंने तकनीक का सबसे अधिक इस्तेमाल करके हर विभाग में पारदर्शिता लाने का काम किया। एक तरह से डिजिटल क्रांति हरियाणा में लायी गई। प्रदेश में निष्पक्ष काम करने का यह सबसे बड़ा प्रमाण है कि 9 साल में 1 लाख 14 हजार 210 सरकारी नौकरियां दी गई। पूर्व की सरकारों से आगे बढ़कर काम करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 30 प्रतिशत अधिक नौकरियां दी।

नवीन गोयल ने कहा कि चाहे सड़कों की बात हो या फिर परिवहन सुविधाएं बढ़ाने की बात हो, इस पर भी सरकार ने माइल स्टोन स्थापित किए हैं। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के कुशल नेतृत्व में परिवहन विभाग मजबूत हुआ है। प्रवासी लोगों को सहूलियत देते हुए जहां उनके प्रदेश के अंतिम छोर तक हरियाणा रोडवेज की बसों का संचालन शुरू किया गया, वहीं खाटू श्यामजी तक गुरुग्राम से रोडवेज की बस शुरू की। शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतरीन काम किए गए हैं। शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर के नेतृत्व में स्कूली और कालेज स्तर की शिक्षा में काफी सुधार हुए हैं। पढ़ने के इच्छुक हर छात्र को सरकारी कालेजों में दाखिला मिले, इसके लिए पूरी निष्ठा से काम किए गए। नवीन गोयल ने कहा कि इसके अलावा भी आमजन से जुड़े मुद्दों पर सरकार सदा जनहित में काम करती रही है।

मृत लोगों के नाम से निकाली जा रही थी वृद्धावस्था पेंशन

सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी में किया खुलासा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता ने फरीदाबाद द्वारा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड गांव अमरपुर जिला पलवल में चेकिंग के दौरान फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मृत लोगों के नाम निकली जा रही वृद्धावस्था पेंशन का खुलासा किया।

गुरुवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद को सूचना प्राप्त हुई थी कि दी फरीदाबाद केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड गांव अमरपुर जिला पलवल में नियुक्त कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा कुछ ऐसे लोगों की वृद्धावस्था पेंशन को फर्जी विड्रोल फॉर्म भरते हुए निकाला हुआ है, जिनकी मृत्यु काफी समय पहले ही हो चुकी है। यदि संबंधित विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर बैंक के रिकॉर्ड का निरीक्षण किया जाए तो लाखों रुपए की धांधलेबाजी सामने आ सकती है। सूचना के आधार पर मनीष सहगल मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद के नेतृत्व में राजेंद्र कुमार, सतीश उप निरीक्षक व प्रभु दयाल द्वारा सुखबीर सिंह स्थापना अधिकारी दी फरीदाबाद केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड फरीदाबाद के साथ किशन सिंह शाखा प्रबंधक की मौजूदगी में शाखा अमरपुर जिला पलवल से वृद्धावस्था पेंशन विदड्रॉल से सम्बंधित दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गांव बलई, अमरपुर, थंथरी, कुलेना आदि के कुछ ऐसे लोगों, जिनकी मृत्यु काफी समय पहले हो गई थी, के वृद्धावस्था पेंशन खातों से की गई निकासी से सम्बंधित दस्तावेजों को चेक करने पर पाया गया कि इसी बैंक में कार्यरत लेखराम व जितेंद्र डेटा एंट्री ऑपरेटर द्वारा आपस में साजबाज होकर मृत वृद्धवस्था पेंशन धारकों के नाम से फर्जी विड्रोल फॉर्म तैयार करके बैंक से लाखों रुपए की धनराशि निकाल कर अनुचित लाभ कमाया हुआ है।

संक्षिप्त समाचार

पार्षद पद के उपचुनाव में दूसरे दिन 4 नामांकन भरे

सोहना एसडीएम कार्यालय में पार्षद पद के उपचुनाव में नामांकन भरते हुए ललित जिंदल।

सोहना। नगर परिषद वार्ड-15 में पार्षद पद के उपचुनाव में आखिरी दिन 4 नामांकन भरे गए। उपचुनाव के लिए दो दिन में कुल 6 नामांकन भरे गए। भरे गए नामांकनों की जांच कल शुक्रवार को होगी। नगर परिषद के वार्ड-15 में पार्षद पद के लिए 5 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए कुल 6 नामांकन भरे गए हैं। गुरुवार को 4 नामांकन भरने वालों में ललित जिंदल, पंकज, संदीप और रीना देवी शामिल है। इससे पहले बुधवार को दो नामांकन कुसुम गोयल व अनिल गोयल द्वारा अपना-अपना नामांकन भरा गया। भरे गए नामांकनों की छटनी शुक्रवार को की जाएगी। शनिवार को दोपहर बाद तीन बजे तक उम्मीदवार द्वारा नाम वापस लेने का समय होगा। उसके बाद चुनाव मैदान में रहने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह दिए जाएंगे। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद वार्ड में राजनीति गतिविधियां तेज हो जाएंगी। एसडीएम प्रदीप सिह ने बताया कि चुनाव को लेकर पूरी तैयारियां कर ली गई है। चुनाव केन्द्र संख्या 30 और 31 पर भी सभी तैयारियां पूरी कर ली है। चुनाव में ड्यूटियां लगाने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। चुनाव कड़ी सुरक्षा के बीच कराया जाएगा।

गुरुग्राम के सेक्टर-57 में ब्लास्ट, एक पशु की मौत

गुरुग्राम। यहां सेक्टर-57 स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी में मलबे में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट इतना भयंकर था कि इसमें एक पशु की मौत हो गई और आसपास के घरों के शीशे टूट गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अलावा फोरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार सेक्टर-57 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक मकान के पास मलबा पड़ा था। गुरुवार को इस मलबे में जोरदार धमाका हुआ। वहां पर एक पशु धमाके इसकी चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों के शीशे भी टूट गए। एसीपी कपिल एहलावत ने बताया कि गुरुग्राम पुलिस की कंट्रोल रूम से इस ब्लास्ट की सूचना मिली थी। पुलिस की विभिन्न टीमें मौके पर पहुंची। डिजास्टर मैनेजमेंट टीम और बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। इस ब्लास्ट में घरों के शीशे भी टूटे हैं। फिलहाल इस मामले में लगातार तफ्तीश जारी है। जांच के बाद ही इस पूरी घटना का सच सामने आएगा।

एचएम स्कूल के खिलाड़ियों ने ऐलनाबाद में जीते मेडल

सीबीएसई के नॉर्थ जोन टूर्नामेंट में विजेता गुरुग्राम के खिलाड़ी।

गुरुग्राम। एचएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शीतला कालोनी के छात्रों ने सीबीएसई द्वारा आयोजित नॉर्थ जोन टूर्नामेंट में भाग लिया। यह टूर्नामेंट सीआरडीएवी ऐलनाबाद में आयोजित किया गया। इस नॉर्थ जोन तीरंदाजी टूर्नामेंट में विद्यालय के छात्रों ने सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस नॉर्थ जोन टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों के 1200 से भी अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में खेलने गई टीम में शालिनी, योगिता, ज्योति व आरुही ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इन छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत के बल पर सीबीएसई नेशनल के लिए क्वालिफाई कि विद्यालय के छात्र वंश ने व्यक्तिगत रूप से क्वालिफाई करके विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। एचएम स्कूल की इंडियन राउंड अंडर-19 की छात्राओं ने अपनी टीम को सिल्वर मेडल हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया। छात्र कार्तिक, वंश, मनबीर व परीक्षित की टीम ने दूसरा स्थान हासिल करके सिल्वर मेडल जीता। जूडों में अंडर-19 के 75 किलो वर्ग में प्रिंस अहलावत ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। विद्यालय के निदेशक गौरव अरोड़ा, प्रधानाचार्या सुनीता यादव, उप-प्रधानाचार्या नीलम शर्मा ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। टीम को भविष्य में इसी तरह से सफलता प्राप्त करते हुए नेशनल स्तर के लिए भी शुभकामनाएं दीं।

70 संस्थाओं ने मनाया बोधराज सीकरी का 70वां जन्मदिन

मुख्यमंत्री मनोहर लाल व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने ऑनलाइन माध्यम से लिया आशीर्वाद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी के 70वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें गुरुग्राम की 70 सामाजिक, धार्मिक और औद्योगिक संस्थाओं ने सीकरी का अभिनंदन किया। एक साथ 1500 से अधिक शुभचिंतकों ने 21-21 बार हनुमान चालीसा पाठ कर 4 लाख पाठ का आंकड़ा पार किया। इस कार्यक्रम में महा मंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पूर्व सांसद डा. सुधा यादव, विधायक सुधीर

गुरुग्राम में बोधराज सीकरी को जन्मदिन पर आशीर्वाद देने पहुंचे स्वामी धर्मदेव।

सिंगला, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, मधु आजाद, नवीन गोयल, डॉ. परमेश्वर अरोड़ा, राम किशन गांधी, सिद्धार्थ यादव, मनीष गाडोली, महेश यादव, अनिल यादव, अनिल यादव पार्षद, अश्विनी वर्मा पार्षद, परमिंदर कटारिया, अर्जुन, पूनम भटनागर, वरिष्ठ अधिवक्ता मोनिका स्वामी ने शिरकत की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने ऑनलाइन माध्यम से बधाई दी। बोधराज सीकरी की सामाजिक सेवाओं और विशेषकर हनुमान चालीसा पाठ मुहिम की प्रशंसा की। ओम प्रकाश धनखड़ ने अपने बेटे आदित्य धनखड़ को आयोजन में भेजा। पूनम माता संयोजिका मां वैष्णो देवी मंदिर गढ़ी-हरसरू, डॉक्टर अलका शर्मा ज्योतिषाचार्य और चूड़ामणि गोसाई, गोपीनाथ मंदिर अर्जुन नगर, आशा सेठ ने भी बोधराज सीकरी जी को आशीर्वाद दिया। संघ परिवार से जगदीश ग्रोवर ने आकर आशीर्वाद दिया। डॉक्टर अशोक दिवाकर ने मंच का बखूबी संचालन किया।

धरमपुर गांव के पास नजफगढ़ ड्रेन के कीचड़ में नील गाय को डूबने से बचाया

गुरुग्राम। धरमपुर गांव के निकट नजफगढ़ ड्रेन के कीचड़ में करीब 6 फीट की गहराई में फंसी नील गाय को निकालकर लोगों ने जीवनदान दिया। नाले के किनारे जमा कीचड़ के कारण वहां तक जाना भी मुश्किल था। फिर भी कड़ी मशक्कत करके उसे निकाला गया।

अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्ध पर्यावरण जीव विज्ञानी प्रोफेसर राम सिंह को नील गाय के फंसे होने की सूचना मिली। गांव के पूर्व सरपंच अशोक को भी घटना की जानकारी दी गई। तुरंत बगल के निर्माण स्थल से मजदूरों को बुलाया गया और जानवर के मरने से पहले बचाव अभियान शुरू किया गया। वन्य जीव विभाग को भी सूचना दी गई लेकिन स्थिति गंभीर थी।

बचावकर्मियों के लिए भी अत्यधिक नाजुक कीचड़ भरी स्थिति में बहुत तेज, सक्रिय और खतरनाक जानवर की मदद करना जोखिम भरा था, लेकिन लंबी रस्सियों और बांस की मदद से, खुद अशोक सहित

धरमपुर गांव के पास नजफगढ़ ड्रेन में फंसी नील गाय को निकालते लोग।

लगभग 20 लोगों की एक समन्वित टीम फंसे हुए जानवरको सफलतापूर्वक बाहर निकालने में कामयाब रही। प्रोफेसर राम सिंह ने जानवर और बचावकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे ऑपरेशन का मार्गदर्शन किया।

प्रोफेसर सिंह ने हरियाणा के इस संकट ग्रस्त और पवित्र जानवर को बचाने के लिए ग्राम प्रधान अशोक और उनकी टीम को धन्यवाद दिया। प्रोफेसर राम सिंह ने पहले भी गुरुग्राम में कई घायल पक्षियों और जानवरों को ऐसी दुर्घटनाओं से बचाया और पुनर्वास किया है।

डिलीवरी का समान गबन करने वाले डिलीवरी ब्वॉय समेत 2 आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम। एक कंपनी का सामान डिलीवरी करने वाले कर्मचारियों द्वारा सामान ग्राहकों को डिलीवर करने की बजाय खुद ही रख लिया। जब कंपनी के पास यह शिकायत पहुंची तो कंपनी ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने एक डिलीवरी ब्वॉय व एक अन्य युवक को काबू किया है। एसीपी अपराध वरुण दहिया ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों से और भी पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार 8 अक्टूबर 2023 को एक व्यक्ति में थाना शिवाजी नगर में शिकायत दी थी कि कंपनी इंस्टाकार्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, खांडसा रोड में काम करने वाले डिलीवरी ब्वॉय द्वारा 60 शिपमेंट लेकर कस्टमर को डिलीवर नहीं करने तथा उनका गबन करने के संबंध में दी गई।

डीएचबीवीएन के एमडी अमित खत्री ने गुरुग्राम में की ऑपरेशनल रिव्यू बैठक

गुरुग्राम में ऑपरेशनल रिव्यू कमेटी (ओआरसी) की बैठक लेते डीएचबीवीएन के प्रबंध निदेशक अमित खत्री।

उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति का लाभ देना विभाग की प्राथमिकता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने गुरुवार को डीएचबीवीएन की ऑपरेशनल रिव्यू कमेटी (ओआरसी) बैठक की। इस बैठक में बिजली निगम द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों की समीक्षा की गई और करवाए जा रहे सभी विकास कार्यों का विवरण दिया गया।

प्रबंध निदेशक ने सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि दिसंबर माह से पहले हमारे जो भी पैरामीटर हैं, उन पर कार्य करते हुए ज्यादा लाइन लॉस वाले जिलों में सुधार लाने का प्रयास करें। जिन स्थानों पर सर्वाधिक चोरी की घटनाएं हैं, वहां विशेष अभियान चलाकर दोषी के खिलाफ निर्धारित कार्रवाई अमल में लाई जाए। प्रबंध निदेशक ने कहा कि जिन 11 केवी फीडर पर उनकी निर्धारित क्षमता से अधिक लोड है, उसे आगामी गर्मियों से पहले मासिक लक्ष्य निर्धारित कर उनकी लोड क्षमता बढ़ाई जाए। वहीं जगमग योजना के तहत भी जो फीडर निर्धारित लोड से अधिक भार पर काम कर रहे हैं, उनका लोड भी बढ़वाना सुनिश्चित करें।

अमित खत्री ने बिजली विभाग द्वारा दी जा रही विभिन्न सेवाओं के संदर्भ में फीडबैक बिंदु की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी दिसंबर माह में होने वाले समीक्षा बैठक से पूर्व यदि नेगेटिव फीडबैक की संख्या में कमी नहीं आई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विकास कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारियों को जो लक्ष्य दिए गए हैं। वे उन पर पूरी तन्मयता से कार्य करते हुए उन्हें पूरा करे। उन्होंने कहा कि यह समीक्षा लगातार जारी रहेगी।

समीक्षा बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर सिलसिले वार विचार विमर्श करने के साथ ही विभाग की सेवाओं व सुविधाओं में कैसे ओर बढ़ोतरी की जाए इसके लिए उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों से सुझाव भी मांगे गए। इस बैठक में ऑपरेशन निदेशक नीरज आहूजा, प्रोजेक्ट्स निदेशक सुरेश बंसल, मुख्य अभियंता (ओ) विनीता सिंह, मुख्य अभियंता (ओ, हिसार) रजनीश गर्ग बिजली निगम के सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यकारी अभियंता सहित मॉनिटरिंग कार्यकारी अभियंता प्रदीप ढुल आदि मौजूद रहे।

2640 क्विंटल धान की आवक, मजूबरी में निजी एंजेसियों को बेच रहे किसान

सोहना की अनाज मंडी में किसानों द्वारा बिक्री के लिए लाया गया धान।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

स्थानीय अनाज मंडी में बाजरे के साथ-साथ किसानों द्वारा धान की आवक फसल को बेचने के लिए लाना शुरु कर दिया है। अभी तक मंडी में 6240 क्विंटल धान की आवक हुई है। किसानों के धान को निजी एजेंसियां खरीद रही हैं।

स्थानीय अनाज मंडी में बाजरे की आवक अब नाममात्र रह गई है। अब किसानों ने अपनी धान की फसल को बिक्री के लिए लाना शुरु कर दिया है। अब तक मंडी में 2640 क्विंटल धान की आवक हुई है। मंडी में धान की फसल को खरीदने के लिए सरकारी एंजेसी न होने के कारण किसान निजी एजेंसियों को धान बेच रहे हैं। निजी एजेंसियां किसान के धान को 2800 से लेकर 4200 रुपये तक खरीद कर रहे है।

> **क्षेत्र** में सरकार की तरफ से धान की सरकारी खरीद लागू नहीं की जाती। क्षेत्र में किसान द्वारा बिजाई की जाने वाला धान बारिक दाने वाला होता है।
> **(अरुण सोलंकी-क्षेत्रीय अधिकारी कृषि विभाग)**

धान की सरकारी खरीद की मांग : क्षेत्र के किसान स्थानीय अनाज मंडी में भी धान की सरकारी खरीद शुरु किए जाने की मांग कर रहे है। किसानों का कहना है कि स्थानीय मंडी भी धान की सरकारी खरीद होनी चाहिए। क्योकि इस बार क्षेत्र के किसानों द्वारा करीब 4400 एकड़ जमीन पर धान की पैदावार ली है। किसान प्रदीप सिंह का कहना है कि क्षेत्र का किसान पिछले करीब 20 साल से धान की सरकारी खरीद किए जाने की मांग कर रहे हैं।

वर्क इंडिया के नवीनतम डाटा से सामने आई तस्वीर देश भर में स्किल्ड जॉब्स की बढ़ी मांग

आर्किटेक्ट्स, ब्यूटीशियन, इंजीनियर्स के मामले में जॉब सर्च में दिखी वृद्धि

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अग्रणी टेक-इनेबल्ड ब्लू-कॉलर रिक्रूटमेंट प्लेटफॉर्म वर्क इंडिया ने मौजूदा जॉब मार्केट को लेकर नई तस्वीर साझा की है। नवीनतम डाटा से सामने आया है कि देशभर में स्किल्ड प्रोफेशनल्स की मांग बढ़ी है। इन आंकड़ों से देश में रोजगार के परिदृश्य में हो रहे बदलाव को लेकर अहम जानकारी मिली है। इससे रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं की अपेक्षाएं सामने आई हैं। हाल के वर्षों में अर्थव्यवस्था में आए बदलाव को देखते हुए ये आंकड़े बहुत अहम तस्वीर पेश करते हैं।

आंकड़े स्पष्ट रूप से दिखा रहे हैं कि विभिन्न सेक्टर में रोजगार के अवसर तलाश रहे लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आर्किटेक्ट्स को लेकर जॉब सर्च में 69 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि ओपनिंग्स में 75 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। ब्यूटीशियन को लेकर जॉब सर्च 125 प्रतिशत बढ़ी है और ओपनिंग्स में 102 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इंजीनियर्स की मांग भी बढ़ी है। जॉब सर्च में 78 प्रतिशत की और ओपनिंग्स में 93 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इवेंट मैनेजमेंट सेक्टर में जॉब सर्च 120 प्रतिशत और ओपनिंग्स 159 प्रतिशत ज्यादा देखने को मिलीं। ग्राफिक डिजाइनर्स के मामले में जॉब सर्च 108 प्रतिशत और ओपनिंग्स 114 प्रतिशत ज्यादा देखी गईं। टेक्नीशियंस के मामले में जॉब सर्च 123 प्रतिशत एवं ओपनिंग्स 86 प्रतिशत, फोटोग्राफर्स के मामले में जॉब सर्च 81 प्रतिशत और ओपनिंग्स 63 प्रतिशत और मशीन ऑपरेटर्स के मामले में जॉब सर्च 119 प्रतिशत और ओपनिंग्स 103 प्रतिशत ज्यादा दर्ज की गईं। जॉब सर्च और जॉब ओपनिंग्स के मामले में यह वृद्धि किसी क्षेत्र विशेष में ही नहीं देखने को मिली है, बल्कि टॉप 6 शहरों बेंगलुरु, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई और पुणे में यह ट्रेंड दिखा। ये शहर स्किल्ड लोगों के लिए बेहतरीन जॉब हब बनकर सामने आए हैं। ये आंकड़े विभिन्न सेक्टर में स्किल्ड प्रोफेशनल्स की बढ़ती मांग को दिखाते हैं, जो भारतीय जॉब मार्केट में बदलते ट्रेंड की तस्वीर है। वर्कइंडिया के आंकड़े स्पष्ट रूप से दिखा रहे हैं कि इन सेक्टर्स में नौकरी चाहने वाले लगातार संभावनाएं तलाश रहे है। साथ ही नियोक्ता भी अनुभवी लोगों को रखने के लिए तैयार हैं।

इस संबंध में वर्कइंडिया के सह-संस्थापक एवं सीईओ नीलेश डुंगरवाल ने कहा, 'वर्कइंडिया में हमारा मिशन सदैव देश में ब्लू-कॉलर वर्कर्स को अर्थपूर्ण आजीविका के अवसर प्रदान करना रहा है। यह डाटा लोगों को सही अवसर तक पहुंच की जरूरत को और मजबूती से सबके सामने रखता है, साथ ही नौकरी चाहने वालों और नौकरी देने वालों के बीच की दूरी को कम करने की जरूरत दिखाता है। हम लोगों को उनके अनुकूल रोजगार से जोड़ने, आर्थिक विकास को गति देने और देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' भारत का वर्कफोर्स लगातार बदल रहा है और वर्कइंडिया लोगों को रोजगार की तलाश में मदद देने और रोजगार चाहने वालों एवं नियोक्ताओं के बीच की दूरी को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। नवीनतम आंकड़े इस मिशन में कंपनी की प्रतिबद्धता को दिखाते हैं।

दो करोड़ से बनी टिकट खिड़की 10 साल बाद भी नहीं हुई शुरू

पदम सिंह घुघेरा। पलवल

अलीगढ रोड की तरफ के यात्री पुल पार करके टिकट लेने को मजबूर

पलवल रेलवे स्टेशन पर स्टेशन की पूर्व दिशा यानी अलीगढ़ व मोहना रोड की तरफ से आने वाले रेल यात्रियों की सुविधा के लिए दो करोड़ की लागत से बना टिकट खिड़की केंद्र 10 साल बाद भी सफेद हाथी साबित हुआ है। इस टिकट खिड़की को आज तक शुरू नहीं किया गया है। जिससे आज भी पूर्व दिशा की तरफ से आने वाले दैनिक रेल यात्री पश्चिम दिशा की टिकट खिड़की से टिकट खरीदने को मजबूर हैं। इससे यात्रियों को कठिनाई होती है। कई बार इधर से इधर आने में उनकी ट्रेन छूट जाती है। जिससे सैकडों रुपये खर्च करके बसों और दूसरे वाहनों से अपने कार्य स्थल पर पहुंचना पड़ता है। इससे यात्रियों में रेलवे के खिलाफ भारी रोष है।

पलवल रेलवे स्टेशन से हर रोज लगभग 30 हजार यात्री दूसरे स्टेशनों को यात्रा करते हैं। इन यात्रियों में से आधे यात्री पलवल रेलवे स्टेशन के पूर्व दिशा की तरफ से आते हैं। इनमे अधिकतर सिहोल, चांदहट, घोड़ी, पेलक, रसूलपुर, भवाना, हसनपुर, जटौली, रामगढ़, कुशक-बडौली, अलावलपुर, अमरपुर, कटेसरा, जनौली, जेवर, टप्पल, जट्टारी, अलीगढ़, बुलंदशहर की तरफ से आते हैं। स्टेशन के पूर्व दिशा की तरफ से आने की वजह से ये अपने वाहनों को पूर्व दिशा मे ही खड़े करके आते हैं। हालांकि पूर्व दिशा में रेल यात्रियों को टिकट खरीदने की सुविधा देने के लिए वर्ष 2013 के करीब दो करोड़ की लागत से टिकट खिड़की का निर्माण किया गया था, वहां पर यात्रियों को टिकट

उपलब्ध करवाने के लिए चार टिकट खिड़कियों की सुविधा बनाई गई थी। परंतु 10 साल बाद भी इस टिकट खिड़की को शुरू नहीं किया गया है। जिसकी वजह से सभी यात्रियों को पश्चिम दिशा पर आकर टिकट खिड़कियों से ही टिकट खरीदनी पड़ती है। जिससे यहां पर टिकट खरीदने वालों की भारी भीड़ रहती है।

पूर्व दिशा से पश्चिम टिकट खिड़की केंद्र तक पंहुचने के लिए लगभग 12 लाइनों को पार करना पड़ता है। जिससे कई बार दैनिक यात्री टिकट तक नहीं खरीद पाते है। वहीं ऐसा करते हुए कई बार यात्रियों की गाड़ी तक छूट जाती है। जिससे उन्हें निजी वाहनों और बसों आदि से कार्य स्थल तक जाना पड़ता है। इससे उनके सैकडों रुपये लगते है। वहीं ऐसा करते हुए कई बार यात्री रेल लाइन पार करते हैं। इससे वे रेलगाड़ी की चपेट में आ जाते है। यात्रियों का कहना है कि लगभग दो करोड़ की लागत से पलवल स्टेशन के पूर्व दिशा में टिकट खिड़की का निर्माण किया गया था। जिसको आज तक शुरू नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि यदि टिकट खिड़की को चालू ही नहीं करना था तो दो करोड़ खर्च करने की जरूरत ही क्या थी। दैनिक रेल यात्रियों का कहना है कि अब तो यह टिकट खिडकी बगैर इस्तेमाल किए ही जर्जर होने लगी है। उन्होंने इसे तुरंत ही चालू करने की मांग की है, जिससे पूर्व दिशा की तरफ आने वाले यात्री पूर्व में ही टिकट खरीद कर अपनी यात्रा कर सकें। असावटी, बल्लभगढ़, न्यू टाउन, ओल्ड फरीदाबाद, तुगलकाबाद, ओखला, निजामुद्दीन, नई दिल्ली, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, पुरानी दिल्ली, गाजियाबाद, साहिबाबाद, मेरठ, पानीपत, करनाल, अंबाला, कुरूक्षेत्र, कोसी, छाता, मथुरा, आगरा, झांसी, ललितपुर, मुंबई, कोटा आदि शहरों को रोज हजारों यात्री पलवल स्टेशन से यात्रा करते हैं।

> **दो** करोड़ की लागत से पलवल स्टेशन पर बनाई टिकट खिड़की को 10 साल बाद भी शुरू नहीं किया गया है। जिससे इस दिशा से आने वाले यात्रियों को आज भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
>
> **-खिताब सिंह, दैनिक यात्री**

> **पूर्व** दिशा में बनी टिकट खिड़की को रेलवे को तुरंत ही शुरू करना चाहिए। जिससे वहां से आने वाले हजारों यात्रियों को टिकट खरीदने में सुविधा रहे।
>
> **-द्रोण सिंह, दैनिक यात्री**

> **पलवल** रेलवे स्टेशन पर स्टाफ की कमी बनी हुई है। जैसे ही नया स्टाफ आएगा। दूसरी तरफ की टिकट खिड़की को शुरू कर दिया जाएगा।
>
> **-नरेंद्र बिष्ट, स्टेशन मास्टर**

अच्छी नीयत से मेहनत करने पर जीवन में सफलता निश्चित : डॉ. अंशु सिंगला

मंडल स्तर के तीन दिवसीय बाल दिवस समारोह का हुआ शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की जिला शाखा पलवल द्वारा पुराना जीटी रोड पर स्थित बाल भवन में तीन दिवसीय मंडल स्तरीय बाल दिवस समारोह का शुभारंभ गुरुवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. अंशु सिंगला ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी नियत से मेहनत करेंगे तो जीवन में निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। जीवन में कभी भी निराश न हों। असफल होने की स्थिति में भी दुगुनी मेहनत करके सफलता की ओर अग्रसर होवें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि लोगों को यातायात के सभी नियमों का पूर्ण रूप से पालन करना

चाहिए। यातायात के नियमों का उल्लंघन न केवल अपराध है, बल्कि अपने व दूसरे के जीवन के साथ खिलावाड़ है। इसलिए यातायात के नियमों के बारे में स्वयं जागरूक होकर दूसरे लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए बेहतरीन ग्रुप डांस व सोलो डांस की सराहना करने के साथ-साथ विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में पलवल, फरीदाबाद व नूंह जिला के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा पहले दिन अपनी-अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

गुरुवार को आयोजित की गई प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा ग्रुप डांस व सोलो डांस का आयोजन किया गया। जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा डागर ने समारोह में पधारने पर मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेट कर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ. अंशु सिंगला को स्मृति चिन्ह भेटकर उनका धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर रणवीर मनोज, सीडब्ल्यूसी भगत सिंह तेवतिया, आजीवन सदस्य मनोज, रामेश्वर, जसवीर तेवतिया, सुरजीत, कृष्णा, निर्णायक कमेटी के सदस्य डॉ. मोनिका, डॉ. वंदना, डॉ. सूरज, पूनम यादव, प्रधानाचार्या डॉ. मोनिका, डॉ. शिवा वर्मा, कंचन माहेश्वरी सहित सभी कर्मी मौजूद रहे।

छात्राओं और अध्यापकों को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

महिला थाना बल्लभगढ़ प्रबंधक गीता की पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए फरीदाबाद के जवाहर नवोदय विद्यालय मोठूका स्कूल में छात्राओं को महिला सुरक्षा, गुड टच बेड टच, महिला विरुद्ध अपराध, साइबर अपराध, नशा मुक्ति व यातयात नियमों संबंध में जागरुक किया है। स्कूल स्टाफ के साथ करीब 350 छात्राएं मौजूद रही।

पुलिस टीम ने जवाहर नवोदय विद्यालय मोठूका स्कूल में पुलिस टीम ने छात्राओं को आम जीवन में होने वाले क्राइम की जानकारी दी जिसमें उनको गुड टच बेड टच, महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में छात्राओं को जागरुक किया। उन्होंने बताया कि एक पढ़ी-लिखी नारी अपने अधिकारों को जानती है और वह किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने में समर्थ होती है, इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक बच्चे को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए, ताकि वह इस समाज की बुराइयों से लड़ सके और अपने हक के लिए आवाज उठा सकें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी इस सामाजिक जीवन में अपने आसपास महिला विरुद्ध अपराध को देखते हैं जिसमें महिला, लडकी से छेडछाड, लडकी, बच्चों को शोषण, दहेज प्रथा इत्यादि। बच्चे छोटे होते है जिनको ज्ञान नहीं होता कि छेडछाड, लड़की, बच्चों को शोषण व दहेज लेना कानूनन अपराध है। इसके साथ ही छात्राओं को गुड व बैड टच के संबंध में जागरूक करते हुए बताया कि यदि किसी व्यक्ति ने गलत तरीके, नीयत से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं, क्योंकि यदि आप इसका विरोध नहीं करेंगे तो आरोपी फिर से इस प्रकार की अपराधिक वारदात को अंजाम देने व गलत हरकत करने की कोशिश करेगा।

उन्होंने बताया कि पहले इस बात के बारे में बहुत कम जानकारी होती थी कि गुड टच बैड टच क्या होता है, परंतु आजकल इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों, छात्राओं को इसकी जानकारी दी जा रही है। इसलिए यदि कोई भी व्यक्ति उन्हें गलत तरीके से किसी लड़की को छूने की कोशिश करता है तो चुप रहकर इसे सहन ना करे इसके संबंध में परिजनों के माध्यम से पुलिस को सूचित करे। समाज की कुरुतियों से हम सबको एकजुट होकर लड़ाई लड़का चाहिए।

छात्राओं को संस्था द्वारा बांटी गई साइकिलें

पंख कार्यक्रम में पचौली की संस्थापक डॉ. प्रीति सेठ सम्मानित अतिथि के रूप में रहीं उपस्थित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

नवरात्र में दुर्गाष्टमी के दिन रोटरी क्लब की ओर से सेक्टर-12 कन्वेंशन हॉल में पंख कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली जरूरतमंद छात्राओं को 1000 साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में फरीदाबाद एनआईटी के अध्यक्ष रोटेरियन वीरेंद्र मेहता और फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता बतौर मुख्यातिथि मौजूद थे। इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में उद्यमी और पचौली एस्थेटिक्स एंड वेलनेस की संस्थापक और संरक्षक डॉ. प्रीति सेठ भी मौजूद रहीं।

कार्यक्रम में डॉ. सेठ ने उस्ताद इकबाल की गहन पंक्तियां पढ़ीं, उन्होंने सभी लड़कियों से कहा आकांक्षाओं की कोई सीमा नहीं है, आकाश क्षितिज अनंत और असीम है। सभी लड़कियां पढ़ लिखकर आसमान की खूब ऊंचाइयों को छुएं। डॉ. सेठ ने इस तरह के प्रभावशाली आयोजनों का हिस्सा बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की। यह

कार्यक्रम जिला गवर्नर रोटेरियन जितेंद्र गुप्ता के नेतृत्व और प्रथम महिला पीपी रोटेरियन डॉ. दीप्ति गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में 20 से अधिक सहायक रोटरी क्लबों और आठ समर्पित रोटेरियनों द्वारा किया गया एक सामूहिक प्रयास था। इस कार्यक्रम में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों की नौ प्रमुख महिलाओं की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इन महिलाओं ने समाज में उल्लेखनीय योगदान दिया है और कई लोगों के लिए प्रेरणादायक शख्सियत बन गई हैं। कार्यक्रम में सम्माननीय अतिथि में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनीता कांत, हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया, परिवार न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश कुमुद गुगनानी, पलवल की जिला विकास पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा शामिल थीं। शूटिंग में स्वर्ण पदक विजेता रिदम सांगवान मौजूद रहीं।

पटाखे से झुलसी छह वर्षीय बच्ची

पटाखा नहीं जलने पर पास पहुंची तो अचानक फटा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

पटाखे की चपेट में आने से छह वर्षीय बच्ची हादसे का शिकार हो गई। पटाखे से बच्ची का चेहरा जल गया, वहीं आंख को भी नुकसान पहुंचा है। बच्ची का उपचार जिला नागरिक अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, मीसा गांव निवासी उमाशंकर ने बताया कि उनकी छह वर्षीय बेटी राखी सुबह घर में बने चौक में पटाखा जला रही थी। पटाखा नहीं जला तो राखी उसके पास चली गई। उसी दौरान अचानक से पटाखा फट गया। पटाखे की चपेट में आने से राखी का चेहरा जल गया, वहीं उसकी दोनों आंखों को भी नुकसान पहुंचा।

राखी की चीख सुनकर वह मौके पर पहुंचे। आनन-फानन वह राखी को लेकर पलवल के एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला नागरिक अस्पताल जाने के लिए कहा गया। इसके बाद वह राखी को लेकर जिला नागरिक अस्पताल गए। नागरिक अस्पताल में डॉक्टरों ने कड़ी मशक्कत के बाद राखी की आंखें खोली और उसका उपचार शुरू किया।

प्रतिबंधित पटाखे बेच रहा युवक पकड़ा : वहीं दूसरी पुलिस ने चोरी छिपे पटाखे बेच रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कैंप थाना पुलिस ने आरोपी से भारी मात्रा में पटाखे बरामद किए हैं। बता दें कि एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पटाखों की बिक्री व जलाने पर पूर्ण रूप से रोक लगाई गई है। बावजूद इसके लोग चोरी छिपे पटाखे बेच रहे हैं। कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, उनकी टीम ताऊ देवी टाउन पार्क के समीप गश्त कर रही थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली कि जवाहर नगर कैंप स्थित राधा स्वामी अस्पताल से आगे वाली गली में एक युवक घर में स्टॉल लगाकर प्रतिबंधित तेज धमाका करने वाले पटाखों की बिक्री कर रहा है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची तो वहां पर मौजूद एक युवक पुलिस को देखते ही भागने लगा। टीम ने पहले भागने वाले युवक को काबू किया और उससे उसका नाम पता पूछा तो उसने जवाहर नगर कैंप निवासी राजेश कुमार बताया।

छात्राओं को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जागरूक रहना अत्यंत जरूरी

डीएलएसए ने अलावलपुर में किया विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पलवल के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन पुनीश जिंदिया के मार्गदर्शन व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव कुनाल गर्ग के नेतृत्व में बाल विवाह रोकथाम व किन्नरों के अधिकारों से संबंधित अभियान के अंतर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय

अलावलपुर में गुरुवार को विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन पैनल अधिवक्ता जगत सिंह रावत, चंद्रपाल, दिनेश कुमार, स्वयंसेवक राजकुमार द्वारा किया गया। शिविर का संयोजन गैर सरकारी संस्था शक्ति वाहिनी के प्रतिनिधि मोहित डागर व रचना सौरोत द्वारा किया गया। शिविर में संचालन शिक्षिका प्रीति ने किया।

शिविर में प्राधिकरण के अधिवक्ता जगत सिंह रावत ने छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम -2006 के विशेष प्रावधानों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। उन्होंने समाज के हर जरूरतमंद व पीड़िताओं के लिए प्राधिकरण द्वारा जारी मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

उन्होंने कहा कि बाल विवाह के कारण पीड़ित बच्चों की आगामी शिक्षा प्रभावित होती है, जिसके कारण उनके दांपत्य जीवन पर शारीरिक, मानसिक, आर्थिक नुकसान सहित गंभीर बीमारियों से जीवन अंधकारमय होता है। बाल विवाह करना व बाल विवाह में संलिप्त या शामिल होना एक दंडनीय अपराध है, जिसमें दोषी पाए जाने वाले को दो वर्ष कैद व एक लाख का जुर्माना से दंडित किया जा सकता है। इसके अलावा छात्राओं के कर्तव्यों सहित नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्होंने बाल विवाह के विशेष प्रावधानों, एनसीसी के उद्देश्य, शिक्षा का महत्व, शिक्षा के माध्यम से जागरूक होकर राष्ट्रीय सेवा के लिए तत्परता व यौन शोषण पीड़िताओं के कानूनी अधिकारों संबंधी विशेष सवाल-जवाब के माध्यम से भी छात्राओं को जागरूकता फैलाने व जागरूक रहने और अपने आपको तथा अपने परिजनों को सुरक्षित व संरक्षित रखने हेतु भी प्रेरित किया।

रैली में जिले से हजारों कर्मचारी भाग लेंगे : करतार सिंह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुरानी पेंशन बहाली और ठेका कर्मियों की नियमितीकरण आदि सात सूत्रीय मांगों को लेकर तीन नवंबर को रामलीला मैदान नई दिल्ली में होने वाली चेतावनी रैली में जिले से हजारों कर्मचारी शामिल होंगे। यह फैसला बृहस्पतिवार को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला कार्यालय में आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया।

मीटिंग की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला प्रधान करतार सिंह ने की। जिला सचिव युद्धवीर सिंह खत्री द्वारा संचालित इस मीटिंग में बिजली, नगर निगम, रोडवेज, पशु पालन, एचएसवीपी, जन स्वास्थ्य, स्वास्थ्य, सिंचाई, पीडब्ल्यूडी बी एड आर, टूरिज्म, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से तीन नवंबर को रामलीला मैदान नई दिल्ली में होने वाली कर्मचारी चेतावनी रैली में हजारों की संख्या में शामिल होने का फैसला लिया गया।

रैली की मांगों को प्रत्येक कर्मचारी तक पहुंचाने के लिए 27 अक्टूबर से सभी विभागों में जन संपर्क अभियान तेज करने का फैसला लिया गया। अभियान के तहत सभी विभागीय संगठनों की मीटिंग और सभी विभागों में गेट मीटिंग की जाएगी। चेतावनी रैली का आह्वान अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ, कनफरडेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्पलाइज एंड वर्कर्स, स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया और अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन ने संयुक्त रूप से किया है। रैली में देशभर से लाखों कर्मचारियों के शामिल होने की संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

एसडी कॉलेज में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित

पलवल। जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एचआईवी के कारण और बचाव पर पोस्टर मेकिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में कोमल कक्षा बीएससी नॉन मेडिकल तृतीय वर्ष की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान नेहा कक्षा बीएससी सीएस प्रथम वर्ष और तृतीय स्थान हेमलता बीएससी नॉन मेडिकल प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। वहीं निबंध लेखन प्रतियोगिता में शिवानी बीएससी नॉन मेडिकल तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, सुरभि बीएससी नॉन मेडिकल तृतीय वर्ष ने दूसरा व मोनिका बीएससी सीएस तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में डॉ. रमण कुमार सैनी व डॉ. हरदीप नरवाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. प्रतिभा सिंगला व रेड रिबन क्लब के प्रभारी डॉ. नरेश सिंह ने सभी प्रतिभागियों व विजेताओं को बधाई दी है।

अवैध हथियार सहित दो आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रिंस उर्फ नवीन और पवन उर्फ मोनी का नाम शामिल है। आरोपी प्रिंस पलवल के गांव बडौली का तथा आरोपी पवन उर्फ मोनी गांव मुजेडी का रहने वाला है। आरोपी प्रिंस को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से 3 नंबर पुलिया थाना डबुआ के एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी पिस्तौल के साथ दो जिंदा रोंद बरामद किए गए है। आरोपी के खिलाफ थाना डबुआ में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गाया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अवैध हथियार को किसी वारदात को अंजाम देने के लिए अपने दोस्त से लेकर आया था। आरोपी से पूछताछ में हत्या के प्रयास के मामले का खुलासा हुआ है तथा आरोपी पवन उर्फ मोनी को डबुआ सब्जी मंडी से काबू किया है आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी पिस्तौल के साथ दो जिंदा रोंद बरामद हुए है, आरोपी के खिलाफ थाना डबुआ में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने देशी पिस्तौल को वारदात को अंजाम देने के लिए अपने दोस्त से लिया था। आरोपी पवन पर पूर्व में अपहरण, मारपीट और हत्या के प्रयास के तीन मामले दर्ज है। आरोपी अदालत से जमानत पर है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया। दोनों आरोपियों को हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस प्रोडक्शन पर लेकर पुछताछ की जाएगी।

चार नवंबर तक किया जाएगा सेवा पखवाड़े का आयोजन

पलवल। जिला आयुष अधिकारी अजीत सिंह यादव की देखरेख में आयुष विभाग द्वारा आयुष्मान भव- सेवा पखवाड़ा के तहत गुरूवार को गांव जनौली स्थित आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ गांव के सरपंच हरेंद्र तेवतिया ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के इंचार्ज डॉ. मोहम्मद इरफान, प्रधानाचार्य नेमी शाडिल्य सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के इंचार्ज डॉ. मोहम्मद इरफान ने कहा कि आयुष विभाग भारत सरकार एवं हरियाणा सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत 21 अक्टूबर से चार नवंबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन कर रहा है, जिसके अंतर्गत आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लोगों को आयुष पद्धति के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है। इस मौके पर लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी की गई और निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को स्वस्थ रहने के लिए अपनी दिनचर्या में बदलाव करना जरूरी है। खान-पान पर विशेष ध्यान दें और प्रतिदिन योग अवश्य करें। रसोई में मौजूद मसालों और औषधीय पौधों के माध्यम से उपचार करें। गांव जनौली के सरपंच हरेंद्र तेवतिया ने कहा कि आयुष विभाग द्वारा गांव जनौली के लोगों को आयुर्वेद के बारे में निरंतर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए लोगों को अपनी जीवनशैली में बदलाव करना चाहिए और पोषण युक्त आहार लेना चाहिए। हर रोज योग करें और स्वस्थ्य रहे। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत सप्ताह में दो बार शिविर लगाए जाते है, जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है।

पुलिस झंडा दिवस के उपलक्ष्य में जवानों की कुर्बानियों को किया याद

फरीदाबाद। पुलिस झंडा दिवस हरियाणा सरकार की पहल पर शहीदों को नमन कार्यक्रम के तहत पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा-निर्देश पर एसीपी वूमेन मोनिका ने डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में फिल्म शो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसीपी वूमेन मोनिका, वेलफेयर इंस्पेक्टर, सीसीटीएनएस इंचार्ज एएलओ, स्कूल के बच्चे, प्रिंसिपल, स्टाफ भी मौजूद रहा। पुलिस लाइन सेक्टर 30 में स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक में बच्चों के लिए फिल्म शो का आयोजन किया गया। इसमें वीर शहीदों को नमन कार्यक्रम के तहत एसीपी वूमेन मोनिका ने शहीद पुलिस जवानों के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुआ एसीपी व टीम ने पुलिस कर्मियों के साहस के साथ कर्तव्य के निर्वहन करने के बारे में अपना विचार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को देशभक्ति फिल्म दिखाकर सैनिकों द्वारा देश सेवा में दिए जाने वाले बलिदानों तथा उनकी वीर गाथाओं के बारे में अवगत कराया गया ताकि बच्चों में भी देश भक्ति की भावना पैदा हो और वह आगे चलकर देश सेवा के लिए सेना या पुलिस में भर्ती होकर अपना योगदान दें।

तीन दिवसीय योग शिविर का भव्य समापन

फरीदाबाद। महिला पतंजलि योग समिति द्वारा संचालित तीन दिवसीय योग शिविर अशोका पार्क सेक्टर-3 फरीदाबाद में संपन्न हुआ शिविर का उद्घाटन हरिद्वार से आई साध्वी देववाणी देवगरिमा और राज्य प्रभारी माता सत्या द्वारा हुआ। शिविर को स्थापित करने में राज्य संवाद प्रभारी प्रेमलता, जिला प्रभारी वीना, यज्ञ प्रभारी अनीता शर्मा का सहयोग अति सराहनीय रहा। साध्वियों के उद्बोधन ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। शिविर का समापन सामूहिक रूप से यज्ञ द्वारा संपन्न हुआ। विशिष्ट योगीगणों ने बहनों में जिला संगठन मंत्री रेखा मलिक, तहसील प्रभारी मिथिलेश मान आदि ने योगदान दिया।

लिव फॉर नेशन संगठन की बैठक में गायों की रक्षा व सुरक्षा पर चर्चा

फरीदाबाद। गौ सेवा के कार्य में लगी लिव फॉर नेशन संगठन फरीदाबाद टीम द्वारा एक बैठक का आयोजन दीनदयाल उपाध्याय सामुदायिक केंद्र डबुआ कॉलोनी में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता लिव फॉर नेशन संगठन के अध्यक्ष अनिल कौशिक पुरखवासिया ने की। बैठक में आए लोगों ने गायों की रक्षा व सुरक्षा से संबंधित अलग-अलग सुरक्षा दिए। साथ ही संगठन द्वारा समाज सामाजिक लोगों को मिलकर कार्य करना चाहिए और एनआईटी फरीदाबाद में एक गायों के लिए अस्पताल की आवश्यकता है और तीसरा अहम मुद्दा रोड पर घूम रही पालतू गायों के मालिकों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर चर्चा की गई। एंबुलेंस सेवा सुचारू रूप से कैसे कार्य करें, एक्सीडेंट गायों को कहा और कैसे इलाज करना है, साथ ही गर्मियों के मौसम में गायों व अन्य जानवरों के पानी पीने के लिए सीमेंट की टंकी या टब की व्यवस्था की जाए। जिससे पशु आराम से पानी प्यास बुझा सकें।

विपक्षी गठबंधन

गंभीर चुनौतियां

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' सीट साझा मुद्दे को बहुत हल्के में ले रहा है, जबकि यह गंभीर चुनौती है जिसका समाधान फौरन होना चाहिए। 28 पार्टियों के जोड़तोड़ वाले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेता मुस्कराते हुए एक राष्ट्रीय मंच पर बैठते हैं, पर वही नेता अपने राज्यों में एक दूसरे पर हमले करते हैं। उसे एक और समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उसके घटक दलों के सभी नेता परस्पर इस बात पर सहमत नहीं हो सके हैं कि अपने बीच सीट साझे के महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा के लिए अगली तारीख क्या हो। इससे मोर्चे में निर्णय लेने में विलंब हो रहा है। कुछ लोग चुनाव अभियान में व्यस्त हैं क्योंकि वे अपनी राज्य सरकारें बनाए रखना चाहते हें, जबकि अन्य व्यक्तिगत, धार्मिक या त्योहारी मौसम में व्यस्त हैं। इससे मूल रूप से चुनावी भविष्य के लिए समूह के समग्र एजेंडे के बजाय अलग-अलग पार्टी एजेंडों को वरीयता मिल गई है। हालांकि, नरेन्द्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद से विपक्षी एकता का पहला समग्र प्रयोग 'इंडिया' बड़े जोरशोर से शुरू हुआ, पर अब इसे कठोर राजनीतिक यथार्थ का सामना करना पड़ रहा है। पार्टियों में वैचारिक रूप से मतभेद होने के कारण इस समूह को एकसाथ रखना हमेशा चुनौती रही है। राष्ट्रीय मंच पर भाजपा के नेतृत्व वाला राजग तथा कांग्रेस के नेतृत्व वाला संप्रग दो प्रमुख राजनीतिक समूह रहे हैं। इसके अलावा अनेक राज्य-विशिष्ट समूह और गठबंधन हैं जो जटिलता का एक और स्तर पैदा करते हैं। लेकिन 'इंडिया' समूह ने खेल के नियम बदल दिए हैं। वह इस अवधारणा पर काम कर रहा है कि भाजपा को केवल सीधी लड़ाई में ही हराया जा सकता है और उसके लिए वोटों में विभाजन नहीं होना चाहिए। लेकिन इसके साथ ही साथ हर पार्टी यथासंभव अधिकाधिक सीटों पर लड़ना चाहती है ताकि उसकी विजय की संभावनायें अधिकतम हो सकें। इसके परिणामस्वरूप गठबंधन साझीदार अक्सर सीट आबंटन पर झगड़ जाते हैं।

खासकर राज्यों में मजबूत क्षेत्रीय पहचान वाले क्षेत्रीय क्षत्रप अक्सर राष्ट्रीय पार्टियों को ज्यादा सीटें देने से हिचकते हैं। 'इंडिया' समूह की यह प्रमुख समस्या है कि बहुत अधिक क्षेत्रीय पार्टियां या क्षेत्रीय आधार वाली राष्ट्रीय पार्टियां कांग्रेस के साथ जोड़ दी गई हैं जो लोकसभा चुनाव में सीटों के लिए प्रतियोगिता कर रही हैं। हालांकि, कांग्रेस फिलहाल कमजोर है, पर इसका आकर्षण और पहचान अखिल-भारतीय स्तर पर है। 'स्विंग सीटों' पर चुनाव लड़ने का निर्णय भी एक और विवादास्पद मुद्दा है क्योंकि ये चुनाव परिणाम तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। हमने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में एकसाथ आते तथा पराजित होते देखा है। इसलिए पार्टियों को उम्मीदवारों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए। सीटों के आबंटन से गठबंधन साझीदारों में असंतोष पैदा हो सकता है और शायद यही कारण है कि 'इंडिया' समूह की अगली बैठक टाल दी गई है। यदि किसी पार्टी को लगता है कि उसके साथ अनुचित व्यवहार हुआ है तो वह स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ सकती है या इससे भी बुरी स्थिति में पूरे समूह की संभावनायें नष्ट कर सकती है। आम आदमी पार्टी का उदाहरण महत्वपूर्ण है जो स्वयं को कांग्रेस का विकल्प समझती है, लेकिन यथार्थ में उसे अभी लंबा रास्ता तय करना है। सीट-साझा व्यवस्थाओं के प्रभाव महत्वपूर्ण होंगे। अच्छी तरह निपटाने पर वे राजनीतिक समूह की एकता मजबूत करेंगे तथा उसे व्यापक मतदाता आधार बनाने में सहायक होंगे। लेकिन इन व्यवस्थाओं के कुप्रबंधन से आंतरिक टकराव बढ़ेगा जिससे गठबंधन की समग्र संभावनायें तथा स्वयं गठबंधन भी खतरे में पड़ जाएगा।

सटीक है राष्ट्रीय पेंशन योजना

विपक्षी दल वोट बटोरने के लिए ओपीएस लागू करने का वादा कर रहे हैं और पांच राज्यों में इसे लागू किया गया है। लेकिन एनपीएस से छेड़छाड़ वित्तीय व्यवस्था हेतु विनाशकारी होगी। इससे करदाताओं पर भारी बोझ पड़ेगा।

उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

विपक्षी राज्यों के पुरानी पेंशन योजना-ओपीएस में वापस लौटने तथा आगामी विधानसभा चुनावों व अगले साल लोकसभा चुनाव में पार्टियों द्वारा इसके वादे करने के बाद केन्द्र सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना-एनपीएस में संशोधन पर विचार कर रही है कि इसमें शामिल कर्मचारियों के लाभ कमोबेश ओपीएस के बराबर हों। इन विपक्ष शासित राज्यों में राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल प्रदेश व पंजाब शामिल हैं। लेकिन इस परिवर्तन से राजकोषीय व्यावहारिकता खतरे में फंस सकती है। पेंशन वृद्धावस्था में उस व्यक्ति को मासिक आमदनी की गारंटी करती है जो ज्यादा कमाने में अक्षम होता है। जीवन प्रत्याशा में वृद्धि तथा खर्चों में बढ़ोत्तरी होने के कारण वृद्धावस्था में अच्छे जीवन के लिए सुनिश्चित मासिक आय और जरूरी हो गई है।

ओपीएस में सेवानिवृत्त कर्मचारी को अपने अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत मासिक पेंशन के रूप में मिलता है। वर्तमान समय में सरकार न्यूनतम 9,000 रुपये प्रति माह और अधिकतम 62,500 रुपये प्रति माह मासिक पेंशन के रूप में देती है। इसके साथ ही सरकार कर्मचारियों को डियरनेस एलाउंस या डीए में भी परिवर्तन सुनिश्चित करती है ताकि उनका जीवन निर्वाह सुचारु रूप से चल सके। पेंशनरों की मासिक पेंशन में भी डीए का प्राविधान किया गया है। ओपीएस के अंतर्गत सरकारी कर्मचारी को इससे बेहतर और कुछ नहीं मिल सकता है। उसे एक अच्छा खासा 'पूर्व-निर्धारित' मासिक भुगतान प्राप्त होता हे। पेंशन को उसके जीवनकाल तक मुद्रास्फीति से पूर्ण सुरक्षा मिलती है। उसकी मृत्यु के बाद उसकी पत्नी को सात साल तक यही धनराशि मिलती है तथा उसके बाद पारिवारिक पेंशन घट कर लगभग 60 प्रतिशत रह जाती है जो उसे आजीवन मिलती है।

लेकिन सरकार के दृष्टिकोण से इससे बुरी व्यवस्था नहीं हो सकती है। योजना के ढांचे के अनुसार, हर साल पेंशन दायित्व तेजी से बढ़ता है क्योंकि पेंशनरों की संख्या बढ़ती जाती है। इसका कारण सेवा में आने के समय ऊंचा वेतन, मुद्रास्फीति सूचकांक, बढ़ती जीवन प्रत्याशा, आदि हैं। इसके आंकड़ों पर गौर करना जरूरी है। 1990-91 में केन्द्र का पेंशन दायित्व 3,272 करोड़ रुपये था। 2020-21 तक यह 58 गुना बढ़ कर 190,886 करोड़ रुपये हो गया और 2023-24 में यह बढ़कर 234,000 करोड़ रुपये है।

सभी राज्यों के लिए इसमें 125 गुना वृद्धि हुई है और यह 1990-91 में 3,131 करोड़ से बढ़ कर 2020-21 में 386,001 करोड़ रुपये हो गया। कुल मिला कर राज्यों का पेंशन भुगतान उनके कर राजस्व का एक चौथाई है। कुछ राज्यों के लिए यह कर राजस्व का और बड़ा हिस्सा है। हिमाचल प्रदेश के लिए यह 80 प्रतिशत तथा पंजाब व राजस्थान के लिए यह क्रमश: 35 व 30 प्रतिशत था। वित्तीय व्यावहारिकता के अनुसार हर साल सरकार को इसके लिए अलग से पूंजी रखनी चाहिए जो अपने मुनाफे के साथ एक कार्पस तैयार करेगी जो टिकाऊ आधार पर पेंशन भुगतान के लिए काफी होगा और इसका इसका बजट पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ। इसके बजाय केन्द्र व राज्य सरकार ने 'पे-एज़-यू-गो' की अवधारणा अपनाई। इसके कारण करदाताओं की वर्तमान पीढ़ी पर लगातार पेंशनरों का बोझ बढ़ता जा रहा है। बात यहीं समाप्त नहीं होती है। कर राजस्व में लगातार कमी होने के कारण राज्यों को ज्यादा से ज्यादा कर्ज लेना पड़ता है और करदाताओं की भावी पीढ़ियों पर भी पेंशनरों का बोझ बढ़ रहा है।

ओपीएस योजना में जहां कर्मचारी कुछ भी योगदान नहीं करता है, सरकार द्वारा 1 जनवरी, 2004 के बाद भर्ती कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना-एनपीएस एक योगदान वाली पेंशन योजना है जिसमें कर्मचारी अपने वेतन का 10 प्रतिशत योगदान करते हैं। सरकार भी कर्मचारियों के एनपीएस खातों में 14 प्रतिशत योगदान करती है। इस पैसे का निवेश अनेक निवेश योजनाओं में किया जाता है जिनमें शेयर, कार्पोरेट कर्ज, सरकारी बांड व वैकल्पिक निवेश फंड-एआईएफ शामिल हैं। यहां कर्मचारी के सेवानिवृत्ति आयु तक पहुंचने तक कार्पस में काफी वृद्धि होती है। सेवानिवृत्ति पर कर्मचारी को उसके कार्पस का 60 प्रतिशत टैक्स-फ्री भुगतान किया जाता है और वह बाकी 40 प्रतिशत एनुअटी भी खरीद सकता है। इस एनुअटी को पेंशन कहा जाता है। इस प्रकार एनपीएस एक स्व-वित्तपोषित व पूर्ण फंडेड व्यवस्था है जिसमें राज्य का पेंशन दायित्व निश्चित रूप से 'उसके द्वारा किए योगदान' पर निर्भर होता है। इससे बजट पर कोई बड़ा दबाव नहीं पड़ता है क्योंकि कर्मचारी को उसके योगदान, सेवा में आने की आयु, निवेश के स्वरूप तथा उस निवेश से होने वाली आय के आधार पर पेंशन धनराशि मिलती है।

इस योजना के अंतर्गत पेंशनर को काफी लचीलापन मिलता है। वह पेंशन धनराशि बढ़ाने के लिए फंड मैनेजर को 'ग्रोथ फंड' में निवेश को कह सकता है, जहां कार्पस का 50 प्रतिशत शेयरों में लगाया जाता हैजहां कार्पोरेट बांडों या सरकारी स्यूरिटीज़ की तुलना में बेहतर मुनाफे की संभावना होती है।

यदि केन्द्र तथा सभी राज्य सरकारें 2034 के बाद एनपीएस जारी रखने का निर्णय करती हैं तो 1 जनवरी, 2004 के बाद सेवा में आने वाले कर्मचारियों को पेंशन दायित्वों के लिए बजट समर्थन की आवश्यकता नहीं होगी। लेकिन उपरोक्त पांच राज्यों ने फिर से ऐसे कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू की है। इसके साथ ही विपक्षी दलों के शासन वाली अन्य सरकारों ने भी इसे बहाल करने का वादा किया है। इससे उनके बजट पर असाधारण बोझ पड़ेगा। इन राज्यों को इस बीच एक और दुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसका संबंध एनपीएस कर्मचारियों के खातों में उपलब्ध कार्पस से है। ओपीएस लागू करने का निर्णय करने के बाद, कार्पस को अपने लाभ के लिए प्रयोग करना अनुचित होगा। दूसरी ओर इस पैसे का प्रयोग ओपीएस भुगतान के लिए करने पर विधिक बाधायें सामने आएंगी। लेकिन विपक्षी दलों को इसकी चिन्ता नहीं है।

विपक्षी दलों का एकमात्र उद्देश्य वोट बटोरना है। वे इस खेल में सफल हो सकती हैं क्योंकि कर्मचारी को अपने अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत मिलेगा तथा इसके लिए उनको कोई योगदान भी नहीं करना होगा। इन पार्टियों को इसके बजट प्रभावों की चिन्ता नहीं है क्योंकि यह केवल 2034 के बाद होगा और वे उसकी जवाबदेह नहीं होंगी। मोदी सरकार एनपीएस बनाए रखना चाहती है क्योंकि यह प्रगतिशील योजना है। लेकिन उसे राजनीतिक मोर्चे पर असली खतरे का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए वह एनपीएस में इस प्रकार परिवर्तन करना चाहती है कि उसके लाभ ओपीएस के बराबर हों। वह अधिक लाभ के लिए 'विशिष्ट गणना' के साथ कर्मचारियों व सरकार के योगदान हिस्से में परिवर्तन का विचार कर रही है। इन परिवर्तनों के साथ उसे उम्मीद है कि अंतिम वेतन का कम से कम 40-45 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिल सकेगा। लेकिन इससे उन कर्मचारियों का संतुष्ट होना कठिन है जिनको विपक्ष ने चांद-तारे तोड़ कर लाने का आश्वासन दिया है।

दुविधाग्रस्त मोदी सरकार कह रही है कि वह एनपीएस से छेड़छाड़ नहीं करना चाहती है जहां मुनाफा बाजार-निर्धारित होता है। इसके बावजूद वह ओपीएस पर तर्क का जवाब देना चाहती है। ऐसे किसी प्रयास से राज्यों की वित्तीय स्थिति प्रभावित होगी और इसका राजनीतिक लाभ सुनिश्चित नहीं है। संक्षेप में कहा जाए तो ओपीएस या एनपीएस में कोई बड़ा परिवर्तन उचित नहीं होगा। मोदी की टीम को यथास्थिति बनाए रखनी चाहिए। उसे ओपीएस के नकारात्मक आयामों पर जन-जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। सरकारी कर्मचारियों को भी समझना चाहिए कि बहुसंख्य कर्मचारी असंगठित क्षेत्र में हैं जहां कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं है। अत: देश के सीमित आर्थिक संसाधनों को उनकी सहायता के लिए भी प्रयोग किया जाना चाहिए।

विभाजनकारी शक्तियों से सावधान रहने का संदेश

अनूप चतुर्वेदी
(लेखक, हिन्दी पायनियर से संबद्ध हैं)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख प्रति वर्ष विजयादशमी पर अपना महत्वपूर्ण संबोधन देते हैं। इसमें स्वयंसेवकों से लेकर आम जनमानस के लिए अहम संदेश रहते हैं। इस बार भी सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कई अहम बातें कहीं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण बात विभाजनकारी शक्तियों से सावधान रहने की है। उन्होंने कहाकि हम समान पूर्वजों के वंशज हैं, एक मातृभूमि की संतान हैं, एक संस्कृति के विरासतदार हैं लेकिन परस्पर एकता को भूल गए हैं। मूल एकत्व को समझकर उसी के आधार पर हमें फिर जुड़ जाना है।

संघ प्रमुख का भाषण ऐसे समय हुआ है जब न केवल देश के बाहर से बल्कि अंदर से भी विभाजनकारी शक्तियां अत्यधिक मुखर हैं। मुस्लिम भाईचारे के नाम पर फिलस्तीन की आड़ लेकर हमास जैसे आतंकवादी संगठन का समर्थन किया जा रहा है। हिंदू समाज को जातियों में बांटने की साजिशें तेजी से चल रही हैं। पिछले एक दशक से यह दिखायी दे रहा है कि हिंदू समाज की एकजुटता बढ़ी है और जाति की पहचान पर जोर कम हुआ है। यह बात देश और हिंदुत्व के विरोधियों को कांटे की तरह चुभ रही है। भारत चंद्रमा तक पहुंच गया, एशियाई खेलों में अभूतपूर्व प्रदर्शन किया, यूक्रेन-रूस और इजराइल-हमास युद्ध में पूरा विश्व भारत से बड़ी भूमिका की अपेक्षा कर रहा है। हमारी अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से बढ़ रही है। ये अनेक तथ्य भारत के विभिन्न क्षेत्रों में विश्व नेता के रूप में उभरने का स्पष्ट संकेत हैं। इसलिए निरंतर शक्तिशाली होता भारत इन बांटने वाली ताकतों से बिलकुल सहन नहीं हो रहा है। हमें खंड-खंड करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया से लेकर राजनेताओं का एक वर्ग इस काम में खुलकर लगा हुआ है और देसी-विदेशी शक्तियों के हाथों में खेल रहा है। सत्ता के भूखे अनेक राजनीतिक लोग इनके हाथ की कठपुतली बन गए हैं।

ऐसे वातावरण में संघ प्रमुख ने कहा है कि समाज की स्थाई एकता अपनेपन से निकलती है, स्वार्थ के सौदों से नहीं। हमारा समाज बहुत बड़ा है। बहुत विविधताओं से भरा है। कालक्रम में कुछ विदेश की कुछ आक्रामक परंपराएँ भी हमारे देश में प्रवेश कर गईं, फिर भी हमारा समाज एक समाज बनकर रहा। इसलिए हम जब एकता की चर्चा करते हैं, तब हमें यह ध्यान रखना होगा कि यह एकता किसी लेन-देन के कारण नहीं बनेगी। जबरदस्ती बनाई तो बार बात बिगड़ेगी। समाज की सामूहिकता छिन्न-भिन्न हो कर अलगाव व टकराव बढे, यह प्रयास भी बढ़ रहे हैं। अपने अज्ञान, अविवेक, परस्पर अविश्वास अथवा असावधानी के कारण समाज में कहीं-कहीं ऐसे अप्रत्याशित उपद्रव व फूट बढ़ती ही जाती दिखाई दे भी रही है। भारत के उत्थान का प्रयोजन विश्व-कल्याण ही रहा है। परन्तु इस उत्थान के स्वाभाविक परिणाम के नाते स्वार्थी, विभेदकारी तथा छल कपट के आधार पर अपने स्वार्थ का साधन करने वाली शक्तियाँ मर्यादित व नियंत्रित होती हैं, इसलिए उनके द्वारा निरंतर विरोध भी चलता है। यद्यपि यह शक्तियाँ किसी न किसी विचारधारा का आवरण ओढ़ लिया करती हैं, किसी मनलुभावन घोषणा अथवा लक्ष्य के लिए कार्यरत होने का छद्म रचती हैं, लेकिन उनके वास्तविक उद्देश्य कुछ और ही होते हैं। मणिपुर की हिंसा को लेकर भागवत ने कई उचित प्रश्न उठाए। उन्होंने कहाकि लगभग एक दशक से शांत मणिपुर में अचानक यह आपसी फूट की आग कैसे लग गई? क्या हिंसा करनेवाले लोगों में सीमापार के अतिवादी भी थे? अपने अस्तित्व के भविष्य के प्रति आशंकित मणिपुरी मैतेयी समाज और कुकी समाज के इस आपसी संघर्ष को सांप्रदायिक रूप देने का प्रयास क्यों और किसके द्वारा हुआ? वर्षों से वहाँ पर सबकी समदृष्टि से सेवा करने में लगे संघ जैसे संगठन को बिना कारण इसमें घसीटने का प्रयास करने में किसका निहित स्वार्थ है?

संघ प्रमुख ने सशक्त राष्ट्र के रूप में भारत का आह्वान किया है कि वह आगे बढ़कर विश्व को राह दिखाए। उन्होंने कहाकि संपूर्ण विश्व को एक ही रंग में रंगने का, एकरूपता का कोई भी प्रयास अब तक सफल नहीं रहा, न आगे सफल हो सकेगा। भारत की पहचान को, हिंदू समाज की अस्मिता को बनाए रखने का विचार स्वाभाविक तो है ही, आज के विश्व की वर्तमानकालीन समय की आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए, अपने स्वयं के मूल्यों पर आधारित, काल सुसंगत, नया रूपरंग लेकर भारत खड़ा हो, यह विश्व की भी अपेक्षा है। मत संप्रदायों को लेकर उत्पन्न हुए कट्टरपन, अहंकार व उन्माद को विश्व झेल रहा है। स्वार्थों के टकराव तथा अतिवादिता के कारण उत्पन्न होने वाले यूक्रेन के अथवा गाजा पट्टी के युद्ध जैसे कलहों का कोई निदान दिख नहीं रहा है। प्रकृति विरुद्ध जीवन शैली तथा अनिर्बंध उपभोगों के कारण नई-नई शारीरिक व मानसिक बीमारियाँ उत्पन्न हो रही हैं। विकृतियाँ व अपराध बढ़ रहे हैं। आत्यंतिक व्यक्तिवाद के कारण परिवार टूट रहे है। प्रकृति के अमर्याद शोषण से प्रदूषण, वैश्विक तापमान वृद्धि, ऋतु क्रम में असंतुलन व प्राकृतिक हादसे प्रतिवर्ष बढ़ रहे हैं। आतंकवाद, शोषण और अधिसत्तावाद को खुला मैदान मिल रहा है। अपनी अधूरी दृष्टि को लेकर विश्व इन समस्याओं का सामना नहीं कर सकता। इसलिए अपने सनातन मूल्यों व संस्कारों के आधार पर, भारत अपने उदाहरण से वास्तविक सुख शांति का नवपथ विश्व को दिखाए यह अपेक्षा जगी है।

संघ प्रमुख ने स्पष्ट रूप से कहा कि आने वाले वर्ष 2024 के प्रारंभिक दिनों में लोकसभा के चुनाव हैं। इससे पहले कई विधानसभाओं के लिए मतदान होना है। चुनावी दाँव पेचों में भावनाओं को भड़काकर मतों की फसल काटने के प्रयास अपेक्षित नहीं हैं, परंतु होते रहते हैं। समाज को विभाजित करनेवाली इन बातों से हम बचें। मतदान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। उसका अवश्य पालन करें। देश की एकात्मता, अखंडता, अस्मिता तथा विकास के मुद्दों पर विचार करते हुए अपना मत दें। आशा की जानी चाहिए सभी राष्ट्र प्रेमी संघ प्रमुख के संदेश को समझते हुए उस पर अमल भी करेंगे।

आप की बात

वाणी पर संतुलन

शिवसेना-उद्धव गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र में चुनाव करवा कर देख लें। हमारी सरकार आएगी तो हम शिवसेना चुराने वालों को उलटा लटका देंगे। उनका यह कथन अत्यन्त अशालीन भाषा का उदाहरण है। अभी महाराष्ट्र में चुनाव होने नहीं हैं। चुनाव जीतना-जिताना पार्टी के हाथ में नहीं बल्कि जनता की अंगुली के निशान पर होता है।यह मतदाता ही तय करेंगे कि कौन सी पार्टी सत्ता में आएगी। ऐसे में उलटा लटका देंगे जैसे अभिमान से भरे और कटु शब्दों क उपयोग एक पूर्व मुख्यमंत्री तथा ऐसे व्यक्ति के लिए अनुचित है जो भविष्य में पुन: मुख्यमंत्री बनने की इच्छा रखते हैं। उद्धव ठाकरे को अपी वाणी पर संतुलन रखना चाहिए क्योंकि अशालीन शब्दों के प्रयोग से उनकी निराशा, कुंठा और हताशा ही प्रकट होती है। वैसे यह बात लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों के कुछ नेताओं पर लागू होती है जो अपने द्वारा प्रयुक्त अशालीन शब्दों के कारण न केवल अपनी गरिमा गिराते हैं, बल्कि आम भारतीय जनमानस में सभी राजनेताओं की छवि खराब करते हैं। ऐसे बयान भारतीय लोकतंत्र के लिए भी शुभ संकेत नहीं हैं जो दुर्भाग्य से केवल मतदान और उसके बाद नेताओं की दया की प्रतीक्षा में बदलता जा रहा है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

एनसीईआरटी की पहल

एनसीईआरटी की एक समिति के अध्यक्ष ने बताया कि स्कूल पाठ्य पुस्तकों में इंडिया की जगह भारत लिखने की सिफारिश की गई है। इसके साथ ही प्राचीन इतिहास के स्थान पर क्लासिकल हिस्ट्री तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली शुरू करने की सिफारिश भी की है। एनसीईआरटी का यह फैसला स्वागत योग्य है। पढ़ाई में नित नए ज्ञान के अध्याय खुलते रहते हैं। हम बिजली के आविष्कार से लेकर अंतरिक्ष और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई तक पहुंच गए हैं। बहुत जल्द अनेक काम रोबोट करने लगेंगे। ऐसे में देशकाल व बदलते समय के अनुसार ज्ञान के नए आयामों को शामिल करने के लिए निरंतर पाठ्यक्रम-परिवर्तन जरूरी है। पाठ्यक्रम में परिवर्तन पाठ्य पुस्तकों में भी दिखना चाहिए तथा पाठ्यपुस्तकों व छात्रों के सामान्य जीवन में अंतर यथासंभव कम से कम होना चाहिए। विडंबना है कि आज भी पाठ्यपुस्तकों में अनेक पुरानी छवियां प्रयोग की जा रही हैं जिनका शहरी के साथ ग्रामीण जीवन में अब प्रयोग नहीं होता है। एनसीईआरटी को अपनी पुस्तकों व पाठ्यक्रम के बारे में छात्रों, शिक्षकों तथा आम जनता से फीडबैक लेकर परिवर्तन की व्यवस्था भी बनानी चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

भारतीय राजनय

कनाडा सरकार द्वारा अभी भी खालिस्तान समर्थकों को यथावत आश्रय दिया जा रहा है। इस मामले में किसी प्रकार की कार्रवाई करने या सुधार करने के बारे में कनाडा ने एक भी कदम नहीं उठाया है। ऐसी स्थिति में भारत का कनाडा सरकार के प्रति कठोर दृष्टिकोण यथावत बना रहना चाहिए। वीजा न मिलने से आम जनता को हो रही परेशानी इस मसले में कोई महत्व नहीं रखती। जब तक कनाडा सरकार खालिस्तानियों को आश्रय देने से बाज न आए तब तक भारत सरकार को उससे किसी भी प्रकार के संबंध बढ़ाने की आवश्यकता नहीं है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्पष्ट कहा है कि अनेक कनाडाई राजनयिक भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे थे, इसलिए उनको देश छोड़ने को कहा गया। खुशी की बात है कि भारत की विदेश नीति केवल राष्ट्रहित से संचालित होती है और वह इस मामले में अतीत की सरकारों से उलट किसी भी देश के दबाव में नहीं आता है। इस विदेश नीति से पूरी दुनिया में भारतीय राजनय तथा खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कद बढ़ा है। भारत सभी देशों से समानता का व्यवहार करता है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

लैंगिक असमानता

आइसलैंड लैंगिक समानता के मामले में 14 सालों तक दुनिया में सबसे बेहतर देश रहा है। लेकिन हाल में वहां महिलाओं ने एक दिन की हड़ताल की। उन्होंने कार्यस्थल पर लैंगिक असमानता व घरेलू हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन किए। प्रधानमंत्री सुश्री काटरीन भी एक दिन की हड़ताल पर रहीं। उनका भी मानना है कि बाहर से यह देश जितना सौम्य एवं भव्य दिखता है, उतना भीतर से ये है नहीं। यहाँ भी महिलाओं को हर स्तर पर भेदभाव, यौन उत्पीड़न, कम वेतन आदि का शिकार बनना पड़ता है। जब एक देश की प्रधानमंत्री तक खुद को पीड़ित महसूस कर रहीं हैं तो आम महिलाओं का कितना उत्पीड़न होता होगा। विकाशशील देशों में तो लड़की का जन्म ही अपशकुन मान लिया जाता है। जब से सृष्टि बनी है और जबसे धरती पर जीवन आया है, तभी से लैंगिक भेदभाव जारी है। तमाम प्रयासों व नीतिगत उपायों के बावजूद लैंगिक उत्पीड़न वैश्विक चिन्ता का विषय होने के साथ प्रकृति-विरोधी भी है। जीव जगत में नर की तुलना में मादा प्रजाति के वर्चस्व के अनेक उदाहरण मिलते हैं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

हर जरूरतमंद का मिले आवास व इलाज

● सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। आयुष्मान कार्ड बनवाकर इलाज की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। कार्ड न होने की दशा में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए विवेकाधीन कोष से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

सीएम योगी ने उक्त निर्देश गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्धए पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला की समस्या को संवेदनशीलता से देखें। महिला को प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

जनवरी के अंत तक हर हाल में पूरा हो फ्लाई ओवर का निर्माण कार्यः जितिन

● पीडब्ल्यूडी मंत्री ने किया मुंशी पुलिया व खुर्रम नगर चौराहे पर निर्माणाधीन फ्लाई ओवर का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने लखनऊ में राष्ट्रीय मार्ग मुंशी पुलिया चौराहे एवं खुर्रमनगर चौराहे पर निर्माणाधीन फ्लाई ओवर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पॉलीटेक्निक ग्राउण्ड पर कास्टिंग यार्ड का भी निरीक्षण किया और फ्लाईओवर को आगामी जनवरी माह के अंत तक हर हाल में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि यातायात सुगमता के लिए समानान्तर रूप से सर्विस रोड का निर्माण कराया जाए तथा समस्त कार्य पूर्ण गुणवत्ता, सुरक्षा एवं समयबद्धता से पूर्ण किया जाए।

लोक निर्माण मंत्री द्वारा विभागीय अधिकारियों, ईपीसी कॉन्ट्रैक्टर तथा कंसलटेंट के साथ कार्य की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। उनके द्वारा सर्विस रोड का निर्माण कार्य समानान्तर रूप से किए जाने के लिए भी निर्देशित किया गया, ताकि यातायात को कोई दिक्कत न हो। निरीक्षण के समय राष्ट्रीय मार्ग के मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री कहा कि मुंशीपुलिया फ्लाईओवर को पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 6 सितंबर 2024 है परन्तु विभाग द्वारा इस कार्य को जनवरी 2024 में ही समय से पूर्व पूर्ण किये जाने की लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार खुर्रमनगर फ्लाईओवर को निर्धारित तिथि जनवरी 2024 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है। प्रसाद ने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर फ्लाईओवर के निर्माण हेतु 120 करोड़ रुपए का आगणन भारत सरकार को प्रेषित किया जा चुका है तथा इसकी स्वीकृति शीघ्र की प्राप्त होने की संभावना है। इस फ्लाईओवर की लम्बाई 890 मीटर तथा चौड़ाई 22.50 मीटर प्रस्तावित है। इस फ्लाईओवर के निर्माण से इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी तथा पॉलीटेक्निक चौराहा होते हुये सीतापुर की ओर जाने वाले वाहनों को सुगत यातायात उपलब्ध हो सकेगा। मुंशीपुलिया चौराहे पर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य 135.56 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है। इस फ्लाईओवर में 1400 मीटर लम्बाई का एलीवेटेड वायाडक्ट एवं 460 मीटर लम्बाई में दोनो ओर अप्रोच रोड एवं स्थानीय यातायात की सुविधा के लिए 3720 मीटर सर्विस रोड का प्राविधान रखा गया है। वर्तमान में गर्डर की कास्टिंग तेजी से कराई जा रही है जिसके लिये पॉलीटेक्निक ग्राउण्ड में कास्टिंग यार्ड स्थापित किया गया है। फाउण्डेषन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा पियर कास्टिंग व गर्डर लांचिंग का कार्य कराया जा रहा है। खुर्रमनगर चौराहे पर यातायात की सुविधा के लिए 1336 मीटर लम्बाई का एलीवेटेड फ्लाईओवर एवं 375 मीटर लम्बाई में दोनों ओर अप्रोच रोड, स्थानीय यातायात हेतु 3422 मीटर सर्विस रोड के प्राविधान सहित 200.66 करोड़ रुपए की लागत से कार्य कराया जा रहा है।

फसल बीमा अवश्य कराएं किसानः शाही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा प्रदेश के सभी किसानों से अपील की गई है कि वे रबी सीजन 2023 में अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि इससे आपदा की स्थिति में संभावित क्षति की भरपाई हो सकेगी। यह महत्वपूर्ण योजना है जो विषम परिस्थितियों में किसानों को सुरक्षा कवच प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि रबी फसलों के बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री फ सल बीमा योजना में रबी की फ सलों के लिए मात्र 1.5 प्रतिशत प्रीमियम ही किसान भाइयों को देना पड़ता है। शेष प्रीमियम की धनराशि राज्य सरकार और केंद्र सरकार अपने बजट से देती है। राज्य सरकार के द्वारा 172.33 करोड़ रुपए राज्यांश की धनराशि किसानों के फसल के प्रीमियम के लिए जारी की जा चुकी है। पिछले 6 वर्षों के भीतर करीब 48 लाख किसानों को 4155.66 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी किसान भाइयों बहनों से अनुरोध होगा कि रबी में बुआई कर रहे अपने फ सलों का बीमा करा कर उन्हें सुरक्षा कवच प्रदान करें।

प्रदेश में 24 जनवरी तक होगी दलहन व तिलहन की खरीद

● आधार से लिंक खाते में तीन दिन के भीतर होगा भुगतान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश सरकार ने दलहन व तिलहन की खरीद बुधवार से प्रारंभ कर दी। दलहन (मूंग व उड़द) तथा तिलहन (मूंगफ ली व तिल) की यह खरीद 24 जनवरी तक चलेगी। सरकार ने किसानों से क्रय केंद्रों पर ऑनलाइन पंजीकरण कराने को कहा है। सरकार तीन कार्य दिवस में आधार से लिंक खाते में किसानों को भुगतान करेगी। उड़द, मूंग, मूंगफली व तिल उत्पादक जनपदों में पीसीएफ, पीसीयू व जेफेड द्वारा संचालित क्रय केंद्रों यह खरीद होगी। योगी सरकार ने दलहन व तिलहन फसलों के लिए खरीद का लक्ष्य तय किया है। उड़द के लिए 296400 मीट्रिक टन, मूंगफ ली के लिए 27148 मीट्रिक टन, तिल के लिए 15538 मीट्रिक टन व मूंग के लिए 3240 मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य रखा गया है। तिल का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8635 रुपए प्रति कुंतल, मूंग का 8558 रुपए प्रति कुंतल, उड़द का 6950 रुपए प्रति कुंतल व मूंगफ ली का 6377 रुपए प्रति कुंतल रखा गया है। दलहन व तिलहन खरीद के लिए सरकार तीन कार्य दिवस में किसानों का भुगतान करेगी। भुगतान के लिए किसानों का बैंक खाता आधार से लिंक होना चाहिए।

पंजीकरण के समय किसानों को आधार कार्ड के साथ मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। किसानों का ध्यान देना होगा कि पंजीकरण उसी मोबाइल नंबर से कराना होगा, जिससे आधार व बैंक से लिंक्ड होगा। साथ ही आधार और बैंक पासबुक में नाम, पिता के नाम व मोबाइल नंबर भी समान होने चाहिए। ऐसा होने से पारदर्शिता पूर्वक समयावधि में योगी सरकार किसानों को भुगतान करेगी।

शरद पूर्णिमा पर मथुरा में गोवर्धन के चंद्र सरोवर पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सूरदास की तपोस्थली गोवर्धन के गांव परासौली स्थित चंद्र सरोवर पर शरद पूर्णिमा को शरदोत्सव का आयोजन किया गया है। इस आयोजन के माध्यम से द्वापरयुग की शोभा को जीवंत करने का प्रयास किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान गोपी-गीत तथा पद गायन किया जाएगा। इस आयोजन के दौरान हजारों की संख्या में दीप प्रज्वलित करके चंद्र सरोवर को जगमगाया जाएगा। शरद पूर्णिमा के दिन समूचे ब्रज में प्रेम और रस भाव की दिव्यता के साथ शरदोत्सव मनाया जाएगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री न बताया कि गोवर्धन के गांव परासौली स्थित चंद्र सरोवर पर महारास की अनूठी परंपरा है। चंद्र सरोवर के किनारे सूर कुटी ही सूरदास जी की साधना स्थली है, जहां उन्होने कालजयी पदों की रचना की थी। उन्होंने बताया कि उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद मथुरा ने महारास की इस परंपरा को जीवित रखने और उसे नयापन देने के लिए पिछले कुछ वर्ष से प्रयास शुरू किया है। परासौली के चंद्र सरोवर के किनारे परिषद द्वारा तैयार कराये गये ओपन एयर थिएटर में शरद पूर्णिमा को 28 अक्टूबर सायं 6 बजे से रात 9 बजे तक धवल चांदनी में लगभग दो दर्जन महिला व पुरुष कलाकार महारास की प्रस्तुति देगें। इस बार शरदोत्सव पर कुछ मंदिरों मे ग्रहण के कारण यह पर्व 27 अक्टूबर को मनाया जाएगा।

जयवीर सिंह ने बताया कि सूरदास की तपोस्थली गोवर्धन के गॉव परासौली स्थित चंद्र सरोवर पर शरद पूर्णिमा को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करके मथुरा की गौरवशाली एवं समृद्ध परम्परा को श्रद्धालुओं के बीच प्रदर्शित की जायेगी। इसके साथ ही शरदोत्सव को जीवंत बनाकर आगन्तुकों को इसकी महत्ता एवं इसमें छिपे हुए संदेश को देने का प्रयास किया जाएगा। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद मथुरा को सभी कार्यक्रमों को पूरी दिव्यता एवं भव्यता के साथ आयोजित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

चुनाव सिर पर आते ही भाजपा को आने लगी जनता की यादः अखिलेश यादव

● तीन माह बिजली बिल में छूट देने के ऐलान को बताया जनता को गुमराह करने की कोशिश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष व नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि चुनाव सिर पर आ गए हैं तो भाजपा को जनता की याद भी आने लगी है। इसके साथ ही भाजपा ने लोगों को गुमराह करने वाले अपने दो पुराने अस्त्र-शस्त्र झूठा प्रोपेगेंडा और लोकलुभावन की घोषणाएं को आजमाने की तैयारी कर ली है। कभी उज्ज्वला योजना में दो त्योहारों पर सिलेण्डर देने की भी बात की थी पर किया कुछ नहीं। अब जनता को बहकाने के लिए तीन माह बिजली बिल में छूट देने का नया ऐलान कर गुमराह करने की कोशिश की है।

अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह अस्तव्यस्त हो गई है। समाजवादी सरकार में बिजलीघर बने थे। भाजपा राज में एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं हुआ। समाजवादी सरकार के समय जो बिजली बनी उसी का इस्तेमाल भाजपा सरकार करती रही है। समाजवादी सरकार में लाइन लॉस घटाने और पारेषण तथा वितरण के क्षेत्र में सुधार किए गए थे। सोलर ऊर्जा के नए प्लांट लगे थे। उन्होंने भाजपा राज में गलत नीतियों की वजह से बिजली महंगी होती गई। जो चीनी मीटर लगे वे सही रीडिंग नहीं देते इसलिए उपभोक्ता को हर तरफ सिर्फ भ्रष्टाचार का शिकार होना पड़ता है। अवैध वसूली का नया रैकेट भी चलाने की खबरें आती रहती है। महंगे बिजली बिल की वजह से खेती किसानी की सिंचाई भी प्रभावित होती है। डीजल पहले से ही महंगा है। बुनकरों को भी जो छूट समाजवादी सरकार में मिली थी उसे भाजपा राज में छीन लिया गया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि बिजली अव्यवस्था की हालत ये है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली 4.5 घंटे से ज्यादा नहीं मिलती है। शहरी क्षेत्रों की छोड़िये राजधानी लखनऊ में भी जब तब ट्रिपिंग होती रहती है।

छत्तीसगढ़ में मतदान दिवस पर 17 को यूपी के सोनभद्र में शुष्क दिवस घोषित

लखनऊ। छत्तीसगढ़ राज्य में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 के लिए मतदान दिवस 17 नवंबर 2023 को छत्तीसगढ़ राज्य के सीमा से लगे उत्तर प्रदेश राज्य के सीमावर्ती जनपद सोनभद्र में शुष्क दिवस (ड्राई डे)घोषित किया गया है। आबकारी विभाग के अनुसार यदि किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य या उप निर्वाचन हो, उस निर्वाचन क्षेत्र तथा उसके चारों ओर 8 किलोमीटर क्षेत्र में स्थित विदेशी मदिरा, बियरए देशी मदिरा, ताड़ी एवं भांग की समस्त लाइसेंस प्राप्त दुकान और उनके बिक्री के लिए स्वीकृत अन्य लाइसेंस लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अपबंधित मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय से 48 घंटे पूर्व की अवधि के दौरान बंद रहेंगे। इस संबंध में शासन द्वारा संबंधित जनपद सोनभद्र के जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि मादक वस्तुओं की बिक्री पर रोक से संबंधित कानून के अधीन मद्य निषेध दिवस घोषित करने के लिए संगत नियमावली एवं लाइसेंस शर्तों के अधीन कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और अवैध मदिरा की तस्करी पर भी प्रभावी अंकुश लगाया जाए।

हथकरघा बुनकरों के कल्याणार्थ विभिन्न प्रस्तावों व धनराशि वितरण की मिली स्वीकृति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में हुई बुनकर बहबूदी फंड की बैठक

सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्यम तथा खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग हथकरघा मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में गुरुवार को कैसरबाग स्थित निर्यात भवन में बुनकर बहबूदी फंड की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के हथकरघा बुनकरों के कल्याणार्थ प्रस्ताव एवं धनराशि वितरण की स्वीकृति प्रदान की गई।

मंत्री द्वारा हथकरघा बुनकरों को सोलर लालटेन के लिए डीबीटी के माध्यम से धनराशी प्रदान करने, हथकरघा विभाग की योजनाओं का बुनकर बाहुल्य क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने, बुनकर शिविर का आयोजन करने, कानपुर/ लखनऊ में बुनकरों के लिए आयोजित होने वाली नेशनल हैंडलूम एक्सपो हेतु ज़मीन प्राप्त करने के वास्ते धनराशि उपलब्ध कराने तथा प्रवर्तन मशीनरी योजना के लिए दो गाड़ी क्रय करने में कम पड़ने वाले धनराशि बुनकर बहबूदी फंड से आवंटित करने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की।

बैठक में इसके अतिरिक्त बुनकर परिवार की पुत्री के विवाह में अनुदान प्रदान करने पर भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद, आयुक्त एवं निदेशक राजेश कुमार, संयुक्त आयुक्त केपी वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अब तक 28794.26 मीट्रिक टन बाजरा और 2846.75 मीट्रिक टन मक्का की हुई खरीद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोटे अनाज के तहत 28794.26 मीट्रिक टन बाजरा और 2846.75 मीट्रिक टन मक्का की खरीद कर ली गई है। इस वर्ष समर्थन मूल्य 2500 रुपए प्रति कुन्तल की निर्धारित दर से बाजरा और 2090 रुपए प्रति कुन्तल की दर से मक्का की खरीद की जा रही है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 2265.35 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद हुई है। बाजरा की खरीद जनपद बुलन्दशहर, गौतमबुद्ध नगर, बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल, अमरोहा, अलीगढ़, कासगंज, एटा, हाथरस, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, फि रोजाबाद, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, चन्दौली, बलिया, मिर्जापुर, सन्तरविदास नगर, जालौन, चित्रकूट, बांदा, प्रयागराज, कौशाम्बी, फ तेहपुर एवं प्रतापगढ़ में की जा रही है। मक्का की खरीद जनपद बुलन्दशहर, हापुड़, सहारनपुर, बदायूं, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फि रोजाबाद, मैनपुरी, हरदोई, उन्नाव, सीतापुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, इटावा, फर्रूखाबाद, औरैया, गोण्डा, बहराइच, श्रावस्ती, बलिया, जौनपुर, देवरिया, मिर्जापुर, सोनभद, लखीमपुर खीरी, आजमगढ़ एवं ललितपुर में की जा रही है।

डिजीलॉकर पर फैमिली आईडी को एक्सेस कर सकेंगे नागरिक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● योजनाओं का लाभ लेने के लिए फैमिली ई-पासबुक राज्य के सभी परिवारों के लिए उपलब्ध

प्रदेश सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं को डिजिटल टेक्नोलॉजी से जोड़ने पर फोकस कर रही है। इसी के तहत सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी योजना 'फैमिली आईडी: एक परिवार एक पहचान' को डिजिलॉकर पर लाइव कर दिया है। अब प्रदेश के नागरिक डिजिलॉकर पर भी अपनी फैमिली आईडी को एक्सेस कर सकेंगे। प्रदेश में वो सभी लोग जिनका फैमिली आईडी के लिए रजिस्ट्रेशन हो चुका है, वो डेस्कटॉप या मोबाइल फोन के जरिए डिजिलॉकर पर जाकर अपनी फैमिली आईडी को एक्सेस कर पाएंगे। उल्लेखनीय है कि फैमिली आईडी का उद्देश्य अप्रयुक्त योजनाओं में पात्र लाभार्थियों की पहचान के माध्यम से योजनाओं का बेहतर कवरेज देना, डुप्लीकेट और फ र्जी लाभार्थियों को हटाना और प्रमाण के बोझ को कम करके नागरिकों के लिए योजनाओं में आवेदन का सरलीकरण करना है।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष फैमिली आईडी को लेकर हुए प्रस्तुतिकरण में डिजिलॉकर पर फैमिली आईडी को लाइव किए जाने की जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया कि प्रदेश के नागरिकों की सुविधा के लिए डिजीलॉकर पर फैमिली आईडी डिजिटल कार्ड उपलब्ध कराया गया है। इस कार्ड में लाभार्थी और उसके परिवार का पूरा डाटा उपलब्ध होगा। इसके साथ ही ये भी बताया गया कि विभिन्न योजनाओं और इनका लाभ प्राप्त करने के लिए फैमिली ई-पासबुक प्रदेश भर के सभी परिवारों के लिए तैयार है। फैमिली ई-पासबुक विजिबिलिटी और अवेयरनेस में सुधार के लिए विकसित की गई है। यह पात्र लाभार्थियों को संभावित योजनाओं को खोजने में मदद करेगी। फैमिली आईडी को आधार संख्या दर्ज कर लॉगिन किया जाएगा, जिसके बाद होम स्क्रीन सामने आ जाएगी। इसके बाद फैमिली डिटेल्स, स्कीम लेजर, बेनिफिट लेजर जैसे महत्वपूर्ण चीजों को एक्सेस कर सकेंगे। यही नहीं, आप यहां अपने फैमिली मेंबर या खुद के लिए संभावित योजनाओं को भी खोज सकेंगे। साथ ही योजनाओं की पूरी जानकारी भी इसमें उपलब्ध होगी।

फैमिली आईडी प्रोएक्टिव स्कीम डिलीवरी को अनलॉक करने के लिए एक समेकित डेटाबेस के रूप में कार्य करेगा। इसके अंतर्गत एजुकेशन और स्किलिंग के तहत बेसिक एंड सेकेंडरी, हायर एंड टेक्निकल और स्किलिंग व वोकेशनल योजनाओं का लाभ लिया जा सकेगा। इसी तरह सोशल वेलफेयर एंड इमपॉवरमेंट के तहत एग्रीकल्चर एवं राशनए पेंशन व स्कॉलरशिप और मेडिकल हेल्थ से जुड़ी योजनाओं में इसका इस्तेमाल हो सकेगा। इंप्लॉयमेंट एंड माइक्रोफाइनेंस के तहत इंप्लॉयमेंट अपॉर्च्युनिटीज, क्रेडिट लिंकेज और सोशल सिक्योरिटी में भी ये मददगार होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 4.8 करोड़ लाभार्थियों को 13 विभागों की ओर से 42 योजनाओं और सेवाओं में फैमिली आईडी डेटाबेस में मैप किया गया है। यही नहीं, भारत सरकार की 4 योजनाओं के लाभार्थी डेटा को इससे जोड़ा गया। 4 अलग-अलग एनालिटिक्स उपयोग मामलों में संभावित नए लाभार्थियों की पहचान की गई है। इस योजना के लाभार्थियों में 3.61 करोड़ राशन कार्ड होल्डर परिवार पहले से ही एनएफएसए डेटाबेस का हिस्सा हैं। उनका राशन कार्ड नंबर ही उनकी फैमिली आईडी है। वहीं, नॉन राशन कार्ड होल्डर्स परिवारों के लिए फैमिली आईडी के तहत नामांकन करने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत 1.42 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 55 हजार परिवार आईडी बनाई गई हैं। डिजिलॉकर डिजिटल इंडिया की एक पहल हैए जिसमें हम अपने जरूरी दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी को संभाल कर रख सकते हैं। डिजिलॉकर में आपके दस्तावेज लिंक के रूप में दिखते हैं। अगर आप किसी योजना का लाभ लेना चाहते हैं तो दस्तावेजों की हार्ड कॉपी के बजाए आप वहां एक लिंक दे सकते हैं, जिससे आपके दस्तावेज की जांच आसानी से हो जाएगी। जो आवेदक आधार से जुड़ा होगा, उसे 10 एमबी का व्यक्तिगत स्टोरेज स्पेस मिलता है जिसमें दस्तावेजों को यूआरएल लिंक के रूप में सुरक्षित रखा जाता है। इन दस्तावेजों का इस्तेमाल करने के लिए आपको यूजर आईडी और पासवर्ड से लॉगइन करना होगा, जिसके बाद आप बड़ी ही आसानी से लिंक के रूप में अपने दस्तावेज देख सकेंगे। डिजिलॉकर में दस्तावेज सुरक्षित रखने से पहले इसमें अकाउंट बनाना होता है।

मेरी माटी मेरा देश के तहत अमृत कलश यात्रा का गोमती तट पर राज्य स्तरीय आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सीएम योगी व दोनों उप मुख्यमंत्री 28 अक्टूबर को महोत्सव में होंगे शामिल

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का राज्य स्तरीय आयोजन 28 अक्टूबर 2023 को अपराह्न 4:00 बजे वसुधा वंदन अमृत वाटिका, गोमती तट झूलेलाल पार्क लखनऊ में किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, केन्द्रीय राज्य मंत्री आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय कौशल किशोर, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चन्द्र यादव, महापौर लखनऊ सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा व डा. अशोक बाजपेयी भी मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत महोत्सव की यात्रा में उप्र में अब तक 6000 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए 16 करोड़ से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की गई। यह कार्यक्रम मातृ भूमि तथा वीरों का वंदन है। यह महोत्सव राष्ट्र के जागरण का महोत्सव है। इसके साथ ही सुराज्य के सपने को साकार करने, वैश्विक शांति तथा विकास का महोत्सव है।

नहीं हो पाई जेल में बंद आजम खान से कांग्रेस प्रदेश अजय राय की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● कांग्रेस ने प्रशासन पर न मिलने देने का लगाया आरोप वहीं जेल अथॉरिटी ने कहा, आजम ने खुद किया इंकार

सीतापुर जिला कारागार में बंद सजायाफ्ता कैदी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की मुलाकात नहीं हो पाई। इसको लेकर जहां कांग्रेस ने प्रदेश सरकार के इशारे पर प्रशासन द्वारा मुलाकात न कराए जाने का आरोप लगाया जा रहा वहीं, जेल अथॉरिटी का कहना है कि आजम खान से स्वयं मुलाकात करने से मना कर दिया। यह भी कहा जा रहा है कि आजम खान के अजय राय से मिलने से इनकार के पीछे एक वजह जेल मैनुअल है जिसके मुताबिक एक पखवाड़ा में केवल दो बार ही मुलाकात संभव है। बुधवार को आजम खान का बेटा उनसे मुलाकात कर चुका था। अब इस पखवाड़े में सिर्फ एक मुलाकात ही बची है जो आजम ने परिवार के लिए बचा रखा है।

प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को अजय राय प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रह आजम खान से मुलाकात करने सीतापुर जेल पहुंचे। आजम खान से जेल में मुलाकात के लिए कांग्रेस ने सभी औपचारिकताएं पूरी कर दी थी लेकिन प्रशासन द्वारा विद्वेष भावना के तहत मुलाकात करने से इनकार कर दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जेल अधीक्षक सुरेश सिंह से बात की लेकिन बिना कारण के मुलाकात कराने से मना कर दिया गया जिससे आक्रोशित होकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। प्रदेश अध्यक्ष ने आजम खान को भेंट के लिए साथ लाए फ ल की टोकरी जेल प्रशासन को सौंपी और उम्मीद की कि यह प्यार के फल आजम खान तक पहुंचेंगे सीतापुर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा भारतीय जनता पार्टी की योगी आदित्यनाथ सरकार साजिशन आजम खान को परेशान कर रही है। सरकार के इशारे पर उन पर फ र्जी मुकदमें लिखे गए, जेल भिजवाया गया, आजम खान कोई अपराधी नहीं हैं, राजनैतिक व्यक्ति हैं, उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता हैं। उनके नगर विकास मंत्री रहते सफलतम महाकुंभ का आयोजन हुआ जिसकी सराहना पूरे विश्व में हुई। छात्र जीवन से ही राजनैतिक रहे आजम खान के साथ भाजपा सरकार द्वारा विद्वेष भावना से ऐसा अत्याचार करना बिल्कुल उचित नहीं, हम मानवता के नाते उनके दुख दर्द को साझा करने के लिए यहां आए हैं, जो भी जरूरत होगी जो भी वह हमसे सहयोग की उम्मीद करेंगे, उसके लिए हम साथ खड़े हैं ऐसे अत्याचार और तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने हमेशा लड़ाई लड़ी है।

अजय राय ने जिला प्रशासन द्वारा सरकार के इशारे मिलने से रोकने पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमें आजम खान से मिलने से क्यों रोका जा रहा है? आखिर आजम खान किस हालत में है यह बात कैसे पता चलेगी।

2047 तक दुनिया का नेतृत्व करेगा भारतः नरेंद्र कश्यप

● मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का महाआयोजन क्रान्तिकारी शहिदों और देश की सीमा की रक्षा करने वाले जवानों को भावभीनी श्रद्धाँजलि हैः प्रभारी मंत्री

संवाददाता। शाहजहाँपुर

गुरूवार को गांधी भवन में आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप जी की अध्यक्षता में मेरी माटी, मेरा देश अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भव्य रूप से विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा देश भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआरत प्रभारी मंत्री जी ने अमर वलीदानियों शहीद पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठा. रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर की। माधव राव सिन्धिया पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति की गयी तथा आर कन्या इण्टर कालेज व सुधामा प्रसाद इण्टर कालेज के बच्चों द्वारा राष्ट्रभक्ति में भाव विभोर कर देने वाले सुन्दर नृत्य एंव कला के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सांस्कृति विभाग द्वारा नामित कलाकार श्रीमती सरिता बाजपेयी द्वारा भी देश भक्ति गीत की सुन्दर प्रस्तुति की गयी। प्रभारी मंत्री ने गांधी भवन में मौजूद सभी लोगो को पंच प्रण की शपथ भी दिलायी। उन्होने कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले सभी स्कूलों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के दौरान माननीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभारए पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन, सशक्तिकरण विभाग उप्र/प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने अपने उद्धबोधन की शुरूआत हम निकल पड़े है प्रण करके, तन मन अपना अर्पण करके, जिद है एक सूर्य उगाना है, अंबर से ऊँचा जाना हैए भारत को श्रेष्ठ बनाना हैए कविता पढ़ कर की। उन्होने अपने उद्धबोधन में कहा कि यह भूमि वह पवित्र भूमि है जहां पर पं. राम प्रसाद बिस्मिलए ठा. रोशन सिह् अशफाक उल्ला खान ने जन्म लिया। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का महाआयोजन उन क्रान्तिकारी शहिदों और देश की सीमा की रक्षा करने वाले जवानो को भावभीनी श्रद्धाजंलि है, जिन्होने अपनी जान की बाजी लगाकर भारत की सीमाओं को सुरक्षित रखते हुये देश को आजाद कराने का कार्य किया है। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत देश भर में अमृत कलश यात्रा निकाली जा रही है। यह अभियान देश के वीरो को सम्मान देने के लिये शुरू किया गया था। इस यात्रा में अपने साथ देश के अलग.अलग हिस्सों से कलशों में माटी व पौधे लेकर जाना है। पूरे देश में 75000 कलश पौधो सहित नेशनल वार मेमोरियल के करीब दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण किया जायेगा। इसी क्रम में आज 27 प्रमुख स्थानों से जनपद से कलश लेकर महायात्रा को पूर्ण करने की दिशा में आज का आयोजन सम्पन्न किया जा रहा है। उन्होने कहा कि कई स्कूलों के बच्चों ने राष्ट्रीय प्रेम को समर्पित करते हुये अपनी सुन्दर प्रस्तुति दी। ऐसे बच्चे शाहजहाँपुर वालो को लिये प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होने ऐसे सभी बच्चों के प्रधनाचार्य एवं अभिभावकों को बच्चों के हृदय में राष्ट्रप्रेम जागृत करने के लिये हृदय से अभिन्नदन किया। उन्होने कहा कि निसंदेह यह बच्चे भारत की एकता व अखण्डता के लिये अपना योगदान देने वाले है। उन्होने बताया कि देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव में एक नये भारत का सपना दिखाया है। जातिएपंथ और धर्म के आधार से ऊपर उठकर भाईचारे के आधार पर मजबूत भारत के निर्माण का कार्य बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य है कि 2047 में जब देश आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा तब हर राष्ट्रभक्त को भारत को सशक्त एवं महाशक्ति के रूप में देखने की इच्छा पूरी होगी। 2047 तक हमारा देश दुनिया का नेतृत्व करने वाला देश होगा। उन्होने कहा कि हमने 200 वर्षो तक अनेकों शासकों की गुलामी में जिया है लेकिन वर्तमान देश के प्रधानमंत्री ने भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हुये पिछले 09 बर्षो में देश की अर्थव्यवस्था को 05 नं0 पर लाकर भारत को मजबूत स्थिति में खड़े करने का कार्य किया है। भारत की सांसद ने महिलाओं को सशक्तिकरण देने के लिये देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की महिलाओं को राजनीति में 33 प्रतिशत रिजर्वेशन देकर हिन्दुस्तान की बहनो के लिये एक नये अभियान की और एक नये संवैधानिक अधिकार की शुरूआत की है।

डीएम उमेश प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की रूप रेखा पर प्रकाश डालते हुये बताया कि यह द्वितीय चरण शुरू हुआ था। जिसमें गावों नगर पंचायतों से होते हुये जिला मुख्यालय पर तथा मुख्यालय से लखनऊ तथा लखनऊ से कलशों में मिट्टी व पौधे लेकर दिल्ली भेजा जायेगा। उन्होने कहा कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य राष्ट्रप्रेम की भावना को विकसित करना है। उन्होने बताया कि 1857 में मेरठ से स्वतंत्रता की चिंगारी उठी थीए 1947 तक आते आते उसे 90 साल लगेए जो कि एक बहुत ही संघर्ष भरा सफर था। और अभी सिर्फहम लोगो को 75 साल ही हुये है अजाद हुये से। जिलाधिकारी ने बताया कि ठीक 25 साल बाद हम आजादी के 100 वर्ष पूर्ण करेगें। कोई भी देशए कोई भी राष्ट्र तब तक आगे नही बढ़ सकता जब तक वहा के लोगो में राष्ट्रप्रेम की भावना न हो। उन्होने बताया कि इसी क्रम में भारत सरकार द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन किये जा रहे है। जिससे कि देश के अमर शहिदों वलिदानियों को नमन किया जा सके, लोगो में राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित हो।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एसबी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जब शहीदों की बात होती है तो जनपद शाहजहाँपुर पूरे देश में अग्रणी स्थान रखता है। उन्होने कहा कि हमें इस पवित्र धरती पर सेवा प्रदान करने का अवसर मिला इसके लिये ऋणी हूं। जिन देशो ने अपने राष्ट्रीय चरित्र को बनाकर रखा वह देश आज भी पुष्पित और पल्लवित हो रहे है। उन्होने सभी से अनुरोध किया कि अपने अन्दर राष्ट्रीयता के पौधे को हर वक्त हरा भरा रखें, यही हमारी असली पहचान है।

ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

बरेली। ट्रैक्टर ट्राली में धान लड़कर गांव की बाजार में बेचने के लिए जा रहे एक ट्रैक्टर चालक की रास्ते में ही ट्रक की टक्कर से मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फरीदपुर थाने के गांव कुरमुरी निवासी 30 वर्षीय शिवकुमार पुत्र वेदपाल की बीती रात लगभग 10.30 बजे भमोरा थाने के गांव मकरंदपु मे हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि शिवकुमार रात को लगभग 10.00 बजे अपने ट्रैक्टर ट्राली में धान लादकर उसे देवचरा की बाजार में बेचने के घर से चला था जब उसकी ट्रैक्टर ट्राली मकरंदपुर में पहुंची तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मार दी ट्रैक्टर चला रहा शिवकुमार जमीन पर गिर गया और मौके परी मौत हो गई दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और लाश की पहचान कर ली।

विकास कार्यों में तेजी का लक्ष्य

लखीमपुर खीरी। मोहम्मदी विकासखंड सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक संपन्न हुई एबैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई ने की, जिसमें प्रधान और जिला पंचायत सदस्य भी शामिल हुए, बैठक में विकासखंड में आने वाले ग्राम सभा में विकास कार्य को और तेजी के साथ करने का लक्ष्य रखा गया एवही जिला पचायत सदस्य ने कहा अभी तक किसानों के बीज की सब्सिडी न आने पर संतोष व्यक्त किया गया, एडीओ पंचायत रामवीर सिह ने शाशन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में अवगत कराया, वही बैठक मे आगनवाड़ी, विझुत, स्वास्थ्य शिक्षा, जल निगम सहित अन्य विभाग के प्रतिनिधि नदारत दिखाई दिए, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र वाजपेई ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को अवगत कराते हुए कहा विकास कार्य के लिए कार्य योजना बनाई जा रही है आप सभी अपने ग्राम सभा के विकास के लिए प्रस्ताव दे दें एविकास खंड अधिकारी अश्विनी सिंह ने आए हुए सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य एप्रधान और जिला पंचायत सदस्यों का आभार व्यक्त किया, बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य दिलीप सिंह, तौहीद खा, फहीम खान, अवर अभियंता, प्रधान आलोक वर्मा, योगेश प्रताप सिंह, प्रमोद सिंह, पंकज मिश्रा सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे, बैठक का संचालन क्षेत्र पंचायत सदस्य अतुल वाजपेई ने किया।

प्रशिक्षण के लिए लखनऊ रवाना हुए 35 आपदा मित्र

लखीमपुर खीरी। उप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा से निपटने के लिए लखनऊ में आपदा मित्र प्रशिक्षण के लिए तीसरे चरण में खीरी से 35 युवा रवाना हुए। जिनको डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने रवाना किया। डीएम ने युवाओं से मेहनत के साथ प्रशिक्षण ग्रहण करने और जनपद का नाम रोशन करने का आहवान किया है। राज्य आपदा मोचन बल के विशेषज्ञ आपदा मित्रों को प्रशिक्षण देंगे।

गुरुवार को खीरी कलक्ट्रेट से आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा से निपटने के लिए लखनऊ में आपदा मित्र प्रशिक्षण के लिए युवाओं की एक बस लखनऊ के लिए रवाना हुई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सभी युवा लखनऊ में 12 दिन का प्रशिक्षण लेंगे। जिसमें आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह परियोजना नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी गृह मंत्रालय के द्वारा चलाई जा रही है। जिसमें युवा आपदा मित्रों को आपदा से निपटने के लिए लखनऊ में 12 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बताते चलें कि अब तक दो चरणों में जिले के 465 आपदा मित्र प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

क्विक न्यूज

टीचर का मोबाइल लूटने वाले गैंग का खुलासा, 4 गिरफ्तार

बरेली । सड़क पर जा रही महिला टीचर का मोबाइल फोन लूट कर फरार हुए गैंग के चार बदमाशों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा ।भुता थाना क्षेत्र में गोपालपुर नगरिया मोड पर टीचर का मोबाइल फोन लूट कर फरार हुए भुता निवासी संतोष, बृजेश गंगवार, भगवान दास और आवला थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा निवासी मोबिन को गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए चारों बदमाशों ने 11 अक्टूबर को बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र में इन्वर्टिस इंस्टीट्यूट से वापस लौट रही महिला टीचर का मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए गिरफ्तार किए गए संतोष की मुलाकात जेल में मोबिन से हुई थी जेल से निकलने के बाद संतोष ने मोबिन को भगवान दास और बृजेश से मिलवाया और खर्च चलाने के लिए चारों ने एक गैंग बना लिया 11 अक्टूबर को घटना को अंजाम देने के लिए संतोष अपनी नई मोटरसाइकिल पर बृजेश के साथ पहुंचा था यह मोटरसाइकिल उसने किस्तों पर ली थी जबकि भगवान दास और मोबिन ऑटो से घटनास्थल पर पहुंचे थे उन्होंने टीचर का मोबाइल फोन लूटने के बाद गले से सोने की चैन भी तोड़ ली लेकिन चेन टूट कर वहीं पर गिर पड़ी तब वह मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए, आज चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया और जेल भेजा ।

कलेक्ट्रेट में महिला और युवक मे मारपीट

बरेली। कलेक्ट पहुंची एक महिला ने रकम उधार लेने वाले युवक से जब अपनी रकम वापस मांगी तो दोनों में विवाद हो गया देखते ही देखते दोनों ने एक दूसरे से मारपीट शुरू कर दी, लोगों ने मामले को रफा दफा कराया । बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर इनायत निवासी चिंता देवी और कैंट थाने के नकटिया स्थित आदर्श कॉलोनी निवासी सुरजीत पुत्र कुलवंत के बीच मारपीट हो गई महिला ने बताया कि उसने कुछ समय पहले अपना खेत बचा था यह बात जब सुरजीत को पता लगी तो उसने उसे 50000 रुपए उधार मांग लिए और कुछ समय बाद देने का वादा किया लेकिन उसने रकम वापस नहीं लौटी उसका मोबाइल फोन भी बंद जा रहा था आज वह अपने किसी काम से कलेक्ट्रेट आई थी जहां पर उसने सुरजीत को जाते देखा तो अपनी रकम वापस मांगी सुरजीत उससे झगड़ा करने लगा उसने गुस्से में आकर सुरजीत के थप्पड़ मार दिया गुस्सा, सुरजीत ने भी उसके साथ मारपीट की मौके पर पहुंचे लोगों ने मामले को रफा दफा कर दिया।

डीएम ने लोकसभा चुनाव को लेकर दिये दिशा निर्देश

बरेली। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने विगत दिवस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान के साथ तहसील बहेड़ी में एसडीएम बहेड़ी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारियों, लेखपालों व ग्राम सचिवों के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत निरोधात्मक कार्रवाई के संबंध में समीक्षा की थी। डीएम ने आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत निर्देश दिये कि क्षेत्र में जो भी अपराधी किस्म के व्यक्ति हैं जो निर्वाचन को प्रभावित करने का प्रयास कर सकते हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही की जाये। चुनाव आयोग इस बात को लेकर संवेदनशील है कि पोलिंग पर्सन के साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार ना होने पाये। अतः इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये।

कार्यक्षमता में क्रांति लाने का लक्ष्य

बलिया। इंफ्राएमार्केट द्वारा संचालित की जा रही ईवास ने बलिया में अपने रणनीतिक विस्तार की घोषणा की है। हाई क्वालिटी ;उच्च गुणवत्ताद्ध वाला समाधान प्रदान करने में अग्रणी कंपनी के रूप में ईवास मॉड्यूलर किचन ग्राहकों की पसंद और सुविधा को देखते हुए लगातार बदलाव कर रहा है और कंज्यूमर्स की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक व लेटेस्ट इनोवेशन उत्पादों की एक बड़ी रेंज पेश करता है। इस लॉन्च पर इंफ्राएमार्केट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अभिजीत झावर ने कहा कि हमारा प्राथमिक उद्देश्य उत्तर प्रदेश में उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं की पहचान कर उन्हें बेहतर सर्विस के जरिए किचन डिजाइन और कार्यक्षमता में क्रांति लाना है। नए स्टोर लॉन्च के साथए हमारा लक्ष्य मॉड्यूलर किचन और फर्नीचर की बढ़ती मांग के आधार पर राज्य मेंए विशेष रूप से बलिया में एक महत्वपूर्ण बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है ताकि यहां एक मजबूत उपस्थिति और प्रतिष्ठा बनाई जा सके।

डीएम ने गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में की बैठक

बरेली। डीएम रविन्द्र कुमार ने विगत दिवस तहसील बहेड़ी में स्थित केसर शुगर मिल के पदाधिकारियों के साथ किसानों का 122 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान लम्बित होने के परिपेक्ष्य में बैठक की। किसान दिवस में बहेड़ी के किसान बन्धुओं द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान के मुद्दे को जोर शोर से उठाया था और डीएम से मिलकर गन्ना मूल्य भुगतान कराने की अपील करी थी। आज डीएम ने बहेड़ी स्थिति केसर शुगर मिल के पदाधिकारियों के साथ वार्ता की तथा किसानों का बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान मिल की अतिरिक्त भूमि बेच यथाशीघ्र करने के निर्देश दिये।

दवा लेने को घर से निकले ग्रामीण की लाश मिली

बरेली। एक सप्ताह पूर्व दवा लेने के लिए घर से निकले ग्रामीण की लाश घर से दूर पाई गई पुलिस ने लाश को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा जहां आज घर वालों ने उसकी पहचान कर ली। कस्बा व थाना आवला निवासी 55 वर्षीय मुन्नीलाल पुत्र नोनी राम की लाश को आज पीएम हाउस पहुंचे घर वालों ने पहचान लिया घर वालों ने बताया कि मुन्नीलाल अविवाहित थे और एक सप्ताह पूर्व वह घर से कुछ ही दूरी पर क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टर पुत्तन लाल के क्लीनिक पर दवा लेने के लिए घर से निकले थे वह दवा लेने नहीं पहुंचे और ना ही घर वापस लौटे शाम तक उनका इंतजार करने के बाद घर के लोगों ने उन्हें तलाशने की कोशिश शुरू कर दी और दो दिन पहले उनकी लाश भमोरा थाना क्षेत्र में मकरंदपुर गांव के एक खेत में सडी गली लाश मिलने की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश की पहचान न होने पर उसे अज्ञात के रूप में पीएम के लिए भेज दिया मृतक के घर वाले पीएम हाउस पहुंचे और कपड़ों से मृतक की पहचान की।

सीएचसी खमरिया में लगा वृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर

लखीमपुर खीरी। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, तथा नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता के निर्देशन में 26 अक्टूबर को वृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गोष्ठी एवं उपचार शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया पंडित मे किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष इंद्र कुमार शुक्ला एवं सीएचसी अधीक्षक डॉ पंकज कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर पर उपस्थित मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला, नैदानिक मनोवैज्ञानिक स्तुति कक्कड़, मनोचिकित्सकीय सामाजिक कार्यकर्ता अतुल कुमार पाण्डेय, मनोचिकित्सीय नर्स विवेक कुमार मित्तल द्वारा विभिन्न प्रकार के नशा एवं मानसिक रोग बारे मे विस्तार से बताया गया। जैसे अनिद्राए अवसाद, बेहोशी के दौरें आनाएचक्कर आनाए बुद्धि का कम विकास होना, भेद भाव, पूर्व जन्मों का अभिसापए सिर में दर्दए माइग्रेनए चिंताए घबराहट, झाड फूक, ऊपरी शक्ति का प्रभावए तनाव प्रबंधन, सुसाइड प्रिवेंशन, सराब गाज़ा, अफीम, ड्रग, धूम्रपानए आदि विषय पर जागरूक किया गया। साथ ही बताया गया कि बिना किसी झिझक के मानसिक स्वास्थ्य विभाग में आकर इलाज कराने और व्याप्त भ्रांति को समाप्त करने के लिए प्रेरित भी किया गया।

क्षेत्र से आये उपस्थित जन समूह एवं स्टॉफ को पम्पलेट वितरित किया गया। शिविर में चिन्हित किये गयेए 30 मानसिक विकारों से पीढ़ित मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण कर दवा वितरित किया गई। कैंप में 260 मरीज देखे गए एवं एक मानसिक दिव्यायंग प्रमाण पत्र भी जारी किया गया। मानसिक उपचार के लिए मैरिज जिला पुरुष चिकित्सालय एमसीएच विंग ओयल अस्पताल के कमरा नंबर 02 में ओपीडी दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को समय 8 बजे प्रातः से 2 बजे अपराह्न तक सम्पर्क कर सकते हैं। चिन्हित किये गये मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को नियमित आने व ईलाज को जारी रखने का परामर्श दिया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर और शुगर की जाँच स्टॉफ नर्स द्वारा की गई। साथ ही विकाश कुमार काउंसलर द्वारा समस्त प्रका की व्यवस्था देखते हुए शिविर आयोजन में सहयोग किया गया। शिविर में अन्य चिकित्सक, डॉ सत्यक वर्मा, डॉ आरबी गुप्ता, डॉ हश्मत आरा, लैब तकनीशियन सुरेंद्र कुमार, सिम्मी गौतम, अखिलेश वर्मा, नीरज गुप्ता, वार्ड बॉय गायत्री देवी, समीमा स्टॉफ नर्स ने उपस्थित रहकर शिविर में सहयोग प्रदान किया।

सीतापुर से गोला में मादक पदार्थ चिप्पड की आपूर्ति देने वाला गिरफ्तार

गोला गोकर्णनाथ (खीरी)। नगर में सक्रिय नशे के सौदागरों को मादक पदार्थ चिप्पड की खेप की आपूर्ति देने सीतापुर से आए नशा के व्यापारी को मय माल के पकड़ा गया था जिसके बाद मोटी रकम लेकर गोला पुलिस ने खेला खेल। जानकारी के अनुसार दस किलो चिप्पड़ व काली मोटरसाइकिल व काला हेलमेट धारी को जमीन निगल गई या आसमान मामला चाहे जो हो पर मुखबरी कर पकड़वाने वाला को बराबर मिल रही है धमकी। बताते चलें कि नगर में चिप्पड़ का गोरखधंधा जारी है पुलिस गांजा में गिरफ्तार कर जेल भेज कर अपनी पीठी थप थपा रही है जबकि दूसरे जनपद से चिप्पड़ की खेप बराबर आ रही है और पंजाबी कालोनीध् कांशीराम कालोनी के बीच में रहनेवाले नशा माफिया खुलेआम बिक्री करवा रहा है यह बात पुलिस चौकी नानक को अच्छी तरह से मालूम है।

नगर पंचायत अध्यक्ष और ईओ की अगुवाई में निकाली कलश यात्रा

बरेली। फतेहगंज पश्चिमी मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत आज बृहस्पतिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष चेयरमैन इमराना बेगम, (ईओ) अधिशासी अधिकारी शिवलाल राम के नेतृत्व में कस्बे में कलश यात्रा निकालकर कलश को बरेली ले जाकर उच्च अधिकारियों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार अभी कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश अनुसार मेरी माटी मेरा देश का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत अध्यक्ष अध्यक्ष इमरान बेगम, अधिशासी अधिकारी शिवलाल राम एवं नगर पंचायत कर्मचारी और सभासदों ने कस्बे के प्रत्येक वार्ड में घर घर जाकर मिट्टी और चावल एकत्र किए गए थे।

उन सभी कलशो को नगर पंचायत में रखवा दिया गया था। आज उन कालशो को निकाल कर कस्बे में ढोल नगाड़े बैंड बजा बजाकर यात्रा निकाली गई उसके बाद में उन कालशो गाड़ी में रखकर बरेली संजय कम्युनिटी हाल ले जाया गया उन कलशों को वहां मौजूद उच्च अधिकारियों को सोपा दिया गया। इस मौके पर (जेई) अवर अभियंता सरोज कुमार, वरिष्ठ लिपिक बेला देवी, जगदीश प्रसाद शर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि हारून चौधरी, जगत सिंह उर्फसनी, डॉ मुदित सिंह, पंकज शर्मा, कृष्णा, जयप्रकाश, गंगाराम, सभासद प्रमोद गुप्ता, सभासद अबोध सिंह, सभासद तस्लीम उर्फ टिंकू, सभासद धर्मेंद्र सिंह उर्फ मोनू, फहीम अली, रमेश चंद्र, राजेश कुमार, रवि सैनी, जुबेर आदि नगर पंचायत के कर्मचारी, सभासद एवं कस्बे के प्रमुख समाज सेवी, गणमान्य, सम्भ्रांत व्यक्ति भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

अंतर्राष्ट्रीय स्तन कैंसर जागरूकता अभियान को लेकर आयोजित हुआ वेबीनार

लखीमपुर खीरी। महिला स्वास्थ्य से जुड़े एक महत्वपूर्ण विषय 'स्तन कैंसर' पर युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर और गैर सरकारी संगठन रूटिंग वैलनेस आर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय स्तन कैंसर जागरूकता अभियान का आयोजन एक वेबनार के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का संयोजन अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर ज्योति पंत द्वारा किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष का अक्टूबर महीना स्तन कैंसर जागरूकता अभियान के लिए समर्पित है। प्रत्येक वर्ष विश्व की मातृशक्ति स्तन कैंसर जागरूकता के अभाव में स्तन कैंसर से ग्रसित हो जाती है और असमय ही मृत्यु का शिकार हो जाती है। स्तन कैंसर विश्व स्तर पर महिलाओं में सबसे आम घातक बीमारी है। जहां 1990 में भारत स्तन कैंसर के मामले में चौथे स्थान पर था वहीं 2023 में वह पहले स्थान पर आ गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में बढ़ते स्तन कैंसर को शुरुआती अवस्था में पता लगाने के लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ श्री जाम्या एन जीओ रूटिंग वैलनेस की संस्थापक ने स्तन कैंसर के शुरूआती लक्षणों व कारणों को स्लाइड शो के माध्यम से बताया। इसी क्रम में उन्होंने स्तन कैंसर की विभिन्न गांठों पर भी चर्चा करते हुए बताया कि 40 की उम्र के बाद महिलाओं में स्तन कैंसर होने की अधिक संभावना रहती है इसलिए सलाह दी कि प्रत्येक 2 वर्षों में महिलाओं को मैमोग्राफी जरूर करानी चाहिए और यदि कैंसर की शंका लगती है तो कैंसर विशेषज्ञ से शीघ्र ही अन्य जांचे करवा कर उसका उचित इलाज करवाना चाहिए। प्रत्येक सप्ताह महिलाएं घर पर ही कैसे स्तन की गांठ की जांच स्वयं कर सकती हैं इस विधि को भी उन्होंने अपने आप करके दिखाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर खुलकर बात करनी चाहिए और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

राममूर्ति मेडिकल कालेज कान्फ्रेंस में 28-29 को शामिल होंगे 600 फिजीशियंस

बरेली। श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफ मेडिकल साइंसेज में देश के फिजीशियंस की सबसे बड़ी संस्था एसोसिएशन आफ फिजीशियन आफ इंडिया की ओर से 40वीं वार्षिक कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। यूपी चौप्टर की इस वार्षिक कांफ्रेंस का आयोजन श्रीराममूर्ति हास्पिटल में दूसरी बार हो रहा है। वर्ष पहले 2017 में भी इसे आयोजित करने का सौभाग्य श्रीराममूर्ति हास्पिटल को मिला था। यह जानकारी श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफ मेडिकल साइंसेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। इस साइंटिफिक कांफ्रेंस में देश के नामचीन फिजीशियन स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियों और उनके समाधान को अपने रिसर्च के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। निसंदेह सभी फिजीशियंस और स्टूडेंट्स की जानकारी में इजाफा होगा, जिसका लाभ अंततः मरीजों के उपचार में मिलेगा। उम्मीद है सभी फिजीशियंस इसका लाभ उठाएंगे। कांफ्रेंस की आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा.स्मिता गुप्ता ने कहा कि यूपी चौप्टर की यह कांफ्रेंस प्रति वर्ष प्रदेश के अलग अलग शहरों में होती है। इसकी वजह मेडिसिन की बारीकियां समझने और समझाना है। इस बार इस कांफ्रेंस की थीम पर्ल्स आफ मेडिसिन है। कांफ्रेंस में एम्स दिल्ली, एम्स ऋषिकेश, बीएचयू, राममनोहर लोहिया, अपोलो दिल्ली, अपोलो मुंबई, पीजीआई लखनऊ के विशेषज्ञ चिकित्सक अपना व्याख्यान देंगे। जबकि दिल्ली और उत्तराखंड सहित यूपी के लगभग सभी मेडिकल कालेज के करीब 600 फिजीशियन इसमें शामिल होने आ रहे हैं। इसमें डेलिगेट्स अपना रिसर्च पेपर प्रस्तुत करेंगे। क्विज का भी आयोजन होगा। इसमें पोस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट्स शामिल होंगे। डा.स्मिता ने कहा कि दो दिनी कांफ्रेंस में साइंटिफिक सेशन 28 अक्टूबर को सुबह 8.30 बजे ओरल प्रेजेंटेशन के साथ शुरू हो जाएगा। जबकि इसका उद्घाटन दोपहर 12.30 बजे इंडियन कालेज आफ फिजीशियन के डीन डा.ज्योतिर्मय पाल (कोलकाता) की मौजूदगी में होगा। वह इसमें विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

तीर्थ नगरी चित्रकूट पहुंची साधु-संतों की अगुवाई में राम वन गमन यात्रा

● जिस मार्ग से श्री राम चित्रकूट गए थे उसी मार्ग का अनुसरण करेगी यात्रा

संवाददाता। चित्रकूट

प्रयागराज विद्वत परिषद प्रयागराज तत्वावधान में जहां जहां चरण पड़े प्रभु श्री राम के कार्यक्रम सर्वप्रथम महर्षि भारद्वाज की प्रतिमा पर प्रात: पूजन व आरती के साथ हरिचौतन्य ब्रह्मचारी टीकरमाफी की अगुवाई में साधु संतों की प्रमाणिक राम वन गमन मार्ग पर यात्रा शुरू हुई।

हरिचौतन्य ब्रह्मचारी टीकरमाफी ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री राम जिस मार्ग से चित्रकूट वन गए थे उस प्रमाणिक मार्ग पर आज भारत के इतिहास में पहली बार एक दर्जन साधु संतों के साथ श्रीराम वन मार्ग पर चलेंगे। यह यात्रा हिंदू समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। प्रभु श्रीराम स्मृति में प्रतिवर्ष यात्रा निकलना चाहिए।

उन्होंने कहा जगत गुरु रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य, महंत यमुनापुरी महाराज महानिवाड़ी अखाड़ा के अलावा व्यास मुनि पौराणिक हर्ष तीर्थ, महाराज सच्चा बाबा आश्रम,राधा मोहन दास महाराज और त्यागी जी महाराज गांगुली शिवाला आदि संत चल रहे है।संतों के साथ सुजावनदेव, मसुरियन माई, मनकामेश्वर धाम लालापुर, ऋषियन, बाल्मिकी आश्रम होते कामदगिरि मुखारबिंद तक प्रबुद्धजनों के साथ एक मिसाल यात्रा बनेगी। भारतीय संस्कृति, सभ्यता और पौराणिक कथाओं व श्रीराम चरित मानस में उल्लेखित मार्ग पर यात्रा होने से प्रयागराज और चित्रकूट वासियों की जनभावनाओं के सम्मान में प्रमाणिक राम वन गमन मार्ग में पड़ने वाले प्रत्येक गांव गांव का नागरिक जागृत होगा। जगह जगह स्थानीय नागरिकों द्वारा फूलों की वर्षा व नगाड़ों के ताल के साथ स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया गया।

दिव्यांगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने को संकल्पित है सरकार

संवाददाता। चित्रकूट

जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, अध्यक्ष कोआपरेटिव बैंक बांदा/चित्रकूट पंकज अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर की मौजूदगी में समग्र शिक्षा चित्रकूट समेकित शिक्षा के तहत नि:शुल्क उपकरण बांटे गये। गुरुवार को चित्रकूट इंटर कॉलेज में दिव्यांगजन 1996 में 156 बच्चों को 242 नि:शुल्क उपकरण बांटे गये। ट्राई साइकिल 28, व्हीलचेयर 48, सीपी चेयर एक, एक्जिला क्रच 10, एल्बो क्रच दो, रोलेटेर 4, ब्रेल किट 18, सुगम्य केन 4, हियरिंग ऐड 96, कैलीपर 19 उपकरण बांटे। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार दिव्यांगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है। सरकार उपकरण बांटकर दिव्यांगजन बच्चों की हर संभव मदद कर रही है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य का उदाहरण देते हुए कहा कि उनके सानिध्य में हजारों की संख्या में दिव्यांग छात्र-छात्रायें दिव्यांग विविद्यालय में शिक्षा पा रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि दिव्यांग कोई अभिशाप नहीं है।

सलाग्राम ट्रीटमेंट प्लांट की धीमी गति देख जिलाधिकारी ने जताई नाराज़गी

● प्लांट से 212 गांवों के 48 हजार 949 घरों तक की जायेगी जलापूर्ति

● नगर पंचायत एट में इंटरलाकिंग, टाईल्स अधोमानक मिली

संवाददाता। उरई, जालौन

गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सलाग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत 54 एमएलडी क्षमता के ट्रीटमेन्ट प्लांट का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सला योजना द्वारा 212 ग्रामों के 48 हजार 949 घरों को शुद्ध पेयजल तीव्र गति से उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। निर्माण कार्य की गति धीमी होने पर उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को चेतावनी भी दी।

निरीक्षण दौरान ट्रीटमेन्ट प्लांट में एयरेटर, कैमिकल बिल्डिंग, फ्लेश मिक्सर, क्लैरीफ्लोकुलेटर, एडमिन बिल्डिंग, क्लोरीनेशन रूम, मीटर रूम, सीडब्लूआर एवं पम्पहाउस का कार्य पूर्ण पाया गया। सभी कम्पानेन्ट में फिनिसिंग का कार्य शेष होने पर निर्देशित किया कि मजदूरों की संख्या बढ़ाकर फिनिसिंग का कार्य ससमय पूर्ण किया जाये।

जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन कार्यालय नगर पंचायत एट का औचक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इण्टरलॉकिंग के लिये प्रयोग की जा रही टाईल्स की गुणवत्ता अधोमानक पायी गई व 80 एमएम की टाईल्स लगायी जानी थी जो नाप कराने के बाद 70 एमएम ही पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगाते हुए मानकों के अनुरूप कार्य को पूरा करने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यालय परिसर के चारों तरफ गुलचीन, मॉलश्री, आम, नीम आदि छायादार पौधे लगाये जाएं।

मिली अनियमितताएं तो अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी सेंटर एसीएमओ ने किया सीज

जालौन, उरई। नगर में औरैया रोड स्थित अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी सेंटर पर अनियमितताओं की शिकायत चिकित्सा विभाग की टीम के साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने छापा मारा। अनियमितताएं मिलने पर सेंटर को सील कर कर दिया गया।

नगर में औरैया रोड पर रेडिएंस डायग्नोस्टिक सेंटर के नाम से अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी सेंटर संचालित हो रहा था। जिसकी शिकायतें सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा को मिल रही थीं। गुरूवार को सीएमओ के साथ एसीएमओ डॉ. एसडी चौधरी, एसडीएम सुरेश कुमार, नायब तहसीलदार गौरव कुंमार, प्रभारी चौकी इंचार्ज निसार अहमद पुलिस फोर्स के साथ लैब पर पहुंच गए। जहां उन्हें एक कर्मचारी मौजूद रहा। लैब संचालन के संबंध में वह कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। टीम ने लगभग दो घंटे तक लैब में छानबीन कर पूछतांछ की। इस दौरान काशीनाथ निवासी एक महिला आरजू भी वहां पहुंच गई। जहां उसने आरोप लगाया कि उसने लगभग डेढ़ माह पूर्व वहां अल्ट्रासाउंड कराया था। जहां उसको गाल ब्लैडर में पथरी होने की रिपोर्ट दे दी गई। जबकि उरई में दूसरी जगह अल्ट्रासाउंड कराने पर उसको पथरी नहीं निकली।

बाल क्रीड़ा रैलियों को धन मुहैया कराए सरकार: अनिल प्रधान

संवाददाता। चित्रकूट

समाजवादी पार्टी के कर्वी विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि सूबे के सभी परिषदीय विद्यालयों में चल रही बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में सरकार कोई बजट मुहैया नहीं करा रही। शिक्षक अपने पास से चन्दा कर बाल क्रीडा करा रहे हैं। गुरुवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि परिषदीय विद्यालयों में बाल क्रीडा प्रतियोगितायें शुरु हो गयी हैं। संज्ञान में आया है कि प्राथमिक विद्यालयों में बाल क्रीडा संकुल रैली चल रही हैं। रैली में किसी प्रकार का सहयोग सरकार नहीं दे रही। सभी शिक्षक बन्धु आपस में चन्दा कर बाल क्रीड़ा रैली करवा रहे हैं। इन प्रतियोगिताओं में क्रीड़ा व्यवस्था को कई खर्च लगे हैं। शासन रैलियों को बजट आवंटित करे तो और बेहतर ढंग से रैलियां हो सकती हैं। बच्चों को बेहतर ढंग से पुरस्कृत भी किया जा सकता है। जीवन में खेल के प्रति बच्चों का लगाव और बढेगा। उनके अन्दर खेलकूद से आगे बढ़ने को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि बाल क्रीडा प्रतियोगिता रैली को शासन से परिषदीय विद्यालयों को आर्थिक मदद दिलाई जाये।

बड़ी माता मंदिर में हुए हवन पूजन में सैकड़ों भक्तजन हुए सहभागी

संवाददाता। जालौन, उरई

दशहरा पर्व के उपरांत नगर व ग्रामीण क्षेत्र में जगह जगह हवन पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में भक्तों ने धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया।

नगर के प्राचीन बड़ी माता मंदिर पर मां नवदुर्गा सेवा समिति के सदस्यों द्वारा हवन पूजन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आयोजित हुए हवन पूजन के बाद देश में सुख व शांति की कामना की गई। इस दौरान महिलाओं ने कीर्तन का भी गायन किया।

हवन पूजन के बाद आहूतियां दी गईं। कार्यक्रम में श्यामजी, राहुल साहू, धीरज कुशवाहा, दीपक साहू, वीरू अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, नीरज यादव, अंकित, शिवम, अंशू गुप्ता आदि ने सहयोग किया। उधर, ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा, लौना, हरदोई राजा, अकोढ़ी दुबे, प्रतापपुरा आदि गांवों में नवरात्र व दशहरा पर्व के उपरांत हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उदोतपुरा स्थित बड़ी माता मंदिर पर नौ दिन तक चले धार्मिक कार्यक्रमों के बाद हवन पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया। गांव में माता की झांकी निकाली गई। जिसका गांव के लोगों ने जगह जगह स्वागत किया। शाम के समय मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

क्विक न्यूज

मांगे न मानी तो चक्का जाम करेगी भारतीय किसान यूनियन

फर्रुखाबाद। भारतीय किसान मजदूर यूनियन (राष्ट्रवादी) नें तहसील में धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमे चेतावनी दी की यदि मांगे नही मानी गयीं तो चक्का जाम किया जायेगा। जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार यादव, महासचिव विक्रम सिंह के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया। जिसमे नगला बसोला भगवानपुर से अमृतपुर तक गंगा नदी पर बना तटबंध क्षतिग्रस्त हो जाने से खतरा उत्पन्न हो गया है जिसके निर्माण की मांग, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र मे बिना परमिशन भराव डालने की अनुमति, आवारा गौवंशों को गौशाला भिजवाने, पुलिस क्षेत्राधिकारी का कार्यालय अमृतपुर मे खोलने, गन्ना का सरकारी मूल्य 450 रुपए निर्धारित करने आदि मांगे की गयी। धरना प्रदर्शन के दौरान सात सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम रविन्द्र सिंह को सौंपा।

मन्दिर में चोरी करते पकड़ा गया विधानसभा प्रत्याशी पुत्र

फर्रुखाबाद। पूर्व सदर विधान सभा प्रत्याशी का पुत्र मन्दिर में चोरी करते लोगों नें दबोच लिया। उसके बाद चोरी की गयी नकदी भी बरामद कर ली। भीड़ नें उसकी पूजा के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। शहर कोतवाली के तलैया फज्ञल इमाम में एक शिव मन्दिर है। जिसमे मोहगे के ही निवासी करन वर्मा पुत्र शांति स्वरूप दीवार फांदकर घुस गया और उसमे रखी तिजोरी का ताला तोड़कर नकदी साफकर दी। जानकारी होनें पर लोगों नें आरोपी करन को फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन से नकदी सहित दबोच लिया । सूचना पर पंहुची पुलिस ने आरोपी करन को हिरासत में ले लिया । आरोपी करन के पिता शांति स्वरूप 2017 के 194 विधान सभा चुनाव में सदर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े थे और हार गये थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चिकन पॉक्स से बचाव की चेयरमैन ने बांटी दवा

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी व हेल्थी वर्ल्ड विजन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने चिकनपॉक्स से बचाव व शक्तिवर्धक टॉनिक वितरण अभियान आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए चलाया। चेयरमैन ने आंगनबाड़ी केंद्र चौधराना चतुर्थ, सिविल लाइन्स द्वितीय व खंभापुर पंचम के कुल तीस बच्चों को शक्तिवर्धक सीरप व चिकनपॉक्स के संक्रमण को कम करने एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि प्रदान की। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनीता शुक्ला, ललिता देवी, कृष्णा देवी यादव व रेडक्रॉस सोसाइटी सदस्यता प्रमुख सुरेश श्रीवास्तव व आजीवन सदस्य चेतन यादव उपस्थित रहे।

अनुसूचित मोर्चा सम्मेलन में कानपुर जायेंगे 12 हजार कार्यकर्ता

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि अनुसूचित मोर्चा का सम्मेलन कानपुर में आयोजित किया जा रहा है। जिसको सफल बनाने के लिए जिले की प्रत्येक विधानसभा से दो-दो हजार कार्यकर्ता कानपुर जायेंगे। इसके अलावा 27, 29 व तीस अक्टूबर को जिले की सभी विधानसभाओं में महिला सम्मेलन भी आयोजित किए जायेंगे। उन्होने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए कानपुर में 28 अक्टूबर को अनुसूचित मोर्चा का विशाल सम्मेलन आयोजित हो रहा है। सम्मेलन में सीएम योगी के अलावा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी मुख्य अतिथि होंगे।

विशाल अखंड रथ यात्रा रवाना, जगह-जगह स्वागत

संवाददाता। फतेहपुर

लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल फाउंडेशन के तत्वाधान में प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर अखंड रथ यात्रा प्रतिमा स्थल पटेल नगर चौराहा से निकाली गई। भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल एवं जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल ने संयुक्त रुप से रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौहार में पूर्व ब्लाक प्रमुख मलवां जितेंद्र गौतम, गोधरौली में वीरेंद्र सिंह, औंग कस्बे में जयकरण पटेल, खदरा में महेश सिंह, विनोद कुमार वर्मा, करचलपुर में राजेश सिंह चौहान, देवमई में पूर्व ब्लॉक प्रमुख जगदीश सिंह पटेल, सकुरा में रमाकांत वर्मा, जहानाबाद में भोला उत्तम, कलाना में अखिलेश, अमौली में रामभक्त वर्मा, रोटी चौराहा में अवधेश शुक्ला, खजुहा में रविंद्र पाल सिंह, बिंदकी में जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल, फरीदपुर मोड में जय वर्मा, वेद प्रकाश वर्मा, जोनिहा में पन्नालाल ने स्वागत किया। भ्रमण के पश्चात यात्रा का समापन पटेल नगर में होगा। लौह पुरुष की जयंती गांव-गांव धूमधाम से मनाई गई।

बीडीओ ने आटा गांव में भ्रष्टाचार की जांच के लिए जारी किये निर्देश

आटा, जालौन। ग्राम पंचायत आटा में पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान द्वारा लंबे समय से हैंडपंपों के रीबोर व मरम्मतीकरण के नाम किये गये लाखों के गोलमाल के साथ गौशाला व मनरेगा योजना में फर्जीबाड़े में लाखों रुपयों के बजट को हजम कर अपना हाजमा दुरुस्त रखने का मामला जैसे ही बीडीओ कदौरा के संज्ञान में पहुंचा तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुये सभी मामलों के स्थलीय जांच के निर्देश जारी कर दिये।

पेज एक का शेष

कतर ने...

वापस लाया जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नौसेना के पूर्व अधिकारियों पर इजराइल की ओर से एक पनडुब्बी कार्यक्रम से संबंधित जासूसी के आरोप लगे थे। कतरी अधिकारियों ने दावा किया कि उनके पास इस मामले से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य हैं। इन लोगों पर कथित तौर पर इज़राइल के लिए कतर की उन्नत पनडुब्बियों की जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। इन पनडुब्बियों को विशेष सामग्रियों से लेपित किया गया था जिससे उनकी गुप्त क्षमताओं में वृद्धि हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक पनडुब्बियों का निर्माण एक इतालवी जहाज निर्माण फर्म के सहयोग से किया जा रहा था। 2019 में कमांडर पूर्णेंदु तिवारी को प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित किया गया था। यह प्रवासी भारतीयों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। उस समय एक पोस्ट में दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने कहा था कि कमांडर तिवारी को यह पुरस्कार विदेश में भारत की छवि बढ़ाने के लिए दिया गया है। दूतावास ने कहा था कि यह पुरस्कार कतर अमीरी नौसेना बलों के लिए क्षमता निर्माण में उनके योगदान की मान्यता है, जिससे भारत-कतर द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा मिलता है। वह एनआरआई/पीआईओ के लिए इस सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय सशस्त्र बल के कर्मी हैं। इस बीच, उनके मुकदमे की पहली सुनवाई 29 मार्च को हुई। पारिवारिक सूत्रों ने कहा कि उन्हें कतर के अधिकारियों या कैदियों के साथ राजनयिक पहुंच रखने वाले भारतीय अधिकारियों द्वारा औपचारिक आरोपों के बारे में सूचित नहीं किया गया है, जिसके तहत मुकदमा चल रहा है। इन लोगों को पिछले साल 30 अगस्त की रात को कतर की खुफिया एजेंसी स्टेट सिक्योरिटी ब्यूरो ने पकड़ लिया था। भारतीय दूतावास को पहली बार सितंबर के मध्य में गिरफ्तारियों के बारे में पता चला। 30 सितंबर को पुरुषों को परिवार के सदस्यों के साथ 'संक्षिप्त टेलीफोनिक संपर्क' की अनुमति दी गई। उन्हें हिरासत में लिए जाने के एक महीने से ज्यादा समय बाद तीन अक्टूबर को बाद पहली बार काउंसलर पहुंच दी गई और भारतीय दूतावास के अधिकारी वहां पहुंचे। तब से उन्हें परिवार के सदस्यों को साप्ताहिक फोन कॉल की अनुमति दी गई है। इन लोगों को एकान्त कारावास में रखा गया है और उनके खिलाफ आरोपों की कोई सार्वजनिक जानकारी नहीं है। उनके परिवार नई दिल्ली से उनकी शीघ्र रिहाई का आग्रह कर रहे हैं।

इजराइल ने...

इजराइल युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गेंट्ज ने कहा, अभियान जल्द ही और अधिक ताकत के साथ तेज होगा। इस बीच, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनका देश अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है और गाजा में जमीनी आक्रमण करने की तैयारियां की जा रही हैं और हमास के सभी सदस्यों की मौत करीब है। उन्होंने बुधवार शाम को राष्ट्र को दिए संबोधन में कहा कि युद्ध के दो मुख्य लक्ष्य हमास की सैन्य और शासन क्षमताओं को नष्ट कर उसका खखात्मा करना और हमारे बंधकों को घर वापस लाने के लिए हरसंभव कदम उठाना है। राष्ट्रीय एकता का आह्वान करते हुए नेतन्याहू ने कहा, इजराइल अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। जमीन के ऊपर और नीचे, गाजा के अंदर और बाहर- हमास के सभी सदस्यों की मौत करीब है।

ईडी ने...

को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन से संबंधित एक मामले में पूछताछ के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को तलब भी किया है। सूत्रों ने बताया कि वैभव गहलोत को शुक्रवार को नई दिल्ली में संघीय एजेंसी के कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। बहरहाल, ऐसी संभावना है कि वह ईडी से किसी और दिन पेश होने का अनुरोध कर सकते हैं क्योंकि उन्हें 2011 से अब तक के दस्तावेज जुटाने पड़ेंगे ताकि उन्हें ईडी जांचकर्ताओं के समक्ष दिखा सकें। फेमा की कार्यवाही दीवानी प्रकृति की होती है जबकि पीएमएलए की कार्यवाही आपराधिक प्रकृति की होती हैं। इस समन का संबंध राजस्थान स्थित आतिथ्य क्षेत्र से जुड़े समूह ट्राइटन होटल्स एंड रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड , वर्धा एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड और इसके निदेशकों एवं प्रमोटर शिव शंकर शर्मा, रतन कांत शर्मा और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा हाल में मारे गए छापों से है। एजेंसी ने अगस्त में तीन दिनों तक जयपुर, उदयपुर, मुंबई और दिल्ली में समूह और उसके प्रमोटर से जुड़े परिसरों पर छापे मारे थे। इस छापेमारी के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने 1.2 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की थी जो आय के ज्ञात स्रोत से अधिक थी।

घुसपैठ की...

के पास सरदारी नार इलाके में अभियान शुरू किया। प्रवक्ता ने बताया कि संयुक्त दल के सदस्य नियंत्रण रेखा के पास कई स्थानों पर घात लगाकर बैठ गए। उन्होंने बताया, संयुक्त दल ने आज घने जंग में आंतकवादियों की गतिविधियों को देखा जो हमारी तरफ घुसपैठ करने के लिए मुश्किल इलाके का फायदा उठा रहे थे। आतंकवादियों को रोका गया जिसपर उन्होंने संयुक्त दल पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। जवाबी गोलीबारी में पांच अज्ञात आतंकवादी मारे गए। उनका संबंध प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से है। उन्होंने कहा कि मृतक आतंकवादियों की पहचान की जा रही है। प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस ने इस बाबत मामला दर्ज कर लिया गया है और इलाके की तलाशी ली जा रही है। इससे पहले कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) विजय कुमार ने कहा कि कुपवाड़ा जिले के माछिल सेक्टर में अबतक पांच आतंकवादियों को मार गिराया गया है।

धार्मिक स्थलों...

यह जन्म और मरण के बंधन से छूटना है, वहीं गृहस्थ के लिए उसके सत्कर्मों का सुफल मिलना है। इस महापुराण में ज्ञान, भक्ति और वैराग्य तीनों मिलता है। आदित्यनाथ ने कहा कि महंत योगी अर्जुननाथ ने बागपत में बड़े सभागार और सरोवर का निर्माण कराया है। अब इनके संरक्षण के लिए स्थानीय लोगों को आगे आना होगा। धार्मिक स्थलों के संरक्षण से नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा यहां (बागपत में) विभिन्न धार्मिक आयोजनों से जुड़ने का आप सभी को अवसर मिलेगा। इससे समाज में सकारात्मकता बढ़ेगी, खुशहाली आएगी और अव्यवस्था समाप्त होगी।

भारत-पश्चिम...

में बात की कि हम अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार आर्थिक, राजनीतिक और अन्य तरीकों से हर तरह से चीन के साथ प्रतिस्पर्धा कैसे करेंगे, लेकिन मैं संघर्ष की बात नहीं कर रहा हूं। अल्बानीज अगले महीने चीन जाने वाले हैं। बाइडन से पूछा गया कि ऑस्ट्रेलिया के साथ चीन की पुन: भागीदारी से आप क्या समझते हैं? और क्या ऑस्ट्रेलिया बीजिंग पर भरोसा कर सकता है और क्या ऑस्ट्रेलिया चीन के साथ व्यापार कर सकता है? इस पर उन्होंने कहा, एक मुहावरा है, विश्वास करें लेकिन सत्यापित भी करें। देखिए, चीन इस समय अपनी आंतरिक और बाहरी कठिनाइयों से जूझ रहा है। चीन की आर्थिक वृद्धि पहले की तुलना में स्थिर है। चीन उसी तरह की गतिविधियों में शामिल है जैसा कि रूस और कई अन्य कर रहे है यानी वे दूसरे देशों को डराने-धमकाने और उनसे निपटने में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते उन्होंने अमेरिका की जरूरतों को पूरा करने के लिए पनडुब्बी उत्पादन और रखरखाव को बढ़ावा देने और ऑकस का समर्थन करने के वास्ते पूरक निधि में 3.4 अरब अमेरिकी डॉलर जारी करने का अनुरोध किया था। ऑकस संधि ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक त्रिपक्षीय गठबंधन है। ऑकस को रणनीतिक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आक्रामक चीन के जवाब के रूप में देखा जाता है, जिसमें विवादित दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्सों पर उसका दावा शामिल है। बाइडन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया अमेरिका में महत्वपूर्ण निवेश कर रहा है और इस सौदे के तहत पनडुब्बियों का उत्पादन करने की उसकी क्षमता है। उन्होंने कहा, जब हमने समझौता किया तो चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने मुझसे कहा कि हम सिर्फ चीन को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने कहा, नहीं, हम चीन को नहीं घेर रहे हैं। हम सिर्फ यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि समुद्री रास्ते खुले रहें। वह अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र और जल क्षेत्र आदि के संदर्भ में सड़क के नियमों को एकतरफा रूप से बदलने में सक्षम नहीं है। यह सिर्फ इसी बारे में है। बाइडन ने कहा कि क्वाड भी बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह ताइवान जलडमरूमध्य, हिंद महासागर, उस पूरे क्षेत्र में स्थिरता, स्थिरता बनाए रखने के बारे में है। क्वाड के तहत जापान, भारत, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक व्यवहार का मुकाबला करने के लिए एक गठबंधन बनाया। इजराइल पर उन्होंने कहा, इजराइल के पास अपने लोगों के नरसंहार का जवाब देने का अधिकार है, लेकिन इसके साथ मैं जिम्मेदारी भी जोड़ूंगा। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इजराइल के पास इन आतंकवादियों के खिलाफ अपनी रक्षा करने के लिए आवश्यक सब कुछ हो। यह एक गारंटी है। सात अक्टूबर को आतंकवादी समूह द्वारा किए गए अप्रत्याशित हमलों में 1,400 से अधिक लोगों के मारे जाने के बाद इजराइल ने हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई शुरू की है। बाइडन ने कहा, हमें यह भी याद रखना होगा कि हमास गाजा पट्टी या कहीं और फलस्तीनी लोगों के विशाल बहुमत का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। हमास फलस्तीनी नागरिकों की आड़ में छिपा है। यह घृणित है और कायरतापूर्ण भी है जिसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। बाइडन ने गाजा में निर्दोष लोगों को भोजन, पानी और चिकित्सा आपूर्ति मिलती रहे यह सुनिश्चित करने में अमेरिका के साथ काम करने के लिए मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी का धन्यवाद भी किया। उन्होंने कहा कि आवश्यक सामग्री की आपूर्ति के प्रवाह को बढ़ाने की जरूरत है और ऐसा करने के लिए अमेरिका अपने साझेदारों के साथ बहुत कड़ी मेहनत कर रहा है।

दुबे, देहाद्रई...

देने का आरोप स्वीकार कर लिया है। सूत्रों के अनुसार, बसपा के दानिश अली और जद (यू) के गिरिधारी यादव सहित विपक्षी दलों के कुछ सदस्यों ने इस मामले में समिति से उदार रुख अपनाने का आह्वान किया क्योंकि वह पहली बार सांसद बनी हैं, जिस पर दुबे ने कहा कि एक नजीर बनाई जानी चाहिए कि यह अन्य सांसदों के लिए एक सबक हो। दुबे ने अपनी बात के पक्ष 2005 में 11 सांसदों के निष्कासन का हवाला दिया, जो एक स्टिंग ऑपरेशन में संसद में प्रश्न पूछने के लिए रिश्वत लेते पकड़े गए थे। सूत्रों का कहना है कि बैठक में उस समय तीखी बहस हुई जब कांग्रेस सांसद एन उत्तम कुमार रेड्डी ने दुबे की कथित फर्जी डिग्री का मुद्दा उठाया। इस मामले को अक्सर मोइत्रा द्वारा उठाया जाता है। दुबे ने इसका खंडन किया और कहा कि इस मामले का चुनाव आयोग और उच्चतम न्यायालय जैसे संवैधानिक निकायों द्वारा विचार किया गया है। भाजपा सांसद ने कहा कि फर्जी डिग्री मामले में एक प्राथमिकी को उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया था और उच्चतम न्यायालय ने इस आदेश को बरकरार रखा था, जबकि चुनाव आयोग भी उनके तर्क से सहमत था। उन्होंने दावा किया कि ऐसा लगता है कि कुछ लोग सोचते हैं कि वे शीर्ष अदालत से ऊपर हैं, जबकि वे भ्रष्टाचार में शामिल हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। समिति प्रोटोकॉल के तहत विदेश मंत्रालय से भी जवाब मांग सकती है क्योंकि मोइत्रा को रिश्वत देने के आरोपी हीरानंदानी ने आरोपों को स्वीकार करते हुए एक हलफनामा दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में दिया था। सूत्रों का कहना है कि समिति की बैठक शुरू होने पर एक विपक्षी सदस्य ने भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी की बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के मामले का उल्लेख करते हुए पूछा कि आचार समिति के समक्ष शिकायत करने वालों को पहले बुलाया गया, जबकि विशेषाधिकार समिति ने आरोपी (बिधूड़ी) को पहले बुलाया है, ऐसे में समिति के समक्ष लोगों को बुलाने की प्रक्रिया क्या है? सूत्रों ने बताया, विपक्षी सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि पहले देहाद्रई और दुबे को नहीं बुलाना चाहिए। इसके बाद मतदान हुआ। बैठक में मौजूद 11 लोगों (अध्यक्ष समेत) में से पांच ने दुबे एवं देहाद्रई को बुलाने और पांच ने पहले आरोपी (महुआ) को बुलाने के पक्ष में राय जाहिर की। फिर सोनकर के मत से यह फैसला हुआ कि पहले शिकायतकर्ताओं को समिति के समक्ष बुलाया जाए। सूत्रों के अनुसार, विपक्ष के एक सांसद ने देहाद्रई से यह सवाल किया कि क्या वह निशिकांत दुबे को पहले से जानते हैं? वकील ने इसका जवाब ना में दिया। इसके बाद सांसद ने उनकी बात का प्रतिवाद करते हुए कहा कि वह (देहाद्रई) एक सांसद के पुत्र के जन्मदिन की पार्टी में निशिकांत दुबे के साथ मौजूद थे। सूत्रों ने यह भी बताया कि कुछ सांसदों ने समिति की अगली बैठक दीपावली के बाद बुलाने का आग्रह किया, हालांकि अध्यक्ष ने फैसला किया कि अगली बैठक 31 अक्टूबर को होगी। सूत्रों के अनुसार, बैठक में कुछ सदस्यों ने देहाद्रई द्वारा मोइत्रा के खिलाफ कुत्ता चुराने के आरोप लगाते हुए पुलिस के समक्ष की गई शिकायत का भी जिक्र किया, लेकिन देहाद्रई ने कहा कि इसका उनके द्वारा लगाए गए रिश्वत के आरोपों से कोई लेना-देना नहीं है। सूत्रों ने बताया कि अन्य सदस्यों, जिनमें ज्यादातर भाजपा के सदस्य थे, ने कुत्ते के संदर्भ का हवाला दिए जाने पर आपत्ति जताई। भाजपा सांसद दुबे ने लोकसभा अ

एससीओ देश एक-दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करें : जयशंकर

अंतरराष्ट्रीय कानून का सख्ती से पालन करें

भाषा। बिश्केक (किर्गिस्तान)

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन पर कटाक्ष करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) को अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का सख्ती से पालन करते हुए, एक-दूसरे की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करके और आर्थिक सहयोग को प्रोत्साहित करते हुए क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। जयशंकर ने यह टिप्पणी उस वक्त की, जब वह किर्गिस्तान के बिश्केक में एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद के 22वें सत्र को संबोधित कर रहे थे। विदेश मंत्री ने अपने संबोधन में कहा, एससीओ को अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का सख्ती से पालन करते हुए एक-दूसरे की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करके, आर्थिक सहयोग को प्रोत्साहित करके क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में मध्य एशियाई राष्ट्रों के हितों को केंद्र में रखा जाना महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बीजिंग, पाकिस्तान में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) में अरबों डॉलर का निवेश कर रहा है। भारत ने पाकिस्तान में इस परियोजना का विरोध किया है, क्योंकि यह गलियारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एससीओ क्षेत्र के लोगों के साथ गहरे सभ्यतागत संबंध साझा करता है। अभी एससीओ देशों में भारत, ईरान, कजाकिस्तान, चीन, किर्गिज़ गणराज्य, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। जयशंकर ने कहा, क्षेत्र में वस्तुओं के आयात-निर्यात, विचारों के निरंतर प्रवाह और लोगों की सतत आवाजाही ने हमारे रीति-रिवाजों, परंपराओं, भाषा और व्यंजनों पर अमिट छाप छोड़ी है। इन ऐतिहासिक रिश्तों को अब अधिक आर्थिक सहयोग के लिए एक खाका तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा, क्षेत्र के भीतर व्यापार में सुधार के लिए हमें मजबूत कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे की जरूरत है। ऐसी पहलों में सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान (अवश्य) किया जाना चाहिए। विदेश मंत्री ने चीन पर एक बार फिर निशाना साधते हुए कहा, ग्लोबल साउथ को अपारदर्शी पहलों से उत्पन्न होने वाले अव्यवहार्य ऋण के बोझ तले नहीं दबाया जाना चाहिए। ग्लोबल साउथ को अक्सर उन अल्प विकसित या अविकसित अथवा विकासशील देशों के रूप में संदर्भित किया जाता है, जो मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं। चीन पर श्रीलंका और पाकिस्तान जैसे देशों में अव्यवहार्य बुनियादी परियोजनाएं शुरू करके उन देशों को ऋण के बोझ तले दबाने का आरोप लगता रहा है। भारत-मध्य पूर्व (अर्थात पश्चिम एशिया)-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) समृद्धि प्रवर्तक बन सकते हैं।

कनाडा ने कुछ वीजा सेवाएं बहाल करने के भारत के फैसले का स्वागत किया

टोरंटो। खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर पैदा हुए राजनयिक विवाद के बीच कनाडा ने बृहस्पतिवार से देश में कुछ वीजा सेवाएं बहाल करने के भारत के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि यह कई कनाडाई नागरिकों के लिए चिंताजनक समय के बाद एक अच्छा संकेत है। कनाडा में भारत के उच्चायोग ने बुधवार को कहा था कि वह बृहस्पतिवार से कनाडा और अन्य देशों से आवेदन कर रहे कनाडाई नागरिकों के लिए कुछ श्रेणी की वीजा सेवाएं फिर शुरू करेगा। यह कदम सिख अलगाववादी निज्जर की हत्या को लेकर पैदा हुए राजनयिक विवाद के बीच कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं निलंबित किए जाने के एक महीने से अधिक समय बाद उठाया जा रहा है। ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट की गई एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, इस संबंध में कनाडा के कुछ हालिया कदमों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के बाद निर्णय लिया गया है कि 26 अक्टूबर से प्रवेश वीजा, बिजनेस वीजा, मेडिकल वीजा, और कॉन्फ्रेंस वीजा श्रेणियों के लिए वीजा सेवाओं को फिर शुरू किया जाएगा। ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 18 जून को निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट की संभावित संलिप्तता के संबंध में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद पिछले महीने भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ गया था। इसके बाद कनाडा और अन्य देशों में कनाडाई नागरिकों के लिए सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और निहित स्वार्थों से प्रेरित बताकर खारिज कर दिया था। कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने बुधवार को भारत के कदम को कई कनाडाई नागरिकों के लिए चिंताजनक समय के बाद एक अच्छा संकेत बताया।

फ्लस्तीन के विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय अदालतों के साथ सहयोग का वादा किया

हेग। फ्लस्तीन के विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह फ्लस्तीनी क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) की जांच का पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाए जाने के लिए पूर्ण संघर्ष विराम का भी आह्वान किया है। हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय लोगों से संबंधित युद्ध अपराधों, नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच करता है और उन पर मुकदमा चलाता है। अल-मलिकी ने आईसीसी की जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने को लेकर नीदरलैंड की दो दिवसीय यात्रा के दौरान मुख्य अभियोजक करीम खान से मुलाकात की। पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या वह दक्षिणी इजराइल में सात अक्टूबर को हमास के अप्रत्याशित हमलों के संबंध में जांच को लेकर अदालत का सहयोग करेंगे, अल-मलिकी ने कहा कि फ्लस्तीनी प्राधिकरण जांच में हस्तक्षेप नहीं करेगा। उन्होंने कहा, हम यह नहीं कह सकते कि यहां जांच की जाए, वहां जांच नहीं होनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने 2021 में फ्लस्तीनी क्षेत्रों में कथित अपराधों की जांच शुरू की, जिसमें गाजा पट्टी में फ्लस्तीनी आतंकवादियों के खिलाफ सैन्य अभियान और पूर्वी यरुशलम तथा कब्जे वाले वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया गया। खान ने पिछले हफ्ते पुष्टि की थी कि उनका निर्णय उन फ्लस्तीनियों पर भी लागू होगा जिन्होंने इजराइल के लोगों के खिलाफ अपराध किए थे। जांच गाजा में पिछले बड़े संघर्ष को लेकर केंद्रित थी, लेकिन वर्तमान इजराइल-हमास संघर्ष में युद्ध अपराधों के आरोपों पर भी गौर किया जा सकता है। इजराइल का तर्क है कि आईसीसी के पास संघर्ष के मामले में कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है क्योंकि फ्लस्तीन स्वतंत्र संप्रभु राष्ट्र नहीं है। इजराइल उस संधि का पक्षकार नहीं है जो अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का समर्थन करती है। इजराइल इसके 123 सदस्य देशों में से शामिल नहीं है।

PUBLIC NOTICE

To be known to all that **I, D.C. Madan (Deep Chand Madan) S/o Sh. Govind Ram Madan R/o Flat No.150, Ground Floor, Dhruva CGHS Ltd.,(also known as Dhruva Apartments), Plot No.4,I.P.Extension,Patparganj,Delhi-110092 owner of Flat No.150, Ground Floor, Dhruva CGHS Ltd.,(also known as Dhruva Apartments),erected on Plot No.4,I.P. Extension,Patparganj,Delhi-110092** has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA.The original documents i.e.Share Certificate,Possession Letter and Allotment Letter of the above flat have been lost. An FIR to this effect has been lodged in P. S. Crime Branch, Delhi, vide SO No.430/2014, LR No.10 43574/2023 dated 19.10.2023. Any person(s) claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above address/phone no. 9810825106 within 15 days from the date of publication of this notice.The person claiming any right,interest,objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (GH) or Director (GH), D Block, 2nd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

पाक में हुए आतंकवादी हमले में तीन सैनिक घायल : पुलिस

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक सुरक्षा जांच चौकी पर हुए आतंकवादी हमले में सेना के कम से कम तीन सैनिक घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।यह घटना बुधवार को प्रांत के खैबर जिले में हुई जब हमलावर ने विस्फोटकों से भरी कार से सरोजाई स्थित जांच चौकी को टक्कर मार दी। पुलिस ने कहा, हमले में तीन सैनिक घायल हुए हैं जिन्हें पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके बाद सुरक्षाबलों ने घटनास्थल पर पहुंचकर तलाशी अभियान के लिए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी।

अमेरिका में दो भारतीय नागरिकों पर फेंटानिल वितरित करने का आरोप

वाशिंगटन। संघीय अभियोजकों ने कहा है कि दो भारतीय नागरिकों पर फेंटानिल वितरित करने और मादक पदार्थों की तस्करी की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में न्यू जर्सी के एक व्यक्ति ने दक्षिणी इलिनोइस में अमेरिकी जिला अदालत के समक्ष अपना दोष स्वीकार कर लिया है। भारतीय नागरिकों की पहचान आशीष के जैन (37) और एम. ईश्वर राव के रूप में हुई है। वहीं, मोइसेस ए सनाब्रिया (32) ने भारत की दवा वितरण कंपनी और अमेरिका में ग्राहकों के बीच बिचौलिए के रूप में काम करने का अपराध स्वीकार किया है।

भारतीय मूल के वैज्ञानिक को मिला फैराडे पदक

वाशिंगटन। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के एमेरिटस (सेवानिवृत्त) प्रोफेसर और भारतीय मूल के प्रसिद्ध अमेरिकी वैज्ञानिक आरोग्यस्वामी पॉलराज को उनकी खोज एमआईएमओ वायरलैस के लिए फैराडे पदक से सम्मानित किया गया है। मआईएमओ वायरलैस 4जी और 5जी मोबाइल के साथ-साथ वाई-फाई वायरलेस नेटवर्क में मदद करने वाली प्रौद्योगिकी है।पॉलराज को पिछले सप्ताहांत लंदन में एक समारोह में यह पदक दिया गया जिसके साथ ही वह इस उपलब्धि को प्राप्त करने वाले 100वें व्यक्ति बन गए। एक मीडिया विज्ञप्ति में बुधवार को बताया गया कि वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली प्रौद्योगिकियों को विकसित करने में में अहम योगदान निभाने वाले अभियंताओं और वैज्ञानिकों को दिया जाने वाला फैराडे पदक दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक है।

जॉनसन अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के नए अध्यक्ष चुने गए

वाशिंगटन। लुइसियाना से रिपब्लिकन पार्टी के सांसद माइक जॉनसन को प्रतिनिधि सभा का स्पीकर चुना गया है, जिससे अमेरिकी राजनीति में तीन सप्ताह से चल रही अनिश्चितता का अंत हो गया है। अमेरिकी इतिहास में पहली बार केविन मैक्कार्थी को स्पीकर पद से हटाए जाने के तीन सप्ताह बाद बुधवार को जॉनसन को बेहद कड़े मुकाबले में कांग्रेस में 209 के मुकाबले 220 मतों से चुना गया।

भ्रष्टाचार के दो मामलों में दोषसिद्धि के खिलाफ नवाज शरीफ की अपील बहाल

भाषा। इस्लामाबाद

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रमुख नवाज शरीफ को बड़ी राहत प्रदान करते हुए अल-अजीजिया और एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामलों में उनकी दोषसिद्धि के खिलाफ दायर अपील बहाल कर दी। शरीफ जनवरी में संभावित आम चुनावों में हिस्सा लेने के लिए अपना नाम मुकदमे से हटवाना चाहते हैं। लगभग चार साल के आत्म-निर्वासन के बाद 21 अक्टूबर को लंदन से पाकिस्तान लौटने के बाद शरीफ अपने छोटे भाई और पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ के साथ दूसरी बार उच्च न्यायालय में पेश हुए। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की खंडपीठ ने देर शाम फैसला सुनाया, जिसे आज दिन में सुरक्षित रख लिया गया था। पीठ ने अल-अजीजिया स्टील मिल्स और एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामलों में सुरक्षात्मक जमानत और सजा के खिलाफ अपील अपील बहाल करने संबंधी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। उनकी पार्टी ने अपीलों की बहाली का जश्न मनाते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, न्याय कायम होने पर पूरे पाकिस्तान को बधाई। बड़ी संख्या में शरीफ के समर्थक अदालत भवन के बाहर एकत्र हुए और उनके पक्ष में नारे लगाए। उन्हें 24 अक्टूबर तक सुरक्षात्मक जमानत दी गई थी, जब वह आत्मसमर्पण करने के लिए अदालत में उपस्थित हुए और एवेनफील्ड और अल-अजीजिया स्टील संयंत्र मामलों में अपनी अपील बहाल करने के लिए याचिका भी दायर की। अदालत ने शुरुआती सुनवाई के बाद राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) को नोटिस जारी किया था और सुनवाई आज तक के लिए स्थगित कर दी थी। एनएबी अभियोजक ने सुनवाई के दौरान अदालत को सूचित किया कि भ्रष्टाचार-निरोधक निगरानी संस्था को 73-वर्षीय शरीफ की गिरफ्तारी में कोई दिलचस्पी नहीं है। यद्यपि शरीफ के वकील ने अपील को बहाल करने पर जोर दिया। एनएबी ने शरीफ के वकीलों की याचिका का विरोध करने से भी इनकार कर दिया। अदालत ने बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की कार्यवाहक सरकार ने अल-अजीजिया भ्रष्टाचार मामले में शरीफ की सात साल की सजा को मंगलवार को निलंबित कर दिया था। शरीफ को अल-अजीजिया स्टील मिल्स भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराया गया था और दिसंबर, 2018 में सात साल जेल की सजा सुनाई गई थी। उन्हें जुलाई, 2018 में एवेनफील्ड संपत्ति मामले में एक जवाबदेही अदालत द्वारा भी दोषी ठहराया गया था और 10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और जेल में डाल दिया गया, लेकिन जमानत मिलने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया, जबकि दोषसिद्धि के फैसले के खिलाफ उनकी अपील लंबित थी। उनकी बेटी मरयम नवाज को भी मामले में सात साल जेल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन सितंबर 2022 में उन्हें भी उनके पति मुहम्मद सफदर के साथ बरी कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने दिसंबर 2020 में दोनों मामलों में नवाज शरीफ को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया।

शरीफ को 2017 में अयोग्य ठहराया गया था और बाद में 2018 में भ्रष्टाचार के दो मामलों में दोषी ठहराया गया था। उन्होंने हमेशा किसी भी गलत काम के आरोपों से इनकार किया है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने आरोप लगाया है कि शरीफ को उन सभी मामलों में अदालतों से क्लीन चिट मिलने के बाद ईसीपी चुनाव की तारीख देगी।

PUBLIC NOTICE

IT is Brought to the Notice of the Public at Large that my client **Jagvir Singh Kadian S/O Sh. Baldev Singh Kadian** R/o RZ H-2/148B, Mahavir Enclave South West Delhi-110045 has Disowned His Son Namely **Amit Kadian** & Daughter in law **Pooja Kadian** from all her Movable and Immovable Properties my client shall not be Responsible for any Acts/Deeds (Civil/Criminal) done by him.

ACHIN SHARMA (Advocate)
Regd. No. D/5425/2021
Ph. : 9650865007, 9810221449

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को इसके द्वारा सूचित किया जाता है की गैर-बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, 6, संसद मार्ग, न्यू दिल्ली – 110001 द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र सभी पत्राचार के साथ गुम हो गयी है मिलने पर इसे 12/19 पहला मंजिल, डब्ल्यू.ई.ए. करोलबाग, न्यू दिल्ली, मध्य दिल्ली, डीएल-110005 में स्थित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय को वापस करने का आग्रह किया जाता है। सभी व्यक्तियों को इसके द्वारा उपरोक्त गुम हुए दस्तावेजों के आधार पर किसी भी प्रकार की लेन – देन न करने के लिए सूचित किया जाता है और किन्ही अवांछिततत्वों द्वारा उपरोक्त प्रमाण – पत्रों के गलत उपयोग के सम्बन्ध में सावधान किया जाता है, यदि ऐसा पाया गया तो कम्पनी इसके लिए देनदार / उत्तरदायी नहीं होगी और ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध आपराधिक कार्य वाही की जायेगी।

वास्ते आर.के. बंसल फाइनेंस प्रा.लि.
हस्ता/– राम सोनी
निदेशक (डिन : 07293851)
स्थान :– नई दिल्ली

सार्वजनिक सूचना

श्री शिवराज सिंह की ओर से आम जनता को सूचित किया जाता है कि गांव सादुल्लाबाद और लोनी, तहसील और जिला गाजियाबाद, (यूपी) में संत नगर के नाम से जानी जाने वाली कॉलोनी में स्थित प्लॉट नंबर 193-बी, एरिया परिमाप 170 वर्ग गज़, खसरा नंबर 355 में से, वाली संपत्ति से संबंधित मूल बिक्री विलेख दिनांक 18.04.2022, विधिवत पंजीकृत दस्तावेज़ सं. 6075, खो गया है/गुम हो गया है। जनता को दस्तावेज़ों के साथ लेन-देन नहीं करने की चेतावनी दी जा रही है। उपरोक्त दस्तावेज़ों से निपटने वाला कोई भी व्यक्ति अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर ऐसा करेगा। ऐसे व्यक्तियों द्वारा किए गए किसी भी नुकसान के लिए मालिक किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा। यदि किसी को ये दस्तावेज़ मिले या इन दस्तावेज़ों का कोई दुरुपयोग करते दिखे, तो संबंधित व्यक्ति को नीचे दिए गए पते पर सूचित करें।

ज्यूरिस नेक्स्टजेन एलएलपी
ई-56, एलजीएफ, ग्रेटर कैलाश एन्क्लेव पार्ट-1
नई दिल्ली-48 # 011-42662177,78,79

ई-नीलामी सूचना

जल प्रभावित रेडीमेड गार्मेंट्स

इच्छुक खरीदार "जल प्रभावित रेडीमेड गार्मेंट्स" का "एक मुश्त" आधार पर निपटान के लिए ई-नीलामी में भाग लेने हेतु आमंत्रित हैं। विषयगत कबाड़ "जैसा है जहां है", "जो है वहां है" तथा "कोई शिकायत नहीं" आधार पर बेचा जाएगा तथा मैसर्स सिंगला अपैरल्स प्राइवेट लिमिटेड तथा मैसर्स जैडले इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का है। उपरोक्त मैटीरियल का निरीक्षण सी-24, ट्रोनिका सिटी, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-210102 में 27.10.2023 से 06.11.2023 के बीच केवल कार्यदिवस को पूर्वा. 10 बजे से अप. 5 बजे के बीच किया जा सकता है। निरीक्षण के लिए कृपया श्री विनय पाराशर से 9015920246 पर सम्पर्क करें।

ई-नीलामी 07-11-2023 को आयोजित की जाएगी

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों से युक्त फार्म प्राप्त करने के लिए कृपया श्री रीत धपारे से 8369644069 पर सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट https://www.sealthedeal.co.in/ से डाउनलोड करें।

नीलामकार : सील दि डील, पंजीकृत कार्यालय 148, पाकेट सी-2, सेक्टर-5, रोहिणी, दिल्ली-110085

फार्म तथा ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करने की अंतिम तिथि 06-11-2023 है

ब्रिटेन में दुनिया के पहले एआई सुरक्षा संस्थान की होगी स्थापना: ऋषि सुनक

भाषा। लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनका देश कृत्रिम मेधा (एआई) के नए स्वरूपों के परीक्षण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और यहीं दुनिया के पहले एआई सुरक्षा संस्थान का मुख्यालय स्थापित किया जाएगा। भारतीय मूल के ब्रितानी नेता सुनक अगले सप्ताह पहले वैश्विक एआई सुरक्षा शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। इससे पहले, उन्होंने लंदन में कहा कि उनका मानना है कि एआई जैसी प्रौद्योगिकियां औद्योगिक क्रांति, बिजली आने या इंटरनेट की खोज जितनी ही परिवर्तनकारी साबित होंगी। उन्होंने कहा कि लेकिन सकारात्मक पहलुओं के साथ साथ कृत्रिम मेधा नए खतरे और नए डर भी पैदा करती है, जिनसे सीधे तौर पर निपटे जाने की आवश्यकता है। सुनक ने कहा, यदि इसका गलत इस्तेमाल हुआ, तो एआई रासायनिक या जैविक हथियार बनाना आसान कर सकती है। आतंकवादी संगठन और भी बड़े पैमाने पर आतंक फैलाने एवं विनाश करने के लिए एआई का इस्तेमाल कर सकते हैं। अपराधी साइबर हमलों, दुष्प्रचार, धोखाधड़ी या यहां तक कि बाल यौन शोषण के लिए भी एआई का उपयोग कर सकते हैं।

अमेरिका के मेन में गोलीबारी में 16 से ज्यादा लोगों की मौत, संदिग्ध की तलाश

भाषा। लेविस्टन (अमेरिका)

अमेरिका में मेन राज्य के लेविस्टन में एक व्यक्ति ने बुधवार को दो जगहों पर गोलीबारी की जिसमें कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। गोलीबारी की यह घटनाएं एक रेस्तरां और बॉलिंग एले में हुईं। हमले के बाद संदिग्ध अंधेरे का फायदा उठा फरार हो गया। पुलिस ने लोगों से घरों के भीतर रहने तथा सड़कों पर न निकलने की अपील की और आरोपी की तलाश में व्यापक अभियान शुरू किया है। पुलिस के एक बुलेटिन में संदिग्ध की पहचान रॉबर्ट कार्ड (40) के रूप में की गई है जो अमेरिकी सेना रिजर्व प्रशिक्षण केंद्र में आग्नेयास्त्र प्रशिक्षक था तथा उसकी तैनाती मेन राज्य के साको में थी। कार्ड ने बुधवार को शाम सात बजे बॉलिंग एले में गोलीबारी की। विधि अधिकारियों द्वारा जारी दस्तावेजों में लिखा गया है कि कार्ड इस साल गर्मियों में दो सप्ताह तक एक मानसिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती था। इसमें उसके उपचार या उसकी स्थिति के बारे में जानकारियां नहीं हैं। कार्ड ने हालांकि सैन्य अड्डे पर आवाजें सुनने और गोली मारने की धमकी की सूचना दी थी। सार्वजनिक रिकॉर्ड में कार्ड के लिए सूचीबद्ध एक टेलीफोन नंबर सेवा में नहीं था। लेविस्टन पुलिस ने पहले फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया था कि वे स्कीमेंगीस बार और एक बॉलिंग एले स्थल पर गोलीबारी की घटना से निपट रहे हैं। बच्चों की बॉलिंग लीग के हिस्से के रूप में कई माता-पिता और बच्चे खाली समय में वहां मौजूद थे। अपनी मां के साथ घटनास्थल पर मौजूद दस वर्षीय जोय लेवेस्क ने डब्ल्यूएमटीडब्ल्यू-टीवी को बताया कि उसे एक गोली लगी थी। उसने कहा, यह डरावना है, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं बड़ी होऊंगी तो मेरे पैर में गोली लग जाएगी।

यूएनडब्ल्यूटीओ ने पर्यटन को विषय के रूप में शामिल करने के लिए शैक्षणिक मॉड्यूल जारी किया

भाषा। समरकंद (उज्बेकिस्तान)

विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) ने पर्यटन क्षेत्र को आर्थिक और सामाजिक विकास का स्तंभ बताते हुए देश भर के हाई स्कूल में इसे विषय के रूप में शामिल करने के लिए एक शैक्षणिक टूलकिट जारी की है। यूएनडब्ल्यूटीओ के महासचिव जुरब पोलोलिकाशविल ने यहां यूएनडब्ल्यूटीओ की 25वीं महासभा के दौरान वैश्विक शिक्षा मंच में विद्यालयों में पर्यटन को एक विषय के रूप में शामिल करने और दुनिया भर में अधिक पर्यटन अकादमियों एवं विश्वविद्यालयों की स्थापना किए जाने की वकालत की। पोलोलिकाशविल ने कहा, हम वर्तमान और भविष्य में पर्यटन क्षेत्र से जुड़े कर्मियों को प्रशिक्षण और मदद देने, नियोक्ता की बदलती मांगों के अनुरूप उन्हें आवश्यक कौशल एवं ज्ञान देने तथा वास्तव में एक लचीला एवं प्रतिस्पर्धी क्षेत्र विकसित करने में अपने सदस्य देशों का सहयोग करने की आवश्यकता को समझते हैं। उन्होंने कहा, हाई स्कूल में पर्यटन पाठ्यक्रम की शुरुआत आर्थिक और सामाजिक विकास के स्तंभ के रूप में हमारे क्षेत्र की बढ़ती प्रासंगिकता को दर्शाती है। इसे संभव बनाने में पर्यटन मंत्रालयों का सहयोग आवश्यक होगा। यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि हम इस परिवर्तनकारी पहल की सफलता सुनिश्चित करने के लिए हाई स्कूल के पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर प्रमुख हितधारकों के साथ जुड़ें। इस टूलकिट में न केवल शिक्षा मंत्रालयों के लिए बल्कि माता-पिता, स्कूल निदेशकों और शिक्षकों के लिए भी मॉड्यूल शामिल हैं। इंडियन स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी (आईएसएच) के सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक कुणाल वासुदेव ने शनिवार को यहां हुए कार्यक्रम में टूलकिट औपचारिक रूप से जारी की।

एशिया प्रीमियर ईडीएम फेस्टिवल गोवा में

सनबर्न के साथ अपनी तीन-वर्षीय साझेदारी के तहत दुनिया के 10 म्युज़िक फेस्टिवल एवं एशिया के प्रीमियर ईडीएम फेस्टिवल एब्ज़ोल्यूट ग्लासवेयर एक बार फिर से देश के युवाओं को रोमांचक अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार हैं। को-प्रेज़ेन्टिंग पार्टनर के रूप में एब्ज़ोल्यूट ग्लासवेयर विश्वप्रसिद्ध म्युज़िक फेस्टिवल के उत्साह को कई गुना बढ़ा देंगे जिसका आयोजन इस साल 28 से 31 दिसम्बर के बीच गोवा में हो रहा है, इसके अलावा 10 से अधिक शहरों में 24 शोज़ भी होंगे, जिनमें 6 विश्वस्तरीय कलाकार और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ डीजे परफोर्म करेंगें। ब्राण्ड ने भारत में नाईटलाईफके भविष्य को बदलने और सनबर्न एरिना के साथ जुड़ने का लक्ष्य रखा है जिसकी शुरूआत इसी माह बैंगलोर में हुई। इस साझेदारी पर बात करते हुए पुलकित मोदी हैड ऑफ मार्केटिंग इंटरनेशनल ब्राण्ड्स पेरनोड रिकार्ड इंडिया ने कहा कि सनबर्न साल के सबसे बड़े और बहु.प्रतीक्षित म्युज़िक फेस्टिवल्स में से एक है। हमें खुशी है कि हम इसके साथ वापस लौट रहे हैं। युवाओं के लिए अधिक प्रगतिशील, समावेशी एवं रंगहीन दुनिया के निर्माण के दृष्टिकोण के साथ एब्ज़ोल्यूट ग्लासवेयर ने इस साल सनबर्न के साथ कुछ असाधारण अनुभव प्रस्तुत किए हैं। हमें गर्व है कि हम इस पहल के साथ जुड़कर नाईटलाईफके भविष्य एवं अभिव्यक्ति की दुनिया को नया आयाम देने जा रहे हैं।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर-23, न्यू रोहतक रोड करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध और प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में निम्न वर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर करने की माँग की गई थी।

कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्न वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।

कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर)	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	जगत जीत सिंह/ रेखा (13500008012 और 00005064387) और मकान नंबर बी ई 40 बी, हरि नगर, माया पुरी, एस ओ दक्षिण पश्चिम दिल्ली, दिल्ली-110064	मकान नंबर 16, पहली मंजिल, साईं जी होम्स, खाता नंबर 51/102, में शामिल है। खसरा नंबर 173(4-0), 174(4-0), 177(4-0), 178(3-19), 414/160 (2-10), 416/161(2-18), 587/172 (0-18), जमाबंदी वर्ष 2015-2016 के अनुसार, कृष्णा एन्क्लेव कॉलोनी, गांव सद्धेमाजरा, हड्बसत नंबर 12, तहसील डेराबस्सी, जिला एस.ए.एस. नगर, पंजाब/23 अक्टूबर, 2023	अगस्त 18, 2023 रु. 13,57,670/-	दिल्ली/ डेराबस्सी

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्

भारत के मामले में जमीनी युद्ध अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा: सेना प्रमुख

भाषा। नई दिल्ली

थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बृहस्पतिवार को कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष ने जमीनी युद्ध के महत्व की पुष्टि की है और यह क्षेत्र भारत के साथ-साथ सीमा विवाद वाले देशों के मामले में बेहद महत्वपूर्णै रहेगा। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान संवाद सत्र में चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि सीमा पर स्थिति स्थिर बनी हुई है और सेना भविष्य की किसी भी सुरक्षा चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अपनी समग्र युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल पर चर्चा करते हुए थलसेना प्रमुख ने कहा कि सेना ने रूस-यूक्रेन संघर्ष से जो महत्वपूर्ण सबक सीखा है, वह यह है कि वह सैन्य उपकरणों के आयात पर भरोसा नहीं कर सकती और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने हिंद-प्रशांत को एक प्रमुख क्षेत्र बताया और कहा कि भारत को इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

थलसेना प्रमुख पहले चाणक्य संवाद के उद्घाटन समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला (सेवानिवृत्त) से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 40,000 अग्निवीरों का पहला बैच इकाइयों में शामिल हो गया है और फील्ड इकाइयों से उनके बारे में प्रतिक्रिया उत्साहजनक रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध और हमास-इज़राइल संघर्ष दोनों में भूमि का महत्व होने के बीच समुद्री क्षेत्र पर वैश्विक ध्यान बढ़ाने के सवाल पर जनरल पांडे ने कहा कि भारतीय संदर्भ में भूमि युद्ध महत्वपूर्ण रहेगा। हालांकि उन्होंने विशेष संदर्भ नहीं दिया, लेकिन यह स्पष्ट था कि थलसेना प्रमुख चीन के साथ सीमा मुद्दे का संकेत दे रहे थे।

जनरल पांडे ने कहा, मैंने जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष से सीखे गए सबक के बारे में उल्लेख किया है और अगर मैं प्रमुख सबक में से एक पर ध्यान दे सकता हूं- तो मुझे लगता है कि जमीन युद्ध का एक प्रमुख क्षेत्र बनी रहेगी, खासकर उन मामलों में जहां आपने सीमाओं पर संघर्ष किया है जैसा कि हमारे मामले में है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जीत का सूचक भूमि क्षेत्र में होना चाहिए। मुझे लगता है कि भूमि क्षेत्र का महत्व हमारे मामले में बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है।

भारत के बढ़ते वैश्विक महत्व के बारे में जनरल पांडे ने कहा कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने कहा, बढ़े कद के साथ, हमारे पास अतिरिक्त जिम्मेदारियां होंगी और इसके साथ ही हमें कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। थलसेना प्रमुख ने कहा, इस सबमें, हमें उत्तर देने या प्रतिक्रिया देने के बजाय अग्र सक्रिय रहने की जरूरत है। हमें अपनी रणनीतियों को आकार देने में सक्षम होना चाहिए। जनरल पांडे ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत के लिए जिम्मेदारियां, अवसर और चुनौतियां होंगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि राष्ट्र प्रगति पर है, चाहे वह आर्थिक विकास हो, तकनीकी प्रगति हो या विश्व क्षेत्र में राष्ट्र का प्रभाव हो। थलसेना प्रमुख ने सेना के लिए पिछले एक साल की अवधि को चुनौतीपूर्ण लेकिन संतोषजनक बताया। उन्होंने कहा, जहां तक सीमा पर अभियानगत स्थिति का सवाल है, तो मैं कहूंगा कि यह स्थिर है और हमने आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों से उस तरीके से निपटा है जिसकी हमसे अपेक्षा की जाती है। जनरल पांडे ने यह भी कहा कि सेना में जारी सुधार प्रक्रिया को योजना के अनुसार लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा, लगभग एक साल पहले, हमने अपने परिवर्तन का रोडमैप पेश किया था। इसमें हमने परिवर्तन के स्तंभों के रूप में पांच अलग-अलग नींवों को परिभाषित किया था। थलसेना प्रमुख ने कहा, ए बल का पुनर्गठन और सही आकार, आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी का समावेश, युद्ध और कार्यात्मक दक्षता, संयुक्तता और मानव संसाधन प्रबंधन में सुधार के लिए हमारी प्रणाली और प्रक्रियाओं को परिष्कृत और बेहतर बनाना था। जनरल पांडे ने कहा कि सुधार प्रक्रिया की प्रगति अच्छी रही है।

भारत की वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने पर ध्यान दें : राजनाथ ने शीर्ष वायुसेना कमांडरों से कहा

नई दिल्ली (भाषा)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय वायु सेना की अभियानगत तैयारियां बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए बृहस्पतिवार को सेना के शीर्ष कमांडरों से कहा कि वे तेजी से बदलती वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति की समीक्षा करें और भारत के संदर्भ में उसका आकलन करें। सिंह ने वायुसेना कमांडरों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बल के शीर्ष अधिकारियों से देश की वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने और ड्रोन के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि हवाई युद्ध के क्षेत्र में नए चलन सामने आ रहे हैं। समझा जाता है कि कमांडर हमास-इजराइल संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध में विभिन्न हवाई प्रणालियों के उपयोग का व्यापक विश्लेषण कर रहे हैं।

कर्नाटक के चिक्कबाल्लापुर में सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत

भाषा। चिक्कबाल्लापुर (कर्नाटक)

कर्नाटक के चिक्कबाल्लापुर में बृहस्पतिवार को सुबह एक एसयूवी ने सड़क पर खड़े एक टैंकर को टक्कर मार दी जिससे कार में सवार 13 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब सात बजे चिक्कबाल्लापुर शहर के जिला मुख्यालय के बाहरी इलाके में हुई। एसयूवी आंध्र प्रदेश में अनंतपुर से बेंगलुरु जा रही थी तभी चालक ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर खड़े एक टैंकर में टक्कर मारी दी जिससे चार महिलाओं समेत 13 यात्रियों की मौत हो गई।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दुर्घटना में मारे गए लोग अनंतपुर जिले के रहने वाले थे। मृतकों में कार चालक भी शामिल है। हादसे की वजह का अभी पता नहीं चला है। ऐसा संदेह है कि कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से दुर्घटना हुई होगी लेकिन अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक अनंतपुर के गोरंटला के रहने वाले थे और एक परिवार के नहीं थे।

पुलिस अधीक्षक (चिक्कबाल्लापुर) डी एल नागेश ने पीटीआई-भाषा से कहा, हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की नजदीकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सभी लोग गाड़ी में अनंतपुर से बेंगलुरु जा रहे थे और रास्ते में उनकी कार की सड़क पर खड़े एक टैंकर से टक्कर हो गई। पुलिस ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दुर्घटना का एक मामला दर्ज किया गया है और मृतकों की पहचान करने तथा उनके परिवार के सदस्यों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी का शरद पवार पर तंज

● कहा: कुछ लोगों ने किसानों के नाम पर सिर्फ राजनीति की

भाषा। शिरडी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार पर निशाना साधते हुए कहा कि महाराष्ट्र के कुछ लोगों ने किसानों के नाम पर केवल राजनीति की। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों को अब उनके उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का पैसा सीधे उनके बैंक खातों में मिल रहा है। प्रधानमंत्री पश्चिमी महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के शिरडी में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने पवार का नाम लिए बिना कहा, महाराष्ट्र में कुछ लोगों ने किसानों के नाम पर केवल राजनीति की। महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ नेता ने देश के कृषि मंत्री के रूप में कार्य किया। मैं व्यक्तिगत रूप से उनका सम्मान करता हूं, लेकिन उन्होंने किसानों के लिए क्या किया है? राकांपा संस्थापक ने केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार (2004-14) के दौरान कृषि मंत्री के रूप में कार्य किया। मोदी ने कहा कि जब पवार केंद्रीय कृषि मंत्री थे तो किसानों को बिचौलियों की दया पर निर्भर रहना पड़ता था। उन्होंने कहा, महीनों तक, किसानों को अपने पैसे के लिए इंतज़ार करना पड़ता था। हमारी सरकार ने एमएसपी का पैसा सीधे किसानों के बैंक खातों में दिया।

केरल सरकार ने पाठ्यपुस्तकों में इंडिया का नाम बदलकर भारत करने के प्रस्ताव का विरोध किया

कोल्लम (केरल)। केरल की वामपंथी सरकार ने स्कूली पाठ्यपुस्तकों में इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल करने संबंधी एनसीईआरटी की समिति के सुझाव का बृहस्पतिवार को कड़ा विरोध किया। माकपा के नेतृत्व वाली सरकार ने आरोप लगाया कि यह एक छिपे हुए एजेंडे के साथ संकीर्ण राजनीति का हिस्सा है, जिसे राज्य किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं कर सकता। स्कूली पाठ्यक्रम को संशोधित करने के लिए राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा नियुक्त सामाजिक विज्ञान की एक उच्च-स्तरीय समिति ने देशभर में सभी कक्षाओं की पाठ्यपुस्तकों में इंडिया के स्थान पर भारत करने की सिफारिश की है।

शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केरल देश का नाम बदलने की समिति की सिफारिश को अस्वीकार कर देगा। उन्होंने कहा कि जानबूझकर समूचे पाठ्यक्रम का भगवाकरण करने का प्रयास किया गया है, जिससे नई पीढ़ी को देश के प्रामाणिक इतिहास को जानने का अवसर नहीं मिला।

शिवनकुट्टी ने आरोप लगाया कि पाठ्यक्रम का राष्ट्रीय स्तर का यह संशोधन लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा, प्रत्एक नागरिक को संविधान में उल्लिखित इंडिया या भारत शब्द का इस्तेमाल करने का अधिकार है। उन्होंने सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि पाठ्यपुस्तक में केवल भारत शब्द का इस्तेमाल करने के लिए कहना छिपे हुए एजेंडे और संकीर्ण राजनीति का हिस्सा है और केरल इसे स्वीकार नहीं कर सकता। मंत्री ने आरोप लगाया कि एक संघीय देश में महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले राज्यों की राय भी मांगी जानी चाहिए, लेकिन देश में अब ऐसा नहीं हो रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि जब पिछले पाठ्यक्रम संशोधन के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर इतिहास को विकृत करने का इसी तरह प्रयास हुआ था तो केरल ने अकादमिक रूप से जवाब दिया था।

उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि स्कूल जाने की उम्र वाले 33 करोड़ बच्चों में से केवल 25 करोड़ ही वास्तव में शैक्षणिक संस्थानों में जाते हैं और शेष बच्चे विभिन्न कारणों से स्कूलों में नहीं जा पाते। मंत्री ने कहा कि चूंकि शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची का विषय है, इसलिए राज्य को उस क्षेत्र में अपना निर्णय लेने का अधिकार है। अगर एनसीईआरटी अपनी पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से बच्चों के सामने असंवैधानिक, अवैज्ञानिक और वास्तविक इतिहास को विकृत करने वाली सामग्री प्रस्तुत करने का इरादा रखता है, तो केरल अकादमिक बहस उठाकर इसका बचाव करेगा। उन्होंने केंद्र पर आरोप लगाया कि वह देश का नाम बदलकर भारत करने की कोशिश कर रहा है क्योंकि विपक्षी दलों के गठबंधन का नाम इंडिया रखा गया है।

भुज में होगी आरएसएस की बैठक, राम मंदिर से जुड़े कार्यक्रमों पर भी होगी चर्चा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक पांच से सात नवम्बर तक गुजरात के भुज में होगी, जिसमें अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से संबंधित कार्यक्रमों सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर की ओर से बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। आरएसएस की रचना के अनुसार गठित कुल 45 प्रांतों से प्रांत संघचालक, कार्यवाह एवं प्रांत प्रचारक तथा उनके सहसंघचालक, सहकार्यवाह तथा सह प्रांत प्रचारक भाग लेंगे। आंबेकर ने कहा, सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले तथा सभी सह सरकार्यवाह एवं अन्य अखिल भारतीय अधिकारियों सहित कार्यकारिणी के सदस्य भी बैठक में उपस्थित रहेंगे। अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को हो रहे श्रीराम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह व उससे जुड़े देश भर में प्रस्तावित कार्यक्रम आदि विषयों पर बैठक में चर्चा की जाएगी। बैठक में संघ के संगठन कार्य की समीक्षा के साथ ही गत माह सितंबर में पुणे में सम्पन्न हुई अखिल भारतीय समन्वय बैठक में आए विषय तथा अभी-अभी विजयादशमी उत्सव के निमित्त भागवत के उद्बोधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा होगी। आरएसएस की इस महत्वपूर्ण बैठक की घोषणा से एक दिन पहले ही श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रित किया था। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा था कि 22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे मंदिर में भगवान राम की मूर्ति स्थापित की जाएगी। उन्होंने लोगों से इस अवसर का जश्न मनाने के लिए देश भर के मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित करने को कहा था।

भाजपा ने जम्मू-कश्मीर विलय दिवस मनाने के लिए तिरंगा रैलियां निकालीं

जम्मू। भाजपा ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर विलय दिवस पर तिरंगा रैलियां निकालीं। सन 1947 में आज के दिन ही जम्मू-कश्मीर का भारत में विलय हुआ था। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रवींद्र रैना ने यहां तिरंगा रैली का नेतृत्व करते हुए कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोग भी भारत के गौरवशाली नागरिक हैं तथा पाकिस्तान से मुक्ति मिलने के बाद वे भी एक दिन आजादी का जश्न मनाएंगे। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने विलय दिवस मनाने के लिए दौड़ का आयोजन किया तथा पार्टी के महिला मोर्चे ने एक अन्य रैली निकाली। रैना की अगुवाई वाली रैली में हाथों में तिरंगा लिए सैंकड़ों लोगों ने भारत माता की जय , वंदे मातरम, और महाराज हरिसिंह की जय के नारे लगाए। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने हरि सिंह की मूर्ति पर पुष्प भी चढ़ाए। 1947 में 26 अक्टूबर को महाराजा हरि सिंह ने विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए थे, जिससे जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया।

बघेल ने राज्य में धर्म परिवर्तन का बाजार खोल दिया: हिमंत

भाषा। महासमुंद (छत्तीसगढ़)

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को छत्तीसगढ़ के अपने समकक्ष भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने सनातन धर्म को कमजोर करने के लिए राज्य में धर्म परिवर्तन का बाजार खोल दिया है। राज्य के महासमुंद शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए शर्मा ने लोगों से छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को चुनने का आग्रह किया ताकि डबल इंजन सरकार राज्य के विकास के लिए काम कर सके। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि वह कभी भी अयोध्या में राम मंदिर नहीं जाते।

यह रैली महासमुंद जिले के चार निर्वाचन क्षेत्रों- महासमुंद, खल्लारी, बसना और सरायपाली से भाजपा उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने से पहले आयोजित की गई थी। शर्मा ने कहा हमें एक बार सोचना होगा कि आखिर भूपेश बघेल सरकार ने राज्य को किस स्थिति में धकेल दिया है। राज्य में धर्म परिवर्तन हो रहा है। राज्य के हर हिस्से में आदिवासियों का धर्मांतरण कराने की साजिश चल रही है। सनातन पर हमला किया जा रहा है।

असम के मुख्यमंत्री ने कहा, हमें सोचना चाहिए कि कांग्रेस ने पांच साल में क्या दिया। क्या उन्होंने (बघेल) पांच साल में कोई विश्वविद्यालय खोला? असम में हर जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है। राज्य में (छत्तीसगढ़ में) कोई बुनियादी परिवर्तन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, बघेल हर बार नाटक करते हैं और उन्होंने सनातन धर्म को कमजोर करने के लिए धर्म परिवर्तन का एक बड़ा बाजार खोला है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शर्मा ने कहा कि आजादी के 75 साल हो गए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आखिरकार (अयोध्या में) राम मंदिर का निर्माण कराया। उन्होंने सवाल किया, कांग्रेस ने इसका निर्माण क्यों नहीं कराया। केंद्र में कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों ने राम मंदिर क्यों नहीं बनाया और प्रधानमंत्री मोदी का इंतजार क्यों किया। ऐसा इसलिए है क्योंकि कांग्रेस की भगवान राम के प्रति कोई भक्ति नहीं है और उसके नेताओं ने हमेशा बाबर की पूजा की है।

शर्मा ने कहा, मैंने पिछले 3-4 वर्षों में कभी किसी कांग्रेस नेता को राम मंदिर जाते नहीं देखा। राहुल गांधी चुनाव के दौरान मंदिर जाते हैं लेकिन राम मंदिर (अयोध्या में) नहीं जाते। उन्होंने किसानों की कर्जमाफी के वादे को लेकर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस ने पिछले चुनाव में भी यही वादा किया था, लेकिन इसे पूरी तरह से पूरा नहीं किया। शर्मा ने कहा, प्रदेश में किसानों को कर्ज क्यों लेना पड़ा, क्योंकि उनके बच्चों के पास नौकरी नहीं है। बघेल सरकार को रोजगार सृजन के लिए काम करना चाहिए था। राज्य की 90 सदस्ईय विधानसभा के लिए मतदान दो चरणों में सात और 17 नवंबर को होने हैं।

आरबीआई ने कर्जदारों को वसूली एजेंट के फोन करने पर लगाम लगाने का प्रस्ताव रखा

मुंबई। आरबीआई ने बकाया कर्ज की वसूली के लिए मानकों को सख्त करने का बृहस्पतिवार को प्रस्ताव रखा। इसके तहत वित्तीय संस्थान और उनके वसूली एजेंट कर्जदारों को सुबह आठ बजे से पहले और शाम सात बजे के बाद फोन नहीं कर सकते हैं। आरबीआई के जोखिम प्रबंधन और आचार संहिता पर मसौदा निर्देश में कहा गया है कि बैंकों और एनबीएफसी जैसी विनियमित संस्थाओं (आरई) को मुख्य प्रबंधन कार्यों को आउटसोर्स नहीं करना चाहिए। इन कार्यों में नीति निर्माण और केवाईसी मानदंडों के अनुपालन का निर्धारण और ऋणों की मंजूरी भी शामिल हैं। आरबीआई ने कहा कि आरई को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आउटसोर्सिंग व्यवस्था से ग्राहकों के प्रति उनकी जिम्मेदारी कम न हो। मसौदे के मुताबिक, बैंकों एवं गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को प्रत्यक्ष बिक्री एजेंटों (डीएसए), प्रत्यक्ष विपणन एजेंटों (डीएमए) और वसूली एजेंटों के लिए आचार संहिता बनानी चाहिए।

भारत में भूजल स्तर खतरनाक बिंदु की ओर

● संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट के अनुसार भारत में सिंधु-गंगा के मैदान के कुछ क्षेत्र पहले ही भूजल की कमी के खतरनाक बिंदु को पार कर चुके हैं और पूरे उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में साल 2025 तक कम भूजल उपलब्धता का गंभीर संकट होने का अनुमान है। इंटरकनेक्टेड डिजास्टर रिस्क रिपोर्ट 2023 शीर्षक से संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय-पर्यावरण और मानव सुरक्षा संस्थान (यूएनयू-ईएचएस) द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि दुनिया पर्यावरणीय रूप से छह महत्वपूर्ण बिंदुओं के करीब पहुंच रही है : तेजी से विलुप्त होने, भूजल की कमी, पर्वतीय ग्लेशियर का पिघलना, अंतरिक्ष मलबा, असहनीय गर्मी और अनिश्चित भविष्य।

पर्यावरणीय रूप से चरम बिंदु पृथ्वी की प्रणालियों में महत्वपूर्ण सीमाएं हैं, जिसके परे अचानक और अक्सर अपरिवर्तनीय बदलाव होते हैं, जिससे पारिस्थितिक तंत्र, जलवायु के पैटर्न और समग्र पर्यावरण में गहरा और कभी-कभी विनाशकारी बदलाव होता है।

भूमिगत जलस्रोत अपर्याप्त होने की स्थिति में अक्सर कृषि के लिए लगभग 70 प्रतिशत भूजल निकासी का उपयोग किया जाता है। सूखे के कारण होने वाले कृषि नुकसान को कम करने में ए भूमिगत जल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण यह चुनौती और भी बदतर होने की आशंका है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि भूमिगत जल स्रोत खुद अपने चरम बिंदु पर पहुंच रहे हैं। दुनिया के आधे से अधिक प्रमुख भूमिगत जल स्रोत प्राकृतिक रूप से फिर से भरने के बजाय तेजी से कम हो रहे हैं। कुओं में जिस भूमिगत जलस्तर से पानी आता है अगर पानी उस भूमिगत जलस्तर से नीचे चला जाता है तो किसान पानी तक पहुंच खो सकते हैं, जिससे संपूर्ण खाद्य उत्पादन प्रणालियों के लिए खतरा पैदा हो सकता है। सऊदी अरब जैसे कुछ देश पहले ही भूजल जोखिम चरम बिंदु को पार कर चुके हैं, जबकि भारत समेत अन्य देश इससे ज्यादा दूर नहीं हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है, भारत दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है, जो अमेरिका और चीन के संयुक्त उपयोग से अधिक है। भारत का उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र देश की बढ़ती 1.4 अरब आबादी के लिए रोटी की टोकरी के रूप में कार्य करता है, जिसमें पंजाब और हरियाणा राज्य देश में चावल उत्पादन का 50 प्रतिशत और 85 प्रतिशत गेहूं भंडार का उत्पादन करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, पंजाब में 78 प्रतिशत कुओं को अतिदोहित माना जाता है और पूरे उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में 2025 तक गंभीर रूप से कम भूजल उपलब्धता का अनुभव होने का अनुमान है।

राम मंदिर के निर्माण से जुड़ने का अवसर पाकर खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं मोहम्मद रमजान

मकराना (राजस्थान)। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए संगमरमर की आपूर्ति करने वाले मकराना के एक प्रमुख व्यावसाई सेठ मोहम्मद रमजान खुद को इस बात के लिए सौभाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें मंदिर के निर्माण से जुड़ने का मौका मिला। राम मंदिर निर्माण के लिए ज्यादातर संगमरमर राजस्थान में मकराना के मुस्लिम व्यापारियों से खरीदा गया है और खदानों से संगमरमर निकालने वाली कंपनी भी मकराना के एक मुस्लिम उद्योगपति की है। इतना ही नहीं राम मंदिर के लिए डिजाइन तैयार करने से लेकर नक्काशी में जुटे अधिकांश कारीगर इसी समुदाय से हैं।

राम मंदिर के लिए संगमरमर की आपूर्ति करने वाली कंपनी सेठ भाउद्दीन मार्बल प्राइवेट लिमिटेड के मालिक सेठ मोहम्मद रमजान ने पीटीआई भाषा से बातचीत में कहा, मैं राम मंदिर तीर्थ ट्रस्ट और राम मंदिर निर्माण से जुड़ी कंपनी का आभारी हूं जिन्होंने हमें चुना। अयोध्या में राम मंदिर के लिए अधिकांश मार्बल (संगमरमर) यहीं से जा रहा है जो सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता का है। मेरी कंपनी सफेद संगमरमर की आपूर्ति कर रही है। रामलला मंदिर के गर्भगृह में संगमरमर लगाने का काम पूरा हो गया है और नवंबर तक पहली मंजिल का काम भी पूरा हो जाएगा। मोहम्मद रमजान ने कहा, हम डेढ़ साल से सफेद संगमरमर की आपूर्ति कर रहे हैं और नवंबर के अंत तक मंदिर में मार्बल की फिटिंग का काम पूरा हो जाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हमने हजारों मंदिरों के निर्माण में योगदान दिया है लेकिन अयोध्या में रामलला के मंदिर के निर्माण का हिस्सा बनना अपने आप में अनूठा है। हम शुक्रगुजार हैं कि हमें यह सौभाग्य मिला। राजस्थान के छोटे से शहर मकराना के मुस्लिम व्यापारी न केवल संगमरमर की आपूर्ति कर रहे हैं बल्कि अयोध्या में मंदिर के डिजाइन में भी मदद कर रहे हैं। मकराना में मुस्लिम कारीगर राम मंदिर के लिए संगमरमर पर नक्काशी कर रहे हैं जिसका डिजाइन अहमदाबाद के वास्तुकार सोमपुरा चंद्रकांत ने तैयार किया है। कंपनी के मुख्य शिल्पकार अब्दुल गनी अस्ताजी बताते हैं, हमारे यहां से करीब डेढ़ . दो वर्ष से सफेद संगमरमर अयोध्या जा रहा है। अहमदाबाद से सोमपुरा जी के यहां से नक्शा आता है और उसके आधार पर हम पत्थर पर नक्काशी करते हैं और फिर उसे अयोध्या भेजते हैं। अस्ताजी ने बताया कि वह वर्षो से राम मंदिर से जुड़े हैं और इसका हिस्सा बनकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। वहीं, मार्बल का खनन करने वाली कंपनी मातावर माइन्स के मालिक हाजी अब्दुल कय्यूम ने बताया, राम मंदिर के निर्माण से जुड़ा काम जब से हमारे यहां आया है, पूरे मकराना के अंदर खुशहाली आई है।

केरल के देवस्वओम मंत्री ने मंदिर परिसरों में आरएसएस की गतिविधियों पर रोक के परिपत्र को उचित ठहराया

तिरुवनंतपुरम। केरल के देवस्वओम मंत्री के राधाकृष्णन ने त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) द्वारा अपने नियंत्रण वाले मंदिरों के परिसरों में आरएसएस की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने वाले हालिया परिपत्र को उचित ठहराते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह किसी को भी धार्मिक स्थलों से दूर रखने के लिए नहीं, बल्कि शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए है। देवस्वओम आयुक्त द्वारा पिछले सप्ताह जारी किए गए परिपत्र का उद्देश्य किसी को भी मंदिरों में प्रवेश करने से रोकना नहीं है और इस पर विवाद पैदा करना पूरी तरह से अनुचित है। मंत्री की यह प्रतिक्रिया टीडीबी के परिपत्र को लेकर दक्षिणपंथी सोशल मीडिया समूहों द्वारा की जा रही आलोचना और तीखी बहस के बाद आई, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वामपंथी सरकार का यह कदम राज्य में संघ परिवार को धार्मिक स्थलों से दूर रखने के लिए है।

बिहार में सरकारी स्कूलों से 20 लाख छात्रों के नाम कटे

● सरकार की सहयोगी पार्टी भी विरोध में उतरी

पटना। बिहार के शिक्षा विभाग द्वारा अनुपस्थित रहने के कारण 20 लाख से अधिक छात्रों के नाम सरकारी स्कूलों से काटे जाने के कारण नीतीश कुमार सरकार को विरोधियों के साथ-साथ अपने सहयोगियों के भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। बिहार में जिन बच्चों के सरकारी स्कूलों से नाम काटे गए हैं उनमें 2.66 लाख छात्र ऐसे हैं जिन्हें 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में शामिल होना था। एक अधिकारी ने कहा कि शिक्षा विभाग ने एक सितंबर, 2023 से उपस्थिति में सुधार के लिए अभियान शुरू करने के बाद अब तक (19 अक्टूबर, 2023 तक) सरकारी स्कूलों से 20,60,340 छात्रों के नाम काट दिए हैं। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक द्वारा जारी निर्देश के बाद यह अभियान शुरू किया गया है।

पाठक ने दो सितंबर, 2023 को सभी जिलाधिकारियों को लिखे एक पत्र में लगातार 15 दिनों तक अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को निष्कासित करने और निजी स्कूलों या कोटा जैसे दूर-दराज के स्थानों में पढ़ने वाले लड़के और लड़कियों की ट्रैकिंग करने जैसे कठोर कदम उठाने का आदेश दिया था जबकि बाकी उपस्थित रहने वाले बच्चे पाठ्यपुस्तकों और पोशाक के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) योजना का लाभ उठा सकते हैं।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा-माले) लिबरेशन के विधायक संदीप सौरव ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह विभाग द्वारा लिया गया एक तानाशाही निर्णय है। विभाग को छात्रों के करियर के साथ खेलने का कोई अधिकार नहीं है। विभाग को पता होना चाहिए कि सरकारी स्कूल अभी भी शिक्षक और कक्षाओं की भारी कमी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, विभाग छात्रों की 100 प्रतिशत उपस्थिति की उम्मीद कैसे कर सकता है, जब उच्च कक्षाओं में भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित जैसे विषयों को पढ़ाने के लिए कोई शिक्षक नहीं हैं? यह विभाग की जिम्मेदारी है कि वह पहले सरकारी स्कूलों में सभी बुनियादी ढांचागत और शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करे और फिर छात्रों के लिए अनिवार्य उपस्थिति नियम लागू करे।

ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व जेएनयूएसयू महासचिव सौरव ने कहा, हम शिक्षा विभाग के इस आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग करते हैं। भाकपा माले बिहार में महागठबंधन सरकार की सहयोगी है। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने पीटीआई-भाषा से कहा, अगर बिहार में सरकारी स्कूल शिक्षकों की भारी कमी का सामना कर रहे हैं, तो छात्रों के पास कोई विकल्प नहीं होगा... वे (छात्र) निश्चित रूप से अपना पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए निजी कोचिंग संस्थानों में शामिल होंगे। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार सरकार राज्य में सरकारी स्कूलों की बिगड़ती स्थिति को सुधारने में बुरी तरह विफल रही है। मुझे कहना होगा कि बिहार में शिक्षा प्रणाली में गंभीर कमियों को छिपाने के लिए राज्य सरकार द्वारा छात्रों को प्रताड़ित किया जा रहा है। हम उन छात्रों के नामांकन की तत्काल बहाली की मांग करते हैं जिनके नाम काट दिए गए हैं।

बिहार के शिक्षा मंत्री

श्रीलंका ने बड़ी जीत से इंग्लैंड को डराया

- विश्वकप की राह में कांटे बिछाए
- अंग्रेजों को 8 विकेट से पराजित किया

भाषा। बेंगलुरु

इंग्लैंड को सस्ते में समेटने के बाद बेहतरीन फॉर्म में चल रहे पाथुम निसांका और सदीरा समरविक्रमा की अटूट शतकीय साझेदारी की मदद से श्रीलंका ने गुरुवार को यहां 146 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से बड़ी जीत दर्ज करके गत चैंपियन को अगर मगर की कठिन डगर पर धकेल दिया। श्रीलंका की यह विश्व कप में इंग्लैंड पर लगातार पांचवीं जीत है। उसने 2003 से अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कोई मैच नहीं गंवाया है। वर्तमान विश्व कप में इंग्लैंड की पांच मैच में यह चौथी पराजय है जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना क्षीण पड़ गई है। श्रीलंका ने पांच मैच में दूसरी जीत दर्ज करके पांचवें स्थान पर पहुंचकर अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा है। इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 33.2 ओवर में 156 रन पर आउट हो गई। श्रीलंका ने 25.4 ओवर में दो विकेट पर 160 रन बनाकर मैच को एक तरफ बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। निसांका ने 83 गेंद पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 77 रन बनाए। समरविक्रमा ने 54 गेंद पर नाबाद 65 रन की पारी खेली जिसमें सात चौके और एक छक्का शामिल है। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 137 रन की अटूट साझेदारी की। इंग्लैंड को अपने आक्रामक रवैए पर लौटने की जरूरत थी, लेकिन बल्लेबाजों के गैरजिम्मेदाराना प्रदर्शन से उसकी टीम 33.2 ओवर में आउट हो गई। असमान उछाल ले रही पिच पर उसके बल्लेबाज जूझते हुए नजर आए। बेन स्टोक्स (73 गेंद पर 43 रन) को छोड़कर उसका कोई भी अन्य बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। श्रीलंका की तरफ से लाहिरू कुमारा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 35 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि एंजेलो मैथ्यूज और कासुन रजिता ने दो-दो विकेट लिए। छोटे लक्ष्य के सामने श्रीलंका की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। तेज गेंदबाज डेविड विली (30 रन देकर दो) ने पहले छह ओवर के अंदर सलामी बल्लेबाज कुसल परेरा (04) और कप्तान कुसल मेंडिस (11) को आउट करके श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 23 रन कर दिया था। मेंडिस को जीवनदान भी मिला था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए। निसांका शुरू से आक्रामक मूड में दिखे। क्रिस वोक्स की लगातार गेंद पर लगाए गए उनके दो चौके दर्शनीय थे। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने नौवें ओवर में ही गेंद लेग स्पिनर आदिल राशिद को सौंप दी। निसांका ने उनका स्वागत चौके और छक्के से करके इंग्लैंड की यह रणनीति भी नहीं चलने दी। निसांका ने मार्क वुड पर चौका जड़कर 54 गेंद में अपना लगातार चौथा अर्धशतक पूरा किया। इस बीच समरविक्रमा ने भी राशिद की गेंद छह रन के लिए भेजी। उन्होंने 44 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया जो टूर्नामेंट में उनका लगातार दूसरा पचासा है। उन्होंने मोईन अली पर भी लगातार दो चौके लगाए जबकि निसांका ने राशिद पर विजई छक्का लगाया। इससे पहले डाविड मलान (25 गेंद पर 28 रन) और जॉनी बेयरस्टो (31 गेंद पर 30 रन) ने पहले विकेट के लिए 45 रन जोड़कर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे इंग्लैंड को आक्रामक शुरूआत दिलाई। यह साझेदारी टूटने के बाद इंग्लैंड की पारी लड़खड़ा गई और उसकी आधी टीम 85 रन के स्कोर तक पवेलियन पहुंच गई। मलान आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। वह मैथ्यूज की गेंद पर असमंजस की स्थिति में दिखे और विकेटकीपर कुसल मेंडिस को कैच दे बैठे। जो रूट (03) तेजी से रन लेने के प्रयास में रन आउट हुए जबकि कप्तान जोस बटलर (08) कुमारा की ऑफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद पर ड्राइव लगाने के प्रयास में विकेट के पीछे कैच देकर पवेलियन लौटे। बेयरस्टो भी रजिता की गेंद पर सही टाइमिंग से शॉट नहीं लगा पाए। उन्होंने मिड ऑन पर धनंजय डिसिल्वा को आसान कैच दिया।

स्कोरबोर्ड

इंग्लैंड: बेयरस्टो का डिसिल्वा बो रजिता 30, मलान का मेंडिस बो मैथ्यूज 28,रूट रन आउट 03, स्टोक्स का स्थानापन्न बो कुमारा 43, बटलर का मेंडिस बो कुमारा 08, लिविंगस्टोन पगबाधा बो कुमारा 01,अली का परेरा बो मैथ्यूज 15,वोक्स का समरविक्रम बो रजिता 00, विली नाबाद 14, राशिद रन आउट 02,वुड स्टं मेंडिस बो तीक्षणा 05,, **अतिरिक्त:** 07, **कुल:** 33.2 ओवर में सभी विकेट खोकर: 156 रन, **विकेट पतन:** 1-45, 2-57, 3-68, 4-77, 5-85, 6-122, 7-123, 8-137, 9-147, **गेंदबाजी:** मदुशंका 5-0-37-0, रजिता 7-0-36-2, तीक्षणा 8.2-1-21-1, मैथ्यूज 5-1-14-2, कुमारा 7-0-35-3, डिसिल्वा 1-0-10-0

श्रीलंका : निसांका नाबाद 77,परेरा का स्टोक्स बो विली 04,मेंडिस का बटलर बो विली 11, समरविक्रमा नाबाद 65,अतिरिक्त 03,कुल (25.4 ओवर में दो विकेट पर) 160,**विकेट पतन** :1-9, 2-23,**गेंदबाजी:** वोक्स 6-0-30-0 विली 5-0-30-2, राशिद 4.4-0-39-0, वुड 4-0-23-0,लिविंगस्टोन 3-0-17- 0, अली 3-0-21-0

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पाकिस्तान के लिए करो या मरो का मुकाबला, बाबर की कप्तानी खतरे में



चेन्नई। हार की हैट्रिक के बाद पाकिस्तान को विश्व कप में बने रहने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को करो या मरो का मुकाबला खेलना है क्योंकि इसमें हारने पर नॉकआउट के रास्ते तो बंद होंगे ही , बाबर आजम की कप्तानी पर भी गाज गिर सकती है। पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के कारण आलोचना झेल रहे बाबर को पता है कि इस मैच में हारने का हश्र क्या हो सकता है। अब से पाकिस्तान को हर मैच जीतना है और यह दुआ भी करनी है कि आस्ट्रेलिया बाकी चार में से कम से कम दो मैच हारे। क्रिकेट जगत में कहा जाता है कि पाकिस्तान टीम कब क्या कर गुजरे, कोई नहीं जानता। एक दिन वह विश्व विजेता नजर आती है तो अगले ही दिन कमजोर सी टीम से हार भी सकती है। विश्व कप जैसे टूर्नामेंट में पाकिस्तान का फॉर्म में होना जरूरी है और बाबर को पता है कि जबर्दस्त प्रदर्शन कर रही दक्षिण अफ्रीका को हराने के लिए चमत्कार से कम पर गुजारा नहीं होगा। दक्षिण अफ्रीका को भले ही धर्मशाला में नीदरलैंड ने हरा दिया था लेकिन दोनों टीमों के बीच जमीन आसमान का अंतर है। क्विंटोन डिकॉक और हेनरिच क्लासेन ने बल्लेबाजी में बेहतरीन प्रदर्शन किया है जिनका एडेन मार्कराम ने बखूबी साथ निभाया है। वहीं पाकिस्तान के नामी गिरामी बल्लेबाज नाकाम साबित हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने अब तक 155 चौके और 59 छक्के मारे हैं जबकि पाकिस्तान पांच मैचों में 24 छक्के और 136 चौके ही लगा सका है। दक्षिण अफ्रीका के डिकॉक, क्लासेन, मार्कराम, डेविड मिलर और मार्को जानसेन का स्ट्राइक रेट 100 से ऊपर रहा है जबकि पाकिस्तानी टीम में सिर्फ सउद शकील और इफ्तिखार अहमद का स्ट्राइक रेट सौ के करीब रहा है। गेंदबाजी में शाहीन शाह अफरीदी फ्लॉप रहे हैं जबकि हारिस रऊफ भी प्रभावित नहीं कर सके हैं। पाकिस्तान को नसीम शाह की कमी बुरी तरह खली है। हसन अली वनडे के लिए मुफीद गेंदबाज नहीं है लिहाजा जमान खान या मुहम्मद वसीम जूनियर को उतारा जा सकता है। पाकिस्तान की सबसे कमजोर कड़ी एक अच्छे स्पिनर का अभाव है। लेग स्पिनर उसामा मीर दोनों मैचों में नाकाम रहे।

मैच में 400 रन बनाने के लिए पिच बल्लेबाजों के अनुकूल होना जरूरी: स्मिथ

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ ने नीदरलैंड के खिलाफ आईसीसी विश्व कप में टीम की सबसे बड़ी जीत के बाद कहा कि किसी मुकाबले में 400 के आसपास रन बनाने के लिए पिच का बल्लेबाजी के अनुकूल होना जरूरी है। ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में नीदरलैंड के खिलाफ वनडे विश्व कप के मैच में आठ विकेट पर 399 रन बनाए। टीम ने इसके बाद नीदरलैंड की पारी को 90 रन पर समेट कर 309 रन से जीत दर्ज की जो विश्व कप में रनों के जीत का नया रिकॉर्ड है। स्मिथ ने मैच के बाद कहा, अगर मैं भी शतक पूरा करता तो यह अच्छा होता। मुझे लगा कि मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। हमने अच्छी साझेदारी की। डैवी (वार्नर) ने अच्छा मंच तैयार किया जहां से बाकी के खिलाफ आखिरी के ओवरों में तबड़तोड बल्लेबाजी कर सके। स्मिथ को यहां की परिस्थियों से सामंजस्य के लिए अपनी बल्लेबाजी में भी बदलाव करना पड़ा। उन्होंने कहा, मैंने आज लेग स्टंप के सामने से बल्लेबाजी और अपना हाथ सामान्य से थोड़ा उपर रखा था किसी कारण से कुछ समय से मैं हाथ नीचे कर खेल रहा था लेकिन तकनीक में थोड़ा सा बदलाव करना मेरे लिए अच्छा रहा। यह विकेट (पिच) बल्लेबाजी के लिए शानदार है। हमने इस विकेट पर 350 से अधिक रन बनाने का अकलन किया था।

ऑस्ट्रेलिया से शर्मनाक हार के बाद नीदरलैंड को जोरदार वापसी की उम्मीद

नई दिल्ली। नीदरलैंड को आईसीसी विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 309 रन की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा लेकिन उनके कोच रयान कुक को उम्मीद है कि टीम आगामी मैचों में वापसी कर सेमीफाइनल में जगह बनाने के अपने सपने के करीब पहुंचने के लिए जोर लगाएगी। ग्लेन मैक्सवेल (44 गेंद में 106 रन) और डेविड वार्नर (93 गेंद में 104 रन) की शतकीय पारियों से ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट पर 399 रन बनाए और फिर नीदरलैंड की पारी को महज 21 ओवर में 90 रन पर समेट दिया। मैक्सवेल ने 40 गेंद में तिहरे आंकड़े में पहुंच कर विश्व कप का सबसे तेज शतकीय पारी का रिकॉर्ड बनाया तो वहीं लेग स्पिनर एडम जम्पा ने मैच में आठ रन देकर चार विकेट झटके। मैच के बाद कुक ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम अब जिस टीम के खिलाफ भी खेलेंगे उसका सामना डट कर करेंगे। हमारे चार मैच बचे हुए हैं। और हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक जीत दर्ज करने का होगा। उन्होंने कहा, टूर्नामेंट से पहले हमने कहा था कि हम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए जोर लगाएंगे। यह अब मुश्किल लग रहा है लेकिन हम जिन टीमों के खिलाफ भी खेलेंगे, उनके खिलाफ कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अगर हम कुछ जीत हासिल करने में सफल रहे उसके (सेमीफाइनल) करीब पहुंच सकते हैं। हम ऐसा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। कुक ने कहा कि किसी भी मैदान पर 400 रन के लक्ष्य को हासिल करना मुश्किल है लेकिन हमारी योजना पूरी तरह से विफल रही और हम बल्लेबाजी करते समय आधे ओवर भी नहीं खेल पाए। उन्होंने कहा, जाहिर है, किसी भी मैदान पर 400 रन का पीछा करना आसान नहीं है। हमने पहले भी कुछ बड़े स्कोर का पीछा किया है, इसलिए हमने इसके लेकर योजना बनाई थी। हम इस तरह की चीजों के लिए अभ्यास करते हैं।

वित्तीय संकट से जूझ रहे ग्रेग चैपल, मित्रों ने पैसा जुटाने का अभियान चलाया

एडीलेड। महान क्रिकेटर ग्रेग चैपल ने खुलासा किया है कि वह वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं और उनके मित्रों ने उनकी मदद के इरादे से पैसा जुटाने के लिए ऑनलाइन अभियान शुरू किया है। ऑस्ट्रेलिया का यह 75 वर्षीय पूर्व कप्तान 2005 से 2007 तक भारत का मुख्य कोच भी रहा और उनका कार्यकाल विवादास्पद रहा। चैपल ने स्वीकार किया कि वह मुश्किल में नहीं है लेकिन अपने क्रिकेटर करियर को देखते हुए शानदार जीवन भी नहीं बिता रहे हैं। चैपल ने न्यूज कॉर्प से कहा, मैं बहुत बुरी स्थिति में नहीं हूं। मैं निश्चित तौर पर इस तरह नहीं दिखाना चाहता कि हम बहुत मुश्किल में हैं क्योंकि हम नहीं है लेकिन हम लग्जरी जीवन भी नहीं जी रहे हैं। मुझे लगता है कि अधिकांश लोगों को लगता है कि हमने क्रिकेट खेला इसलिए हम सभी विलासिता का जीवन जी रहे हैं। निश्चित तौर पर हम गरीब नहीं है लेकिन हमें आज के खिलाड़ियों जैसे फायदे भी नहीं मिल रहे। खबर के अनुसार चैपल हिचक के साथ गो-फंड-मी अभियान के लिए राजी हुए जो उनके लिए तैयार किया गया था। इसके तहत पिछले हफ्ते मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में दोपहर भोज का आयोजन किया गया जिसकी मेजबानी एडी मैग्वायर ने की और उनके भाइयों इयान और ट्रेवर ने भी इसमें शिरकत की। चैपल ने कहा कि वह अपने युग के एकमात्र खिलाड़ी नहीं है जो वित्तीय समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

सोहम और रियाना को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अंडर-15 का खिताब

तिरुवनंतपुरम। आठवें वरीय सोहम मुखर्जी ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए गुरुवार को यहां रुद्रम सरदार को 3-1 से हराकर दूसरी यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियनशिप में अंडर-15 लड़कों का खिताब जीता। रियाना भूटा ने अंडर-15 लड़कियों के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त अविशा करमाकर को 3-2 से हराकर खिताब जीता। रियाना ने पहला गेम गंवा दिया था लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की।

अदिति मलेशिया में संयुक्त 10वें स्थान पर

कुआलालंपुर। भारत की अदिति अशोक गुरुवार को यहां मेबैंक चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर के अंतिम होल में डबल बोगी के बावजूद पांच अंडर 67 के स्कोर से संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर चल रही है। भारतीय गोल्फर एक समय संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रही थी लेकिन इसके बाद संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर खिसक गईं। थाईलैंड की जैस्मिन सुवानापुरा ने नौ अंडर 63 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है।

एशियाई निशानेबाजी में स्वर्ण पदक से चूकी जूनियर भारतीय टीम

नई दिल्ली। भारतीय जूनियर पुरुष 10 मीटर एयर राइफल टीम एक निशानेबाज धनुष श्रीकांत को पोशाक की मोटाई के कारण प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित किए जाने के कारण कोरिया के चांगवोन में चल रही एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक और जूनियर रिकॉर्ड बनाने से चूक गई। उमामहेश मद्दिनेनी, धनुष और अभिनव साव की भारतीय टीम ने 628.5, 627.9 और 625.6 का स्कोर कर कुल 1882 अंक हासिल किए जिससे उसका स्वर्ण पदक जीतना और एशियाई जूनियर रिकॉर्ड बनाना तय था, लेकिन एक निशानेबाज को अयोग्य घोषित किए जाने के कारण भारत को पदक से वंचित होना पड़ा। धनुष प्रतियोगिता में जो पैंट पहन रहा था उसकी मोटाई 2.9 थी। जबकि अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के नियमों के अनुसार यह 3.0 से कम नहीं होनी चाहिए।

इकाना में टीम इंडिया ने जमकर बहाया पसीना

लखनऊ। 29 अकटूबर को इंग्लैंड से होने वाले महत्वपूर्ण मैच के लिए भारतीय टीम ने आज लखनऊ के इकाना स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया। बल्लेबाज विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल, व गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, अश्विन, कुलदीप यादव, रविन्द्र जडेजा समेत लगभग सभी खिलाड़ियों ने अपेन-अपने विभाग में पसीना बहाया। सबसे पहले पूरी टीम वार्म अप किया उसके बाद बल्लेबाजी, गेंदबाजी व क्षेत्ररक्षण में जमकर मेहनत की। इससे पहले राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा ने पिच का मुआयना किया। आज इकाना की सभी पिचों को पूरी तरह से फाइनल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। टीम इंडिया बुधवार को लखनऊ पहुंच गई थी जबकि इंग्लैंड की टीम कल आएगी और अभ्यास भी कर सकती है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला में टीम के प्रभारी हो सकते हैं लक्ष्मण

नई दिल्ली। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम के प्रभारी हो सकते हैं। यह श्रृंखला विश्व कप समाप्त होने के एक सप्ताह के भीतर शुरू होगी। विश्व कप के साथ मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का अनुबंध भी खत्म हो जाएगा और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पास विकल्प होगा कि वह इस पूर्व भारतीय कप्तान से पुनः आवेदन का आग्रह करे क्योंकि बीसीसीआई को नियमों के अनुसार इस पद के लिए पुनः आवेदन मंगवाने होंगे। यह देखना रोचक होगा कि 51 वर्षीय द्रविड राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के रूप में बरकरार रहना चाहते हैं या नहीं क्योंकि इसके तहत काफी यात्रा करनी होती है और लगातार दबाव रहता है। संभावना है कि आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स जैसी टीमों को कोचिंग दे चुके द्रविड़ इस टी20 लीग में वापसी कर सकते हैं जिसमें अब 10 टीम खेलती हैं।

एशियाड में स्वर्ण चूकने का मलाल एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में मिटाने उतरेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

रांची। हाल ही में हुए एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक से चूकी भारतीय महिला हॉकी टीम शुक्रवार से यहां शुरू हो रही एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिए इस मलाल को मिटाना चाहेगी और पहले मैच में उसके सामने थाईलैंड जैसी आसान चुनौती है। हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत ने कांस्य पदक जीता। खिताब की प्रबल दावेदार के रूप में एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य लेकर गई भारतीय टीम के लिए कांस्य निराशाजनक नतीजा रहा। अब एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिए सविता पूनिया की कप्तानी वाली टीम के पास एशियाई खेल चैम्पियन चीन और रजत पदक विजेता कोरिया से हार का बदला चुकता करने का सुनहरा मौका है।

भारतीय महिला फुटबॉल टीम को जापान ने 7-0 से हराया

भाषा। ताशकंद

भारतीय महिला टीम को गुरुवार को यहां लोकोमोतिव स्टेडियम में एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफाइंग फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दौर के पहले मैच में जापान के खिलाफ 0-7 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। मुख्य कोच थॉमस डेनर्बी के मार्गदर्शन में खेल रही भारतीय टीम ने पहले हाफ में जापान को कड़ी टक्कर दी और मध्यांतर तक भारत के खिलाफ सिर्फ एक गोल हुआ था। पहले हाफ में जापान के हमलों में नाकाम करने में सेंटर बैक आशालता देवी, स्वीटी देवी और रितु रानी के अलावा सेंट्रल मिडफील्डर संगीता बासफोरे, सिल्की देवी और इंदुमति कथिरेसन की भूमिका अहम रही। भारत ने भी पहले हाफ में कुछ मौके बनाए लेकिन गोल करने में सफलता नहीं मिली। योशिनो नाकाशिमा ने 17वें मिनट में गोल दागकर जापान को बढ़त दिलाई। दुनिया की आठवें नंबर टीम जापान हालांकि दूसरे हाफ में बदली हुई रणनीति के साथ खेली और दूसरे हाफ के शुरुआती 11 मिनट में ही चार गोल दाग दिए। योशिनो ने मैच का अपना दूसरा गोल करके टीम की बढ़त को दोगुना किया जबकि स्थानापन्न खिलाड़ी होनोका हयाशी ने जापान की ओर से तीसरा गोल दागा।

राष्ट्रीय खेलों का रंगारंग आगाज

तलवारबाज भवानी देवी ने स्वर्ण पदक जीता

पणजी। तमिलनाडु की तरफ से खेल रही ओलंपियन तलवारबाज सीए भवानी देवी ने गुरुवार को यहां महिला साबरे व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में केरल की एस सोमिया को 15-5 से हराकर राष्ट्रीय खेलों में अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया। भवानी देवी ने गुजरात में 2022 में खेले गए राष्ट्रीय खेलों में इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। हिमाचल प्रदेश की शिक्षा बलौरिया ने रजत और पंजाब की जगमीत कौर ने कांस्य पदक जीता। बाबू गांवकर ने मॉडर्न पेंटाथलॉन में पुरुषों की लेजर रन स्पर्धा जीतकर गोवा को खेलों का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। हरियाणा के अजय और रवि ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

मोदी ने 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया, कहा भारत ओलंपिक मेजबानी के लिए तैयार

मडगांव (गोवा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यहां 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करते हुए कहा कि सरकार ने पिछले नौ वर्षों में खेलों पर खर्च तीन गुना बढ़ाया और दोहराया कि भारत 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार है। मडगांव के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि गोवा में इन खेलों का आयोजन तब किया जा रहा है जब भारतीय खेल नहीं ऊंचाइयां छू रहे हैं। मोदी ने कहा, हमने खिलाड़ियों को वित्तीय लाभ दिलाने के लिए योजनाओं में बदलाव किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है तथा देश ने खेलों में कई चैंपियन तैयार किए हैं। मोदी ने पिछले 30 से 35 दिनों में अपनी सरकार के कई प्रमुख कार्यों का उल्लेख किया, जिसमें महिला आरक्षण विधेयक का पारित होना, गगनयान मिशन में महत्वपूर्ण परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा करना, क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट की नमो भारत रेलगाड़ियों का शुभारंभ, इजराइल में फंसे भारतीय नागरिकों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए ऑपरेशन अजय उड़ानों का संचालन शामिल है।

आर्यन चोपड़ा ने प्रज्ञानानंदा को ड्रॉ पर रोका, गुकेश ने भी ड्रॉ खेला

आइल आफ मैन (ब्रिटेन)। ग्रैंडमास्टर और विश्व कप रजत पदकविजेता आर प्रज्ञानानंदा को फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में हमवतन आर्यन चोपड़ा ने ड्रॉ पर रोका जबकि डी गुकेश ने अजरबैजान के रऊफ मामेदोव से पहले दौर में ड्रॉ खेला। भारत के सैनक साधवानी ने चौथी वरीयता प्राप्त अनीश गिरि को ड्रॉ पर रोका। वहीं अर्जुन एरिगेसी, अरविंद चिदंबरम और एस एल नारायणन ने क्रमशः जर्मनी के फ्रेडरिक स्वान, आइल आफ मैन के वू लि और कनाडा के शॉन रैडिग एल को हराया। ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती को हॉलेंड के एरविन लामी ने मात दी। दिल्ली के युवा ग्रैंडमास्टर चोपड़ा अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर पहचान बनाने की कवायद में जुटे हैं। काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने प्रज्ञानानंदा को बांधे रखा और आखिर में 33 चालों के बाद बाजी ड्रॉ रही। दूसरी ओर गुकेश ने मामेदोव को आक्रामक खेलने का मौका ही नहीं दिया।

सिंधू घुटने की चोट के कारण फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर के मुकाबले से हटीं

रेनेस (फ्रांस)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को गुरुवार को यहां थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ पहला गेम जीतने के बावजूद घुटने की चोट के कारण फ्रेंच ओपन के महिला एकल के दूसरे दौर के मुकाबले से हटना पड़ा। सिंधू ने पहला गेम 21-18 से जीता। दूसरे गेम में जब स्कोर 1-1 था तब भारतीय खिलाड़ी को बाएं घुटने में परेशानी हुई। केटथोंग के शॉट को लौटाने के दौरान सिंधू को बाएं घुटने में यह चोट लगी। सिंधू ने चोट पर मैजिक स्प्रे लगाया और टूर्नामेंट के डॉक्टर की मदद ली। सिंधू ने इसके बाद दो बार अपने कोच हाफिज हाशिम से सलाह ली और इसके लिए उन्हें पीला कार्ड भी दिखाया गया। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद केटथोंग के खिलाफ मुकाबले से हटने का फैसला किया जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

यूनिटी कालेज के कायम अब्बास नेशनल एथलेटिक्स में लेंगे हिस्सा

लखनऊ। यूनिटी कालेज के कक्षा 10 के छात्र कायम अब्बास जैदी ने सीआईएससीई जोनल व रीजनल में स्वर्ण पदक जीतकर नेशनल प्रतियोगिता में जगह बनायी। कायम अब्बास नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को अमौसी एयरपोर्ट से कर्नाटक रवाना होंगे। गुरुवार को कालेज के प्रधानाचार्य कैस्टीलिनो फ्रांसिस और सचिव नजमुल हसन रिजवी सहित खेल अध्यापक आमिर अली व समस्त कालेज स्टाफने कायम अब्बास को नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन व स्वर्ण पदक हासिल करने की शुभकामनाएं दी। यूनिटी कालेज के पीटीआई व पूर्व हाकी खिलाड़ी आमिर अली ने बताया कि कालेज के छात्र कायम अब्बास फुटबॉल के उम्दा खिलाड़ी है साथ ही एथलेटिक्स में भी हुनर रखते हैं। उन्होंने बताया कि कर्नाटक के तुमकुर में कायम अब्बास सीआईएससीई नेशनल प्रतियोगिता की 100 मीटर, 400 गुणे 100 और 4 गुणे 400 मीटर रिले में हिस्सा ले रहे हैं। आमिर अली ने बताया कि कायम अब्बास 100 मीटर दौड़ में माहिर हैं। उम्मीद है कि स्वर्ण पदक जीतने में कायम अब्बास पूरी तरह कामयाब होंगे। उन्होंने बताया कि 27 से 30 अक्टूबर तक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

भारत ने एशियाई पैरा खेलों में रचा इतिहास

रिकॉर्ड 82 पदक तक पहुंचा

भाषा। हांगझोउ

भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने गुरुवार को यहां इतिहास रचते हुए एशियाई पैरा खेलों में सर्वाधिक पदक जीतने का रिकॉर्ड बनाते हुए अपने कुल पदक की संख्या को 82 तक पहुंचाया जिसमें 18 स्वर्ण भी शामिल हैं। भारत ने इंडोनेशिया में 2018 में 72 पदक जीतने के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया है। भारत ने गुरुवार को तीन स्वर्ण पदक सहित कुल 18 पदक जीते। भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक 18 स्वर्ण, 23 रजत और 41 कांस्य सहित कुल 82 पदक जीते हैं। भारत हालांकि गुरुवार को काफी स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया जिससे पदक तालिका में दो स्थान के नुकसान से आठवें स्थान पर खिसक गया है। दक्षिण कोरिया और इंडोनेशिया भारत को पछाड़कर आगे निकल गए हैं जबकि चीन (156 स्वर्ण, 128 रजत और 108 कांस्य) शीर्ष पर चल रहा है। खेलों में अब दो दिन बाकी हैं और भारत हांगझोउ खेलों में 100 पदक जीतने के अपने लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है। भारत ने जकार्ता में पिछले पैरा एशियाई खेलों में 15 स्वर्ण, 24 रजत और 33 कांस्य पदक सहित 72 पदक जीते थे। गुरुवार को ट्रैक एवं फील्ड एथलीटों ने एक स्वर्ण पदक सहित आठ पदक जीते। भारत के कुल 82 पदक में एथलेटिक्स का योगदान 45 पदक का है जबकि 18 स्वर्ण पदक में से 14 भारत ने ट्रैक एवं फील्ड में जीते हैं। गुरुवार को पुरुष एफ46 गोला फेंक स्पर्धा में सचिन सर्जेराव ने 16.03 मीटर के खेलों के रिकॉर्ड थ्रो के साथ भारत को दिन का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। रोहित कुमार ने 14.56 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। पैरा निशानेबाज सिद्धार्थ बाबू ने आर6 मिश्रित 50 मीटर राइफल प्रोन एसएच। स्पर्धा में 247.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। शीतल देवी और राकेश कुमार की तीरंदाजी की कंपाउंड मिश्रित टीम ने चीन के लिन युएशान और ऐइ शिनलियांग को फाइनल में 51-149 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आदिल मोहम्मद नजीर अंसारी और नवीन दलाल की तीरंदाजी पुरुष युगल जोड़ी ने डब्ल्यूवन स्पर्धा में कजाखस्तान की जोड़ीह को 125-120 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। सिमरन और भाग्यश्री माधवराव जाधव ने महिला टी12 100 मीटर और महिला एफ34 गोला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीते। सिमरन ने 26.12 सेकेंड का समय लिया ।

सुल्तान जोहोर कप हॉकी: पहले मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगी भारत की जूनियर टीम

जोहोर (मलेशिया)। पुरुष जूनियर एशिया कप जीतने के बाद भारतीय जूनियर हॉकी टीम शुक्रवार को यहां सुल्तान ऑफ जोहोर कप के पहले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। भारत को पूल बी में मलेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है जबकि पूल ए में जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ग्रेट ब्रिटेन को जगह मिली है। जोहोर कप के गत चैंपियन भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ हुए पिछले मुकाबले में जून में जूनियर एशिया कप में 2-1 की जीत के साथ रिकॉर